दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 40 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

नकदी बरामदगी पर जस्टिस यशवंत वर्मा के प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध

- **सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के इस फैसले से एक गंभीर सवाल उठता है, क्या इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ेदान है-बार एसोसिएशन**

दिल्ली/इलाहाबाद। चीफ जस्टिस के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के सभी जजों को लिखे एक कड़े शब्दों वाले पत्र में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके आवास से कथित रूप से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वापस भेजे जाने के प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया।

जारी एक बयान में एचसीबीए ने इस बात पर जोर दिया कि हम कूड़ेदान नहीं हैं और यह स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार उसके लिए अस्वीकार्य है। यह विरोध जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर 15 करोड़ रुपये की नकदी मिलने की रिपोर्ट सामने आने के बाद

आया है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के निर्णय से वह हैरान है एसोसिएशन : एसोसिएशन के पत्र में कहा गया कि जस्टिस वर्मा को उनके मूल हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के निर्णय से वह हैरान हैं। पत्र में ये कहा गया है सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के इस फैसले से एक गंभीर सवाल उठता है कि क्या इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ेदान है? यह मामला तब महत्वपूर्ण हो जाता है, जब हम मौजूदा स्थिति की जांच करते हैं, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट में माननीय जजों की कमी है और लगातार समस्याओं के बावजूद पिछले कई सालों से नए जजों की नियुक्ति नहीं हुई है। यह भी गंभीर चिंता का विषय है कि बार के सदस्यों को पदोन्नत करके न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय बार से कभी भी परामर्श नहीं किया गया। पात्रता पर विचार करना मानक के अनुरूप नहीं लगता। कुछ कमी है, जिसके कारण भ्रष्टाचार हुआ है। परिणामस्वरूप, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को बहुत नुकसान पहुंचा है।

आज बेबाक

पंजाब के किसानों ने जब नई दिल्ली में बार्डर पर डेरा डालकर लंबा आंदोलन किया था तब नई दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने उन्हें तमाम सुविधाएं सुलभ कराई थी। अरविंद केजरीवाल किसानों के सबसे बड़े हितैषी बनने का दम भरा करते थे। उन्हीं किसानों ने जब पंजाब में आंदोलन छेड़ा तो पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान और सुपर सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनके खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल कर किसानों के बक्कल उतार दिये। हैरत की बात तो यह है कि किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाला रूदाली गैंग इस घटना पर चुप्पी साधे बैठा है।

'भारत, अमेरिका की बीच बीटीए के लिए बातचीत जारी'

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर पारस्परिक शुल्क लगाने की चेतावनी पर संयमित प्रतिक्रिया में आज कहा कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए अमेरिका के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपनी नियमित मीडिया ब्रीफिंग में ट्रंप के बयानों के बारे में पूछे जाने पर कहा, भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। दोनों सरकारें बीटीए के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, जिसका उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, बाजार पहुंच को बढ़ाना, शुल्कीय और गैर-शुल्कीय बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना होगा। जायसवाल ने कहा, इस प्रयास में, हमारे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) 3-7 मार्च तक अमेरिका के दौरे पर थे, जहां उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से मुलाकात की।

दिल्ली के एम्स ने स्वास्थ्य सेवा का स्थापित किया मानक : मुर्मु

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है तथा संस्थान से स्नातक होने वाले डॉक्टर एवं शोधकर्ता स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एम्स के 49वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स गीता के कर्मयोग की चलती हुई प्रयोगशाला है। यह एक गौरवपूर्ण मेड-इन-इंडिया सफलता की कहानी है और यह पूरे देश में अनुकरण करने योग्य मॉडल है।

अनुदान मांगें, विनियोग विधेयक 2025 लोकसभा से पारित

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा ने विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट के संबंध में बकाया अनुदानों की मांगें एवं विनियोग विधेयक (3) 2025 आज पारित हो गये। इसके साथ ही बजट सत्र का दूसरा चरण पूरा हो गया। शाम छह बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही अनुदानों की मांगों को पारित कराने की प्रक्रिया शुरू की तो रेवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन ने अनुदानों की मांगों को पारित कराने को लेकर प्रक्रियागत कमी की ओर इशारा किया और कहा कि कई विभागों की रिपोर्ट नहीं आयीं हैं, इसके बिना अनुदान मांगों को पारित नहीं किया जा सकता है। बिरला ने कहा कि रूल 221 में अध्यक्ष वित्तीय कार्य को पूरा करने के लिए सदन के समक्ष रख सकते हैं। कार्य मंत्रणा समिति में शाम छह बजे अनुदानों मांगों को पारित कराने का समय तय हुआ था।

विपक्ष पर तंज - नजर में आतंकी तो सपने में भी आएगा

राज्यसभा में आतंकवाद पर गरजे शाह

नई दिल्ली(ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि चार दशक से देश में तीन नासूर थे, पहला- आतंकवाद, दूसरा- नक्सलवाद और तीसरा- पूर्व उग्रवाद। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई।

अमित शाह ने कहा, 21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी

उन्होंने कहा कि देश में कई अपराध देश के बाहर से भी होते हैं। इसलिए इन सबको ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। मैं यह गर्व के साथ कहता हूं कि 10 साल में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं

राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा, एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनगणना में देरी और गृह मंत्रालय के फंड के कम इस्तेमाल की आलोचना की

कांग्रेस का केंद्र पर हमला

कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की है। इस दौरान कांग्रेस ने जनगणना में देरी और गृह मंत्रालय के आवंटित बजट के कम इस्तेमाल को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अजय माकन ने जनगणना की देरी का मुद्दा उठाया और कहा कि 2011 में पिछली जनगणना के बाद से भारत की जनसंख्या में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

जनगणना के लिए हमने दो साल पहले की काम शुरू किया था

अपने बयान में कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि, 2011 में जनसंख्या 121 करोड़ थी, अब इसके 146 करोड़ होने की उम्मीद है.... 2011 की जनगणना के लिए हमने 2009 में ही कार्यक्रम बनाना शुरू कर दिया था। अब हमारे लिए जनगणना महत्वपूर्ण है क्योंकि जन कल्याण के लिए हमारे सभी कार्यक्रम इसी पर आधारित हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत, जो ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 70 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र की 50 प्रतिशत आबादी को कवर करता है, यदि नई जनगणना की जाती है, तो अतिरिक्त 15 करोड़ लोगों को संभावित रूप से लाभ मिल सकता है।

करोड़ों लोगों को लाभ से किया जा रहा वंचित

अजय माकन ने आगे कहा, आप उन्हें उस लाभ से वंचित कर रहे हैं, क्योंकि आप अभी तक जनगणना नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देरी से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की तरफ से किए जाने वाले अन्य सर्वेक्षणों में भी बाधा आएगी। अजय माकन ने यह स्वीकार करते हुए कि कोविड महामारी ने जनगणना योजनाओं को बाधित किया है, बाद के वर्षों में आवंटित धन का उपयोग नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 2022 में आवंटित जनगणना निधि का 66 प्रतिशत, 2023 में 85 प्रतिशत और 2024 में 58 प्रतिशत समाप्त हो गया। उन्होंने कहा, जनगणना जल्द से जल्द कराने का कोई वादा नहीं किया गया है।

कांग्रेस नेता ने इन मुद्दों को लेकर जताई चिंता

कांग्रेस नेता ने सीमा सुरक्षा और पुलिस आधुनिकीकरण को लेकर चिंताओं को भी उजागर किया। अजय माकन के अनुसार, 2023-24 के लिए सीमा अवसंरचना विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 225 करोड़ रुपये अप्रयुक्त रह गए। उन्होंने कहा, पिछले सात वर्षों में सीमा अवसंरचना और पुलिस आधुनिकीकरण के लिए आवंटित लगभग 70,697 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए, उन्होंने कहा कि बजट आवंटन का लगभग 22.93 प्रतिशत, लगभग एक-चौथाई, खर्च नहीं किया गया।

विधानसभा के रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी शिरकत

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी**

रायपुर/नवप्रदेश । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को

छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। जारी शेड्यूल के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू सुबह 08.30 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर 08.45 बजे पालम हवाई अड्डा एरावइल पहुंचेंगी और 08.55 बजे पालम हवाई अड्डा से रायपुर रवाना होंगी। 10.35 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10.45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विधानसभा के लिए रवाना होंगी और 11.05 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचेंगी, जहां 11.05 से 11.15 तक का समय आरक्षित रहेगा। 11.15 से 1200 तक पौधारोपण, विधायकों के साथ ग्रुप फोटो और विधायकों को संबोधन के कार्यक्रम में शामिल होंगी। 12 बजे विधानसभा से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी और 12.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से भारतीय वायु सेना के विमान से दिल्ली रवाना होंगी।

कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुसार पूरी की जाए। बैठक में यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार तय किए गए, जिससे कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

आईपीएल का रंगारंग आगाज आज से

कोलकाता (ए.)। आईपीएल के 18वें सत्र की शुरुआत होने जा रही है और शनिवार को इसका रंगारंग आगाज हो जाएगा। आईपीएल 2025 का आगाज गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। यह मैच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस स्टेडियम पर खेला जाएगा। मैच से पहले हालांकि उद्घाटन समारोह आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड के कुछ सितारे अपना जलवा बिखेरेंगे।

रहाणे के सामने खिताब बरकरार रखने की चुनौती

केकेआर की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे करेंगे, जबकि आरसीबी की कमान इस बार रजत पाटीदार के हाथों में है। केकेआर ने पिछले सीजन फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर खिताब अपने नाम किया था। रहाणे के सामने खिताब को बरकरार रखने की चुनौती होगी।

आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह कब शुरू होगा- आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह 22 मार्च शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम 6.00 बजे से शुरू होगा। आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह कहां आयोजित होगा? आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह कोलकाता के ईडेन गार्डेंस पर आयोजित होगा। आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए टिकट कहां उपलब्ध होगी? आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए अलग से टिकट लेने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों के पास केकेआर और आरसीबी के बीच होने वाले आईपीएल 2025 के पहले मैच की टिकट होगी।।

छत्तीसगढ़ निजी विवि संशोधन विधेयक सदन में पारित

पांच साल में पिछली सरकार ने युवाओं के सपनों को अंधेरे में धकेला : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में चर्चा के बाद छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2025 सदन में पारित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण

अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस उद्देश्य से किया था, उसे भाजपा की सरकार ने साकार किया है। आज वर्तमान में कुल 17 निजी विश्वविद्यालय खुल गए है। बीते पांच साल में पिछली सरकार ने युवाओं के सपनों को अंधेरे में धकेलने का काम किया था।

सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ को विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनाने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता सबसे जरूरी है। शिक्षा की

पहुंच दुरस्त अंचलों तक ले जाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कोहका दुर्ग में रूंगटा स्किल निजी विश्वविद्यालय शुरू किया जाना प्रस्तावित है। राज्य में युवाओं को कौशल युक्त शिक्षा दिया जाएगा। छात्रों को बेहतर करियर विकल्प मिलेगा. राज्य के सकल प्रवेश अनुपात बढ़ाने यह विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. यह 18 निजी विश्वविद्यालय होगा। निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग ने भी1नए विश्वविद्यालय खोलने की अनुशंसा की है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधानसभा से संबंधित खबरें पेज 10 में भी पढ़ें

छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कसा तंज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस मनाए जाने पर तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिहार के बहुत सारे लोग रहते हैं। बिहार में चुनाव है, इसलिए उन्हें खुश करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य राजनीति है। पिछले साल क्यों नहीं मनाया, सरकार तो बन गई थी। बीजेपी को केवल चुनाव से मतलब होता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में धान खरीदी मे गड़बड़ी को लेकर कहा कि खरीदी में गड़बड़ी हुई है। एक तरफ 110 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ है, वहीं सरकार 149 लाख मीट्रिक टन धान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिक्षा शेरनी का दूध है, जिसे जो पियेगा वह दहाड़ेगा : चंद्राकर

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, दुरस्त अंचलों में भी विश्वविद्यालय खोले गए। जब मैं उच्च शिक्षा विभाग का प्रतिवेदन पढ़ रहा था तब मुझे आश्चर्य हुआ कि वहां भी शिक्षकों की कमी है। निजी विश्वविद्यालय में कोर्स को पढ़ाने वाले नहीं है. इसे ठीक करने का कोई मैकेनिज्म नहीं है। कौन-कौन सी कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आई। कितनी नौकरी लगी, इसका भी कोई मैकेनिज्म नहीं दिखता। जीआर में हम आज राष्ट्रीय स्तर पर भी पीछे हैं। बाबा साहब अंबेडकर जी कहते थे कि शिक्षा शेरनी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

एक और बड़ी सफलता... 8 लाख नकद और हथियारों का जखीरा जब्त, पुलिस नक्सलियों को कैश देने वाले सोर्स का भी पता लगाने में जुटी

नक्सलियों का 'गड़ा' धन पुलिस ने खोज निकाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने की राह में पुलिस ने आज एक और बड़ी सफलता हासिल की है। प्रदेश की गरियाबंद पुलिस ने नक्सलियों का छुपाया हुआ धन और हथियारों का जखीरा खोज निकाला है। एसपी निखिल रखचे के नेतृत्व में अब जंगलों में छुपे माओवादी और उनके धन, हथियार समेत सभी सोर्स का एक के बाद एक खात्मा हो रहा है। पुलिस ने आज मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी से नक्सलियों का जमीन में छुपाया गया 8 लाख कैश और हथियारों समेत नक्सल साहित्य बरामद किया है। अब पुलिस नक्सलियों को कैश देने वाले सोर्स का भी पता लगाने में जुट गई है। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी के पहाड़ी इलाके में धमतरी गरियाबंद नुआपड़ा डिविजन कमेटी के द्वारा उगाही का रकम छिपा कर रखा गया था। इसकी जानकारी मिलने पर एसपी के निर्देश पर जिला पुलिस, कोबरा बटालिया ,सीआरपीएफ की संयुक्त टीम बीडीएस की टीम के साथ सर्चिंग ऑपरेशन पर निकली। 20 मार्च की सुबह वे बताए गए

जगह पर पहुंची और पेड़ के नीचे खुदाई कराई गई, जिसमें एक सफेद बोरी मिली। टीम ने सावधानी के साथ जांच किया, तो उसके अंदर से टिफिन डिब्बे में 8 लाख रुपए नगद और 13 नग जिलेटिन और नक्सली साहित्य समेत अन्य समाग्री बरामद हुआ।

जनवरी 2025 के शुरुआत से ही गरियाबंद पुलिस को नक्सली मोर्चे में सफलता मिल रही है। जनवरी माह में 2 अलग अलग मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने सेंटर कमेटी सदस्य चलपती समेत 17 नक्सली मार गिराए। फरवरी में हथियारों को नष्ट किया गया। मार्च माह में तीन नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया. अब पुलिस गाड़े ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति मस्क के साथ साझा करेगा पेंटागन, ट्रंप ने किया खंडन

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिका का रक्षा विभाग पेंटागन चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति अरबपति कारोबारी एलन मस्क के साथ साझा करेगा। ट्रंप ने इस खबर को झूठ बताया है। दरअसल अमेरिकी न्यूज चैनल न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें दावा किया कि पेंटागन के अधिकारी चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति को राष्ट्रपति ट्रंप के सामने पेश करने से पहले सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी एलन मस्क को इसकी जानकारी देंगे।

ट्रंप ने किया खंडन

राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'चीन का इस बैठक में जिक्र भी नहीं होगा। ये कितना शर्मनाक है कि ये बदनाम मीडिया इस तरह के झूठ भी गढ़ सकता है। खैर इस कहानी में कोई सच्चाई नहीं है।' अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'हम कल पेंटागन में मस्क का स्वागत करेंगे, लेकिन एक बार फिर फर्जी खबर फैलाई गई। यह बैठक चीन में नहीं है बल्कि ये एक अनौपचारिक बैठक है, जिसमें नवाचार, दक्षता और बेहतर उत्पादन पर चर्चा होगी।'

मीडिया रिपोर्ट के दावे के बाद ट्रंप प्रशासन के आलोचकों ने इसे मुद्दा बना लिया और विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं ने कहा कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के चीन से व्यापार हित जुड़े हैं। ऐसे में मस्क के साथ संघीय सरकार की गोपनीय सूचनाएं साझा करने पर सवाल उठाए। व्हाइट हाउस और एलन मस्क ने अभी तक इस पेंटागन दौरे की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, 'रक्षा विभाग एलन मस्क का शुक्रवार को पेंटागन में स्वागत करने के लिए उत्साहित है। उन्हें रक्षा मंत्री हेगसेथ द्वारा आमंत्रित किया गया था और वे सिर्फ एक दौरे पर आ रहे हैं।

चीन युद्ध योजना की टॉप-सीक्रेट जानकारी मस्क के साथ साझा करने का दावा

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस टॉप-सीक्रेट ब्रीफिंग में 20 से 30 स्लाइड्स शामिल हैं। जिसमें अमेरिका की चीन के खिलाफ युद्ध की संभावित रणनीतियों का विवरण दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि किन चीनी ठिकानों पर हमला किया जा सकता है और किस समय अवधि में यह कार्रवाई की जाएगी। यह योजना राष्ट्रपति ट्रंप को भी प्रस्तुत की जाएगी।

मस्क की भूमिका पर उठ रहे सवाल

एलन मस्क पहले से ही ट्रंप प्रशासन में अपनी भूमिका को लेकर जांच के दायरे में हैं। 53 वर्षीय मस्क जनवरी में ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से सरकारी खर्चों में कटौती के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं।

टकराव पर उठेंगे सवाल

इस गुप्त सैन्य योजना तक पहुंच ट्रंप के सलाहकार के रूप में मस्क की भूमिका को और पावरफुल बनाता दिखाता है। मस्क अभी अमेरिकी सरकार के खर्च में कटौती के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। यह मस्क के लिए हितों के टकराव के बारे में उठ रहे सवालों को और भी बढ़ावा देगा, जो टेस्ला और स्पेसएक्स दोनों के प्रमुख के रूप में चीन और पेंटागन के साथ व्यावसायिक हित रखते हैं।

गृह विभाग जाकर देखेंगे प्रेजेंटेशन

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के खिलाफ संभावित युद्ध की योजना के लिए मस्क को ब्रीफिंग दी जाएगी। इसमें उनके सामने प्रेजेंटेशन दी जाएगी, जिसमें लगभग 20 से 30 स्लाइड हैं, जो बताती हैं कि अमेरिका किस तरह से युद्ध लड़ेगा।

आईएएस अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच करेगी विजिलेंस

लखनऊ। एसएईएल सोलर पॉवर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए गए इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में गृह विभाग को पत्र भेज दिया है। आईएएस अभिषेक प्रकाश पर एसएईएल सोलर पॉवर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए घूस मांगने का आरोप है। इस मामले में सोलर कंपनी की ओर से राजधानी के गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराने के साथ गोमतीनगर के विराम खंड निवासी बिचौलिए निकांत जैन को हुसड़िया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक आईएएस अभिषेक प्रकाश ने कंपनी संचालकों से निकांत जैन से संपर्क करने को कहा था। मूल रूप से मेरठ के शातिनगर निवासी निकांत जैन ने प्रोजेक्ट को मंजूर करने के लिए उसकी कुल लागत की पांच फीसदी रकम रिश्वत के रूप में मांगा था। जिसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दास ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से इसकी शिकायत की थी।

अमेरिका-भारत संबंधों को मोदी-ट्रंप की दोस्ती से बल मिला

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा पर ओडीएनआई ने बयान जारी किया है। इसमें कहा गया, 'भारत में, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। यह यात्रा दशकों से चले आ रहे अमेरिका-भारत संबंधों को उजागर करती है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व और दोस्ती से बल मिला है।

तेजस्वी यादव ने कहा-बिहार के लिए गुरुवार का दिन काल दिवस

राष्ट्रगान के अपमान पर सीएम नीतीश का विरोध विधानमंडल में राबड़ी-तेजस्वी ने किया प्रदर्शन

पटना। राष्ट्रगान के अपमान पर बिहार में सियासत गरमा गई है। बिहार विधान मंडल में विपक्ष के नेताओं ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं राजद नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग कर दी। विधान मंडल में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी के साथ हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के लिए गुरुवार का दिन काल दिवस है। पीएम नरेंद्र मोदी के लाडले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले मुख्यमंत्री के बारे में पीएम मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की।

तेजस्वी बोले- बिहार को बार-बार यूं अपमानित मत कीजिए

तेजस्वी यादव ने कहा कि चाचा जी आपको याद दिला दें कि आप एक बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री है।

चंद सेकंड के लिए भी आप मानसिक और शारीरिक रूप से स्थिर नहीं है और आपका इस तरह अचेत अवस्था में इस पद पर बने रहना प्रदेश के लिए अति चिंताजनक बात है। बिहार को बार-बार यूं अपमानित मत कीजिए। भारत माता की जय करने वाले भारतीय जनता पार्टी के दोनों डिप्टी सीएम गायब हैं। कल हम सब का सिर झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है,जहां राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। पीएम मोदी ने अब तक इस मामले में कुछ भी नहीं कहा।

राबड़ी बोलीं- अगर दिमाग काम नहीं कर रहा तो निशांत को बना दें सीएम

वहीं पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि राष्ट्रगान करने वाले मुख्यमंत्री को फौरन रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान का अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है। पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि अगर उनका दिमाग काम नहीं कर रहा तो वे अपने बेटे (निशांत कुमार) को मुख्यमंत्री बना दें।

राजद ने कहा- मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाना चाहिए

वहीं राष्ट्रीय जनता दल के विधायक मुकेश रोशन ने कहा कि मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय गान का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री अस्वस्थ हैं, इसलिए उन्हें पद से हटा दिया जाए। उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को घेरा और उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिया जाएगा। यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के कोटे में सेंधमारी करके कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है।'

'राहुल गांधी राजनीतिक रूप से अनफिट'

संबित पात्रा ने कहा कि 'अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है। यह फैसला तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। राहुल गांधी कहीं न कहीं राजनीतिक रूप से अनफिट हैं और इसी वजह से वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।'

'यह कॉन्ट्रैक्ट जिहाद'

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 'पंडित जवाहरलाल नेहरू के देश के प्रधानमंत्री बनने की महत्वकांक्षा के चलते इस देश के दो टुकड़े हुए। अब उसी राह पर चलते हुए राहुल गांधी ने ये चार प्रतिशत आरक्षण दिया है और ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि ये भविष्य में 100 प्रतिशत भी हो सकता है। यह जिहाद की राजनीति है। पहले वक्फ बोर्ड को जमीन देकर गांव के गांव हड़पे गए। उसी तरह आर्थिक जिहाद हुआ, जब वक्फ बोर्ड के विकास के लिए बहुत बड़ा पैकेज दिया गया है। अब कॉन्ट्रैक्ट जिहाद हो रहा है, जिसमें मुसलमानों को चार प्रतिशत ठेके दिए जाएंगे।'

नकदी मिलने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के जज पर कार्रवाई

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ एक रिपोर्ट आने के बाद उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें कीं। न्यायमूर्ति वर्मा ने अक्टूबर 2021 में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले हफ्ते होली की छुट्टियों के दौरान उनके सरकारी बंगले में बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। यह धनराशि उस समय मिली जब इमारत में आग लग गई और न्यायाधीश के परिवार के सदस्यों ने- जो उस समय शहर में नहीं थे- आपातकालीन सेवाओं को फोन किया। उन्होंने फिर पुलिस को बुलाया।

इटली के इल फोग्लियो ने रचा इतिहास

रोम। इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है। बता दें कि, इतालवी अखबार 'इल फोग्लियो' ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। इसके साथ ही अखबार ने ऐसा करने की वजह भी बताई है। जानकारी के मुताबिक, यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है। जानकारी के मुताबिक, इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं। इसमें अखबार के 20 से अधिक पत्रकार ओपनएआई के चैटजीपीटी टूल्स से लेख लिखवाते हैं। वे एक खास विषय और विशेष लेखन शैली में लेख तैयार करने के लिए निर्देश देते हैं। अगर एआई के लेख में ज्यादा गलतियां होती हैं, तो नया लेख लिखा जाता है।

पाक सैन्य अभियान में 10 आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार की रात सेना की कार्रवाई में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गये।

वैश्विक प्रौद्योगिकी का अग्रणी भागीदार बना भारत, एआई में अमेरिका को पछाड़ा

नई दिल्ली। भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी के लिए पसंदीदा भागीदार बना हुआ है। ऐसा कोई उद्योग या देश नहीं है, जो बिना तकनीकी की अग्रणी भूमिका के आगे बढ़ रहा हो। ये सभी प्रौद्योगिकी से संचालित होते रहे हैं। नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने कहा कि वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में भारत की ताकत बढ़ रही है। प्रौद्योगिकी अधिक तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को आकार दे रही है। उन्होंने कहा कि एक और बात जो भारत को व्यापक वैश्विक तकनीकी तंत्र में महत्वपूर्ण भागीदार बनाती है, वह इसका संपन्न स्टार्टअप और नवाचार तंत्र है।?34,000 से अधिक प्रौद्योगिकी और 3,600 डीप टेक स्टार्टअप के साथ देश की बुनियादी स्थिति मजबूत है। एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकी अच्छी तरह से स्थापित हैं। उन्होंने कहा, 2026 में आईटी उद्योग का मूल्यांकन 300 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। यह 58 लाख को रोजगार देता है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा, भारत का 'सभी के लिए एआई' मंत्र ठोस बुनियाद पर आधारित है।

श्रीलंका वायु सेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

कोलंबो(वार्ता)। श्रीलंका वायु सेना (एसएलएएफ) का एक प्रशिक्षण विमान शुक्रवार सुबह उत्तर पश्चिमी प्रांत में स्थित वारियापोला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। वायु सेना के प्रवक्ता एरंडा गीगनेज ने यह जानकारी दी।

कर्नाटक विधानसभा में हनीट्रैप पर हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित

बंगलूरू। कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को हनी ट्रैप के मुद्दे को लेकर हंगामा हो गया। भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और कुछ विधायकों ने अपने हाथों में सीडी थामे हुई थी, जिन्हें लेकर दावा किया गया कि उनके पास हनी ट्रैप को लेकर सबूत हैं। इसके बाद कुछ विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान विधायकों ने सभापति के आसन के पास पेपर फेंके। सदन में हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। दरअसल गुरुवार को कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने विधानसभा में दावा किया कि

केंद्रीय नेताओं समेत 48 राजनेता हनी ट्रैप में फंस गए हैं। राजन्ना ने कहा कि 'कर्नाटक को सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री कहा जा रहा है। पता चला है कि 48 लोगों की सीडी-पेन ड्राइव उपलब्ध हैं।नेटवर्क पूरे भारत में फैला है। कई केंद्रीय मंत्री भी फंसे हैं।' अन्य विधायकों ने भी मंत्री राजन्ना के बयान का समर्थन किया। इसके बाद राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया। भाजपा विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि 'यह किसी एक पार्टी का मुद्दा नहीं है। यह लोगों के लिए काम करने वाले विधायकों के खिलाफ सबसे बड़ी साजिश है। कुछ लोग अपने छिपे हुए एजेंडे के तहत ये सब कर रहे हैं।' इस मुद्दे पर सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और किसी को बचाने का सवाल ही नहीं है। सीएम ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि इस मामले में कोई बचने न पाए।

प्राकृतिक खेती को अपनाए भारवाड़ समुदाय, पीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के तहत की अपील

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के भारवाड़ समुदाय से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्राकृतिक खेती अपनाने और पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने मुख्य रूप से पशुपालन करने वाले समुदाय से देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने अहमदाबाद के धोलेरा तालुका के बावलियाली धाम में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में जुटे समुदाय के सदस्यों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमने अपनी धरती मां को बहुत पीड़ा दी है, क्योंकि हम लगातार पानी खींचते रहे और फिर उसमें जहरीले रसायन डालते रहे। अब इसे फिर से स्वस्थ बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने कहा कि गाय का गोबर धरती को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है। मैं आप सभी से प्राकृतिक खेती अपनाने और

धरती मां की सेवा करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि लोग प्राकृतिक खेती अपनाएं और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पेड़ भी लगाएं। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे अपने मवेशियों को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए केंद्र की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने वाले टीके अवश्य लगवाएं। पीएम मोदी ने बावलियाली धाम को आस्था, संस्कृति और धर्म का स्थान बताया। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे परिस्थितियों के अनुसार बदलाव लाएं और अपनी बेटियों को कंप्यूटर चलाना सिखाएं। इससे पहले दिन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बावलियाली धाम का दौरा किया और भारवाड़ समुदाय के धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया।

पशुपालकों को भी मिल रहा किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ

पीएम ने कहा कि हमें अगले 25 वर्षों में विकसित भारत का निर्माण करना है और इसके लिए मुझे आपके समुदाय का समर्थन चाहिए। और मेरा दृढ़ विश्वास है कि पहला कदम हमारे गांवों को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड पहले सिर्फ किसानों को ही दिया जाता था। अब हमने इसका लाभ पशुपालकों को भी दिया है, जिससे वे कम ब्याज दर पर ऋण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम देशी गोजातीय नस्लों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन भी चला रहे हैं। आपको इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

दिल्ली की सियासत... पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए

मनीष सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी, सौरभ भारद्वाज बने दिल्ली के अध्यक्ष

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है।

आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज को पार्टी की दिल्ली इकाई का प्रमुख और मेहराज मलिक को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

"सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था। हमें इन वोटर्स के साथ उन लोगों का भी ध्यान रखना है, जिन्होंने यह सोचकर भाजपा को वोट दिया था कि हमें 2500 रुपये मिलेंगे और गैस सिलेंडर मिलेगा। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और मेरा मानना है कि हारने के बाद संगठन का निर्माण करना सबसे आसान होता है। जो पार्टी के हर समय भी आपके साथ रहता है, वह खरा सोना होता है।"

पंजाब के प्रभारी के रूप में अपनी नियुक्ति पर आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, "आम आदमी पार्टी की तरफ से अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के प्रभारी के रूप में काम करने का आदेश दिया है। मैं पिछले कुछ दिनों के अनुभव से कह सकता हूं कि पंजाब के लोगों ने 3 साल पहले जिस तरह अरविंद केजरीवाल को मौका दिया था, उसके बाद से ही पंजाब में बहुत काम हुए है... पंजाब के इतिहास में इतने काम पहले कभी नहीं हुए थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बहुत अच्छे काम किए हैं... पंजाब में आप के प्रभारी के रूप में मेरी कोशिश यही रहेगी कि पंजाब के लोग एक बदलता हुआ पंजाब देख सकें।" आप नेता गोपाल राय ने गुजरात के प्रभारी के रूप में अपनी नियुक्ति पर कहा, "आज पार्टी ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में संगठन विस्तार का काम तेज किया जाएगा। पार्टी उन राज्यों में काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो होने वाले हैं और पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी"।

संक्षिप्त खबरें

नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 75 फार्म हुए जमा

रायपुर/नवप्रदेश। चुनाव प्रक्रिया के तहत 20 मार्च को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन कुल 75 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2, प्रदेश महामंत्री पद के लिए 1, प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए एक तथा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 36 एवं जिला मंत्री पद के लिए 35 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी- प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, के. सी. माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।दिनांक 22 मार्च 2025 को प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की सूक्ष्म जांच पश्चात प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा तदोपरांत 24 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्रों पर आपत्तियों का निराकरण प्रातः 11:00 से 2:00 तक किया जाएगा तत्पश्चात वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शाम 6:00 बजे किया जाएगा।नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 मार्च 2025, दिन-बुधवार, समय-दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रहेगा।

राज्यपाल ने विश्व योग के लिए चयनित प्रतिभागियों को दी सहायता राशि

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने गत दिवस विश्व योग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की है। ये प्रतिभागी आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली 16वीं विश्व योग प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी खिलाड़ी सु सा वर्मा और विभांशु बंजारे और उनके योग प्रशिक्षक नमेश कुमार साहू ने राजभवन में राज्यपाल डेका से मुलाकात की। डेका ने प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 25-25 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

शक्ति छग विप्र महिला समाज ने किया रंग पंचमी पर नारी सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। शक्ति छग विप्र महिला समाज द्वारा रंग पंचमी व नारी सम्मान का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ठाकुर प्यारेलाल वार्ड से नवनियुक्त वार्ड पार्षद सुमन पांडे का रंगोत्सव के उपलक्ष्य में गुलाल लगाकर शाल-फल व मोमेंटो से स्वागत कर बधाईयां दी गई तत्पश्चात नारी सम्मान के तहत कवियत्री संध्या रानी शुक्ला, अभिनय के क्षेत्र में सविता तिवारी,साहित्य के क्षेत्र में श्वेता तिवारी, कवियत्री सुमन बाजपेई,शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. श्वेता तिवारी रानी, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. गरिमा झा का सम्मान शॉल एक फल मोमेंटो देकर किया गया।जिन्होंने समाज में अपनी उपलब्धियों से एक स्थान बनाया। समाज इनसे सहयोग के रूप में इनकी उपलब्धियों से फायदा लिया जा सकता हे तत्पश्चात रंगपंचमी के अवसर पर होलीमिलन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें एक से एक नृत्य की प्रस्तुति दी गई फाग गीत गाया गया। महिलाएं बतौर मनोरंजन होली के गीतों के साथ डांस मोज मस्ती फन में डूबी रही। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में सुषमा तिवारी का मंच संचालन रहा। कुसुम शर्मा,विभातिवारी, सरिता शर्मा,सुनीता,मिश्रा,सुनीतदुबे,ममता शर्मा, रत्ना शर्मा अलका दीवान, प्रियंका,शिवाली, अर्चना,कल्पना,अर्चना,राज,भारती किरण,भारती मिश्र,विजय लक्ष्मी मिश्रा, पूर्णिमा तिवारी, प्रभा शर्मा, लता शुक्ला सहित आदि उपस्थित रहीं।

अग्निवीर भर्ती के परिणाम आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम कल 22 मार्च को घोषित किए जाएंगे। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे।अभ्यर्थी परिणाम देखने के लिए जॉइन इंडियन आर्मी के साइट https://www.joinindianarmy.nic.in/ का अवलोकन कर सकते हैं। परिणाम सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे। सभी सफल अभ्यर्थियों को 24 मार्च को सुबह 06:30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना आवश्यक है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू जाएगी।किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलिफोन नंबर 0771-2965212,0771-2965214 पर संपर्क किया जा सकता है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार अनुपपुर मध्यप्रदेश निवासी 24 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शिवा साहू ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। फिर शादी से इंकार कर दिया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

'होलिया में उड़े रे गुलाल' और 'मतवाली कुड़िया' के डांस पर झूमीं महिलाएं

- रैंप पर कैटवॉक करतीं नजर आईं हर उम्र की महिला सभासद
- ढोल पर जमकर थिरकीं महिलाएं, शिखा खाटेकर को होली क्वीन का खिताब

रायपुर/नवप्रदेश। 'रंग लेके खेलते.. गुलाल लेके खेलते...', 'होलिया में उड़े रे गुलाल', 'मतवाली कुड़िया' और 'आला होली चा सन...' जैसे होली के हिंदी और मराठी गानों की धुन पर जब महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में महिलाएं थिरकीं, तो दर्शकदीर्घा में बैठीं महिलाएं भी खुद को झूमने से रोक नहीं पाईं। महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों के जबरदस्त होली मिलन समारोह के अंतिम दौर में ढोल- ताशे की धुन पर भी स्टेज के सामने डांस करने वालों में मानो होड़ लगी रही। वहीं जब पारंपरिक और ट्रेडिशनल लुक में जब महिलाएं रैंप पर उतरीं, तो नजारा देखने के लायक था। मौका था महाराष्ट्र मंडल की चौबे कॉलोनी और सुंदर नगर महिला केंद्र द्वारा आयोजन कैटवॉक, गेम्स और ढोल के साथ होली मिलन समारोह का।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद चौबे कॉलोनी महिला केन्द्र की प्रतिभाओं ने 'होलिया में उड़े रे गुलाल...' पर ग्रुप डांस किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सुंदर नगर महिला केंद्र की टीम ने 'मतवाली कुड़िया...' पर अपने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाओं ने नाटक 'माहेरचा पहुणा... (मायके का मेहमान) का खूबसूरत मंचन किया। इसके बाद सुंदर नगर की टीम ने राधा- कृष्ण पर मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। चौबे कॉलोनी केंद्र के सीनियर वुमन ग्रुप मेंबर्स ने 'होली आई मस्ती लाई' में उम्र को झुठलाते हुए बेहद जोशीला, मस्ती भरा डांस प्रस्तुत किया। अंत में सुंदर नगर केंद्र की महिलाओं ने ब्रज की होली पर शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान कुछ पलों के लिए पूरा ब्रजधाम महाराष्ट्र मंडल में ही उतरता हुआ नजर आया। इसमें कृष्ण गोपियों के साथ होली खेलते नजर आए। इसके बाद ढोल डांस के आयोजन, विशेष रूप से दर्शकों के लिए किए गए। कार्यक्रम में शिखा खाटेकर को होली क्वीन चुना गया। संचालन चारूशीला देव ने किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे के चेहरे पर अबीर- गुलाल लगाने में कोई कमी नहीं रखी।

गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव

राज्यपाल रमेन डेका ने गौशाला में की पूजा अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आज गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें राज्यपाल रमेन डेका विशेष रूप से उपस्थित हुए। राज्यपाल ने मनोहर गौशाला में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और गौ माता की आराधना में भाग लिया। राज्यपाल रमेन डेका ने मंदिर में गौ आरती में हिस्सा लिया और गौ माता की पूजा की। उन्होंने इस अवसर पर गौ सेवा के महत्व पर भी अपने विचार रखे और गौ रक्षा और संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात, राज्यपाल ने गौशाला परिसर का भ्रमण किया और गौवंश की देखरेख और सेवा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौ सेवा न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि यह पर्यावरण और ग्रामीण जीवन के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन के सदस्य और ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अतिक्रमण पर कार्रवाई

पुराना बस स्टैंड, स्टेशन रोड और बैजनाथपारा में चला बुलडोजर

- मुख्य मार्गों से हटाए गए अवैध कब्जे

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नगर निगम रायपुर ने कमर कस ली है. इसी कड़ी में मंगलवार को अवैध कब्जों पर कहीं बुलडोजर चला, नालियों पर बनाए गए पाटे तोड़े गए और ठेलों-गुमटियों को हटाकर सड़कें साफ की गईं.नगर निगम जोन 2 और जोन 4 की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में जबरदस्त कार्रवाई कर सैकड़ों कब्जाधारियों पर शिकंजा कस दिया. इस दौरान हजारों रुपये का जुर्माना भी वसूला गयाजोन 4 की कार्रवाईः अवैध पाटे तोड़े, सड़क से कब्जा हटायानगर निगम जोन 4 की टीम ने मल्टी-लेवल पार्किंग, पुराना बस स्टैंड और एवरग्रीन चौक से बैजनाथपारा तक नालियों पर बनाए गए अवैध पाटों को तोड़ने की कार्रवाई की. 8 बड़े पाटों को हटाया गया, जिससे सफाई में आ रही बाधाओं को दूर किया गया. साथ ही अवैध ठेले और गुमटियों को हटाकर सड़क पर रखे सामानों को जब्त किया गया. इस अभियान के दौरान करीब 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया.बता दें कि नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सभी जोनों में यह अभियान चलाया जा रहा है. नगर निवेशक आभाष मिश्रा और जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अवैध कब्जों को हटाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

जोन 2 की कार्रवाईः रेलवे स्टेशन रोड और खालसा स्कूल मार्ग से अतिक्रमण हटाया

नगर निगम जोन 2 और नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम ने स्टेशन रोड, फाफाडीह चौक और खालसा स्कूल मार्ग पर अभियान चलाया. यातायात पुलिस बल के सहयोग से लगभग 22 ठेले और गुमटियों को हटाया गया. इन इलाकों में अवैध अतिक्रमण से राहगीरों और वाहनों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह कार्रवाई की गई. इस दौरान करीब 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया.

कलिंगा विवि में प्रगति और विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर- कलिंगा विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय के द्वारा 21 और 22 मार्च को विकसित भारत 2047: प्रगति और विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग और इंडियन इकोनॉमिक्स एसोशिएशन के सहयोग और नेशनल लॉ युनिवर्सिटी (त्रिपुरा), हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ युनिवर्सिटी (नया रायपुर), कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (रायपुर), सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय (कलकत्ता), शासकीय राजमोहिनी देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अम्बिकापुर), शासकीय दूधाधारी संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय (रायपुर) के अकादमिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ये प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय के साथ सहयोग कर रहा है।यह आयोजन भारत के स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष विकसित भारतञ्च2047 तक एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दूरदर्शी पहल है। इस शिखर सम्मेलन में शिक्षा, संस्कृति, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, वाणिज्य और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर विचार मंथन के लिए हुए देश-विदेश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख एक साथ आएंगे। इसमें कई तकनीकी सत्र, ब्रेकआउट सत्र और देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों द्वारा 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी, जिससे एक मजबूत ज्ञान विनिमय और नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म तैयार होगा।

उद्घाटन समारोह में सीआईडीसी के महानिदेशक डॉ. पी. आर. स्वरूप, छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा संयुक्त निदेशालय के डॉ. जी. ए. घनश्याम अयंगर, सेवानिवृत्त आईएफएस डॉ. अरविंद अनिल बोअज़ और छत्तीसगढ़ सरकार के जनसंपर्क निदेशालय के संयुक्त निदेशक डॉ. आलोक देव सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।चूंकि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के करीब पहुंच रहा है, इसलिए यह सम्मेलन देश के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह कार्यक्रम एनएमडीसी, सागर, टीएमटी परफेक्ट टूल एंड मशीनरी, सद्भावना अस्पताल और एसटीसी द्वारा सह-संचालित है।

महिला के खाते से 2 लाख से अधिक की रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। महिला के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 5 बार में 2 लाख से अधिक रकम आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजली निशिकांत शिरपुरकर 62 वर्ष उदिया सोसायटी टाटीबंध का रहने वाली थी। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह एटीएम से पैसा निकालने गई थी। जहां पैसा नहीं निकला और अकाउंट से पैसा कट गया। जिससे प्रार्थिया ने गुगल में कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर अज्ञात व्यक्ति से बात किया। जिससे आरोपी ने वाटसअप में लिंक भेजकर ओपन करने को कहा और फिर प्रार्थिया के बैंक अकाउंट से 5 बार में 2 लाख 49 हजार 975 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत आमानाका थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम तुलसी में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजेश टंडन 37 वर्ष ग्राम जेवरा बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी सीजी 06 जीक्यू 1310 में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम तुलसी में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 1496 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे राजेश टंडन की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

होटल के कमरे में युवक ने लगाई फांसी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना इलाके में स्थित हरदेव होटल के कमरा नंबर 203 में रायगढ़ निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में जानकारी देते हुए आजाद चौक थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार ने बताया कि पुलिस को सुबह सूचना मिली युवक द्वारा रूम ना खोले जाने पर डायल 112 के जवानों को बुलाया गया। जिनके द्वारा दरवाजा खोलकर देखा गया जिसमें युवक का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पंचनामा करने के बाद शव को चीरघर भिजवा दिया गया है। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि युवक ने कर्ज के चलते आत्मघाती कदम उठाया है, कमरे में मिले बैग से लोन के दस्तावेज सहित कई अन्य फाइलें बरामद की गई है।

तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर पुलिस ने ग्राम तुता में दबिश देकर सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 16090 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुता में एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शोभित कोसले 38 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 16090 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

दोहरा मापदंड — आठ वर्ष से वेतन वृद्धि नहीं, जबकि एलेपेथिक चिकित्सकों के वेतन में जबरदस्त वृद्धि हुई

आयुष चिकित्सकों ने शासन से 80-90 हजार प्रतिमाह वृद्धि की मांग की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. पतंजलि दीवान ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि आयुष चिकित्सक केंद्र एवं राज्य सरकार की इच्छानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चिकित्सा सेवा समर्पित भाव से देकर ग्रामीणों को निरोग रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। प्रदेश में 400 आयुष चिकित्सक है। अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ बनने के बाद जहां एलोपैथिक चिकित्सकों की वेतन में जबर्दस्त वृद्धि हुई है वहीं आयुष चिकित्सकों की वेतन वृद्धि गत 8 वर्षों से नहीं हुई है। पिछली सरकार ने आयुष चिकित्सकों की वेतन वृद्धि 27 प्रतिशत करने का निर्णय लिया था किंतु वेतन वृद्धि का लाभ अब तक नहीं मिला है। आयुष चिकित्सकों ने कोरोना काल में ऐसे क्षेत्रों में भी सेवाएं दी है। जहां एलोपेथिक चिकित्सक नहीं गये। आयुष चिकित्सकों की मांग है कि शहरीय क्षेत्रों में 90 हजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत आयुष चिकित्सकों को 80 हजार रुपये प्रति माह वेतन वृद्धि देकर उनके कार्यों का सम्मान किया जाए। छत्तीसगढ़ में विशेषकर बस्तर में आयुष चिकित्सकों की हालत बहुत खराब है।

अधिकतर केंद्रों में एक ही चिकित्सक है जो अस्पताल खोलता है और बंद करता है दवाईयों का वितरण दवाईयों की एंट्री ऑनलाइन कार्य एवं दीगर कार्य भी करता है। राज्य एवं केंद्र सरकार की सर्वश्रेष्ठ आयुष योजना स्वर्णप्रासन योजना का अधिकतर लोगों को लाभ मिल रहा है इसके बाद भी अधिकांश चिकित्सक लोगों को निरोग करते करते स्वयं बीपी शुगर एवं हार्ट की बीमारियों की शिकार हो गये हैं। डॉ. दीवान ने संघ की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी से आयुष चिकित्सकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए वेतन वृद्धि देने की मांग की है।

संविदा नियुक्ति पर कार्यरत आयुष चिकित्सकों के सामने अधिक आयु होने के कारण परिवार को पालने के लिए आजीविका का और कोई साधन नहीं बचा है ऐसी स्थिति में आमजनों की सेवा करने वाले आयुष चिकित्सकों की भूमिका समाज के प्रति दोहरी जिम्मेदारी के साथ बढ़ गई है जिस पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री को ध्यान देना चाहिए।

आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी

रायपुर/नवप्रदेश। बागी होकर पार्षद चुनाव लड़ने वाले निष्कासित कांग्रेस नेता आकाश तिवारी की पार्टी में वापसी हुई. प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने आज उन्हें फिर कांग्रेस में प्रवेश कराया.इस दौरान पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महामंत्री मल्किंत सिंह गैदू मौजूद रहे. बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर आकाश तिवारी ने बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा था. इसमें रायपुर नगर निगम चुनाव में आकाश तिवारी ने जीत हासिल की थी।

सुविचार

लोगों के आपकी जिंदगी में आने का भी एक मकसद होता है। कुछ आपको आजमाते हैं, कुछ सिखाते हैं और कुछ आपसे फायदा उठाते हैं। कुछ ऐसे भी होते हैं जो आपको जीने की सही राह दिखाते हैं। - अज्ञात

किसानों के साथ अन्याय

पंजाब में एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलनरत किसानों के खिलाफ पंजाब सरकार ने बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए शंभु बार्डर और खनौरी बार्डर से उनके पंडाल उखाड फेंके हैं। पुलिस ने 200 से ज्यादा किसानों को गिरफ्तार भी किया है। न्याय की मांग कर रहे इन किसानों के साथ उसी आम आदमी पार्टी की सरकार ने अन्याय किया है जो कल तक किसानों की सबसे बड़ी हितैषी बना करती थी। जब किसानों ने राजधानी नई दिल्ली के सभी बार्डर पर धरना देकर एक साल तक आंदोलन किया था तब नई दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल धरना स्थल पर पहुंचे थे और किसानों के आंदोलन का समर्थन किया था। यही नहीं बल्कि नई दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने आंदोलनरत किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। आम आदमी पार्टी के नेता किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार पर किसानों के साथ घोर अन्यया करने का आरोप लगाते थे। किसान आंदोलन के नाम पर सभी विपक्षी पार्टियों ने अपनी राजनीतिक रोटी सेंकी थी। इस आंदोलन की समाप्ति के बाद जब पंजाब विधानसभा के चुनाव हुए तो आम आदमी पार्टी ने किसानों का समर्थन जुटाने के लिए यह वादा किया था कि यदि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो किसानों के कर्ज माफ कर दिये जाएंगे और पंजाब के किसानों से एमएसपी पर उनकी फसल की खरीदी की जाएगी। आम आदमी पार्टी के इस वादे पर पंजाब के किसानों ने भरोसा किया और आम आदमी पार्टी को भर भर कर वोट दिये जिसकी वजह से पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को दो तिहाई से भी ज्यादा बहुमत मिला। किन्तु सरकार बन जाने के तीन साल बाद भी भगवंत सिंह मान की सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा नहीं किया तो पंजाब के किसान आंदोलन पर बाध्य हो गये। किसानों की मांगों पर मान सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया उल्टे किसानों को भगवंत सिंह मान ने धमकी दे दी थी कि यदि किसान अपने आंदोलन पर अडिग रहे तो वे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे। आखिरकार पंजाब सरकार ने किसानों के खिलाफ बुलडोजर की कार्यवाही कर दी और शंभु बार्डर व खनौरी बार्डर से किसानों को खदेड़ दिया गया। सैकड़ों किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस तरह किसानों का आंदालने बलपूर्वक कुचल दिया गया। आम आदमी पार्टी के नेता पुलिसिया कार्यवाही को उचित बताते हुए यह तर्क दे रहे हैं कि किसानों के आंदोलन के कारण पंजाब की अर्थव्यवस्था पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। पंजाब के व्यापारियों को प्रतिदिन लगभग पांच सौ करोड़ का नुकसान हो रहा था इसलिए बार्डर को खुलवाने के लिए किसानों के खिलाफ कार्यवाही जरूरी थी। आम आदमी पार्टी के नेता यह भूल गये हैं कि जब नई दिल्ली के बार्डरों को किसानों ने एक साल तक बंद रखा था। उससे देश की अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान उठाना पड़ा होगा। उस समय तक केन्द्र सरकार ने किसानों के खिलाफ ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की थी। किन्तु पंजाब सरकार ने किसानों आंदोलन को कुचल कर यह साबित कर दिया की किसानों के प्रति उसके मन में कोई सहानुभूति नहीं है। बहरहाल किसानों के खिलाफ की गई पुलिस कार्यवाही को लेकर पंजाब के किसानों में गहन रोस व्याप्त है और अब वे पंजाब में जगह जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता सतनाम सिंह ने पंजाब पुलिस की इस कार्यवाही की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि इससे किसान झुकेंगे नहीं और अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर इस आंदोलन को और आगे बढ़ाएंगे। कुल मिलाकर किसानों पर सख्ती बरतकर पंजाब सरकार ने आग में घी डालने का काम किया है। बेहतर होगा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान किसानों के साथ चर्चा करें और उनकी मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करें अन्यथा किसानों का यह आंदोलन और उग्र हो सकता है।

नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। जिसमें मुठभेड़ की तो अलग अलग घटनाओं में 30 नक्सली ढेर कर दिये गये। वहीं एक जवान भी शहीद हो गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का शंखनाद कर दिया गया है। इसी साल अब तक 130 नक्सलियों को मार गिराया गया है। बस्तर में डीआरजी, एससीएफ और कोबरा बटालियन के जवान लगातार संयुक्त अभियान चला रहे हैं। जिससे नक्सलियों में बौखाहट देखी जा रही है। नक्सलियों के गढ़ में घुसकर पुलिस बल उनका का खात्मा कर रही है। पुलिस बल को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कराया गया है। ताकि वे नक्सलियों के खिलाफ अपने ऑपरेशन को और तेज कर सकें। उल्लेखनीय है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सली हिंसा से मुक्त राज्य बनाना का संकल्प लिया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ सरकार के संपर्क में बने हुए हैं औन नक्सली हिंसा से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ को हर संभव केन्द्रीय मदद मुहैया करा रहे हैं। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये केन्द्रीय गृह अमित शाह ने नक्सलियों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी थी कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट आयें अन्यथा नेस्तनाबूत कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी नई समर्पण नीति लागू कर नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील की थी किन्तु नक्सली अभी भी हिंसा पर उतारू हैं। इसलिए उनके खिलाफ कार्यवाही तेज की जा रही है।

प्रेरक प्रसंग

मनुष्य को एक पंख उग आया। वह था विज्ञान का, आधुनिकता का पंख। उसने जोर लगाया और आकाश में उड़ान भरने लगा, पर अब उसे शांति नहीं थी। मन उद्विग्न था। तरह-तरह की प्रतिकूलताएँ उसे विक्षुब्ध करने लगीं। उपलब्धियाँ कम थीं, खोया कुछ अधिक जा रहा था। घबरा कर उसने प्रभु से प्रार्थना की- "हे प्रभो! यह किस संकट में मैं आ फँसा ! अच्छा होता, हमें जन्म ही नहीं देते।" आकाश को चीरती भगवान की वाणी गुंजायमान हुई -"वत्स ! आत्मज्ञान का, अध्यात्म का एक और पंख उगा। अंतश्चेतना का विकास कर। तब ही संतुलन बनेगा।" ऐसा ही हुआ। विज्ञान और अध्यात्म, दोनों साथ चलेंगे, तो ही सर्वांगीण प्रगति होगी।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:30, सूर्यास्त : 18:38, चन्द्रोदय : 24:54+, चन्द्रास्त : 10:37,अयन : उत्तरायण, ॠतु : बसन्त, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर): पिंगल, युगाब्द (कलि संवत) : 5125,मास : चैत्र (महाराष्ट्र एवम् गुजरात के अनुसार फाल्गुन), पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : मूल, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : विष्टि भद्रा (15:38 तक), द्वितीय करण : बव (28:23+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी),बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री),शनि : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:10 से 12:58, अमृत काल : 16:08 से 17:53, रवि योग : 06:30 से 25:46+, विजय मुहूर्त : 14:36 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त : 18:39 से 19:01,सायाह्न सन्ध्या : 18:38 से 19:49, निशिता मुहूर्त : 24:10+ से 24:57+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:55+ से 29:42+, राहुकाल : 09:00 से 10:34, गुलिक काल : 08:01 से 09:32, यमगण्ड : 15:36 से 17:07, दुर्मुहूर्त : 08:56 से 09:44।

योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय जल नीति की घोषणा करते समय कहा गया था कि देश में उपलब्ध जल संसाधनों के विकास, संरक्षण, समुचित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और जरूरी कदम उठाए जाएंगे। देश में जल संकट के विकराल रूप धारण करते जाने के पीछे जनसंख्या विस्फोट के साथ-साथ पानी की उपलब्धता में हो रही कमी तो जिम्मेदार है ही, इसके अलावा पानी का दुरूपयोग, कुप्रबंधन एवं दूषित होता पेयजल आदि और भी कई ऐसी वजहें हैं, जो समस्या को विकराल बना रही हैं। हमें यह भली-भांति समझना होगा कि पानी प्रकृति की अमूल्य देन है और हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते। विकराल होते जल संकट का समाधान तभी संभव है, जब आमजन में इस दिशा में जागरूकता पैदा करने के अपेक्षित प्रयास किए जाएं तथा सरकारी प्रयासों के साथ-साथ हर नागरिक भी पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करे।

विश्व जल दिवस विशेष

जल संरक्षण के लिए अब नहीं तो कभी नहीं

जल संकट दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। इसीलिए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। सही मायनों में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। विश्व जल दिवस 2025 की थीम है 'ग्लेशियर संरक्षण'। ग्लेशियर दुनियाभर में मीठे पानी को उपलब्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण ये तेजी से पिघल रहे हैं। दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा और साफ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

'इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी' का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फके रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में

उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनियाभर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं। विश्वभर में तेजी से उभरती पानी की कमी की समस्या भविष्य में खतरनाक रूप धारण कर सकती है, इसीलिए अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खाड़ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और बढ़ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध लड़े जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही लड़ा जाए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान भी पूरी दुनिया को चेता चुके हैं कि उन्हें इस बात का डर है कि आगामी वर्षों में पानी की कमी गंभीर संघर्ष का कारण बन सकती है। इसीलिए यह समय की सबसे बड़ी मांग है कि दुनियाभर में लोग बेशकीमती पानी की महत्ता को समय रहते समझें और इसके संरक्षण हर स्तर पर अपना योगदान दें। दरअसल पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा जाता रहा है कि भारत ऐसा देश है, जिसकी गोद में कभी हजारों नदियां खेलती थी लेकिन आज इन हजारों नदियों में से सैकड़ों ही शेष बची हैं और वे भी अच्छी हालत में नहीं हैं। हर गांव-मौहल्ले में कुएं और तालाब हुआ करते थे, जो अब पूरी तरह गायब हो गए हैं।

महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि पृथ्वी की सतह पर उपयोग में आने लायक पानी की मात्रा वैसे ही बहुत कम है और यदि भूमिगत जल स्तर भी निरन्तर गिर रहा है तो हमारी पानी की आवश्यकताएं कैसे पूरी होंगी? इसके लिए हमें वर्षा के पानी पर आश्रित रहना पड़ता है किन्तु वर्षा के पानी का भी सही तरीके से संग्रहण नहीं हो पाने के कारण ही इसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता। वर्षा के पानी का करीब 15 फीसद वाष्प के रूप में उड़ जाता है और करीब 40 फीसद पानी नदियों में बह जाता है जबकि शेष पानी जमीन द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे थोड़ा बहुत भूमिगत जल स्तर बढ़ता है और मिट्टी में नमी की मात्रा में कुछ बढ़ोतरी होती है। इसलिए यदि हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण कर उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

पानी को मानव की मूलभूत आवश्यकता, अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर व अति विशिष्ट प्राकृतिक संसाधन मानते हुए 1987 में जल संसाधनों के नियोजन एवं विकास के लिए 'राष्ट्रीय जल नीति' घोषित की गई थी। इसके क्रियान्वयन के मामले में और तेजी लाने की जरूरत है। राष्ट्रीय जल नीति की घोषणा करते समय कहा गया था कि देश में उपलब्ध जल संसाधनों के विकास, संरक्षण, समुचित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और जरूरी कदम उठाए जाएंगे। देश में जल संकट के विकराल रूप धारण करते जाने के पीछे जनसंख्या विस्फोट के साथ-साथ पानी की उपलब्धता में हो रही कमी तो जिम्मेदार है ही, इसके अलावा पानी का दुरूपयोग, कुप्रबंधन एवं दूषित होता पेयजल आदि और भी कई ऐसी वजहें हैं, जो समस्या को विकराल बना रही हैं। हमें यह भली-भांति समझना होगा कि पानी प्रकृति की अमूल्य देन है और हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते। विकराल होते जल संकट का समाधान तभी संभव है, जब आमजन में इस दिशा में जागरूकता पैदा करने के अपेक्षित प्रयास किए जाएं तथा सरकारी प्रयासों के साथ-साथ हर नागरिक भी पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1882 में आज ही के दिन घातक संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई थी। 1888 में 22 मार्च के दिन ही इंग्लिश फुटबॉल लीग की स्थापना हुई थी। 1890 में आज ही के दिन रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने थे। 1917 में 22 मार्च के दिन रूस की नई सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना था। 1923 में आज ही के दिन पहली बार आइस हाकी मैच का रेडियो से प्रसारण हुआ था। 1942 में 22 मार्च के दिन ही सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया था। 1946 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर साइन किए थे। 1947 में 22 मार्च के दिन ही आखिरी वायसराय लार्ड लुईस माउंटबेटन भारत आए थे। था। 1954 में आज ही के दिन अमेरिका में मिशीगन के साउथफील्ड में पहला शॉपिंग मॉल खोला गया 1957 से 22 मार्च के दिन से ही शक पर आधारित राष्ट्रीय कैलेण्डर को स्वीकारा गया था। 1958 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आपस में संवाद

आपस में संवाद कर रहे , लखन अरु परशुराम शिव शंकर का धनु तोड़ा जब,मचा बहुत कोहराम हर्षित होकर करें देवगण, पुष्पों की बौछार हर कोई बस बोल रहा है,जय जय जय श्री राम

- **संजय कुमार गिरि**

जो पूर्ण है वो ही

जो पूर्ण है वो ही तो महत्वपूर्ण है, जो अपूर्ण है वो महत्वपूर्ण कैसे? ईट गाने से घर नहीं होता, रहगुज़र बिन सफर नहीं होता, गिरतों को और गिराने वालों- सिर्फसांप मे ही जहर नहीं होता,, अपनी परछाई साथ अगर चलती- तो खुद को खुद से डर नहीं होता, अब तू मत ढूँढ़ मसीहा कोई- इन्सान इन्सान से गैर नही होता।

- **ललित उपाध्याय**

ख़ास पाती | पलाश का लाल रंग लहू सा दिखता

पलाश का लाल रंग लहू सा दिखता है जमीं पर कितने टूटे हैं-बिखरे-बिखरे ये जो फूल हैं पसरे -पसरे अभी-अभी हैं शाखों से गिरेनज़र आते हैं, निखरे-निखरे सिमट जायेंगे कुछ ही पलों में बदल देगी रंगत इनकी टूटती शाखों की बद्गुमनियां नीर के बरसने की खुशी अब कहाँ नीड़ में जो पेड़ों के रोनक थी खुशियों के खजाने थे उनकी बिसात अब कहाँ जमीं से जुड़ के जो जीवन था मिला जाकर वहीं खामोश हुआ।। - **सुलोचना खुराना**

कहां गई वो ची ची करती , गौरैया की

कहां गई वो ची ची करती , गौरैया की टोली। कर्ण प्रिय संगीत सुनाती, आकर जो हमजोली।। देख ठिठोली मन विभोर हो, मुस्काता था बरबस, नित्य भोर मेरे अंगना में, करती रही ठिठोली।। तुमने ही तो वृक्ष काट कर,उसका नीड़ उजाड़ा। कैसे सुन पाओगे मानव, तुम अब उसकी बोली गर चाहो हो आस पास ही, वो प्यारी गौरैया, पुनः लगाओ वृक्ष घरों में ,आएगी फिर भोली।। खा खा कर है कीट पतंगे, फसल बचाएगी वो पर्यावरण सहायक बनकर, भर देगी फिर झोली। - **रजनी रामदेव**

घर के आँगन में फुर्र-फुर्र कर, फुदकती

घर के आँगन में फुर्र-फुर्र कर, फुदकती चिड़िया बिखरे-बिखरे दाने को चोच में , दबाती चिड़िया भरी दोपहरी में चूँ-चूँ कर शोर, मचाती चिड़िया बाल्टी के शीतल पानी में, खुशी से नहाती चिड़िया बिजली के नँगे तारो मे, बैठ इठलाती चिड़िया स्कुल के चलते पंखों में, प्राण गवाती चिड़िया सिर्फ तस्वीरों में क्यु, नज़र आती चिड़िया जाने क्यू बचपन की तरह, कहा खो गई प्यारी चिड़िया - **शत्रुंजय त्रिवारी**

मैं जितना भूलना चाहूँ, मुझे

मैं जितना भूलना चाहूँ, मुझे उतना बुलाता है तुम्हारे साथ बीता जो हरिक लम्हा बुलाता है मैं पूरा मान लूँ खुद को मगर दूरी तो दूरी है सुहाना हो भले मौसम मुझे ÷आधा÷ बुलाता है अकेला महफ़िलों के बीच भी खुद को मैं पाता हूँ यक़ीनन वक़्त जालिम है मुझे तन्हा बुलाता है कभी तुम पूछना दिल से तुम्हें मुझसे मुहब्बत है तुम्हारा दिल भी क्या मुझको कभीअपनाबुलाता है पकड़कर हाथ तुम मेरा लिए चलते हो राहों में कभी जब नींद आती है तो ये सपना बुलाता है - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

पड़ी मुसीबत मुझ पर इतनी

पड़ी मुसीबत मुझ पर इतनी मुसीबत का कद ही मैनें छोटा कर दिया। रुकने-थकने ना दिया दिल की जवानी को चाहे मुकद्दर ने कितना भी ठुकरा दिया..दुःख की ज्वाला में तप-तप कर खुद को सुवर्ण जैसा बना दिया, आकार दिया अपनी सोच को उसी से एक, नया विचार बना दिया। परवरदिगार से माँगा इतना खून गर्म हो जाए,पर्वत पर भी पाँव धरू तो उसकी धरा नरम हो जाए..... उसकी धरा नरम हो जाए। - **अंजू डागर**

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही रहने दूँ ऐ-इश्क़! तू सपना है। दिल में छुपा लूँ तुम्हें या जज़्बातों में बहा लूँ ऐ- इश्क़! तू नदी सा है। जुल्फ़ों में उलझा लूँ तुम्हें या हवाओं में उड़ने दूँ ऐ- इश्क़! तू परिंदा सा है। यादों में सजा लूँ तुम्हें या भूलने की कोशिश करूँ ऐ- इश्क़! तू सवाल है..। होंठों पर बसा लूँ तुम्हें या अनकहे शब्दों में रहने दूँ ऐ- इश्क़! तू गीत सा है। क़लम से लिख लूँ तुम्हें या दिल में ही महसूस करूँ ऐ- इश्क़! तू कला है। - **उमा मेहता त्रिवेदी**

QUIZ TIME

1) कौन-सी वर्षा जिसमें सल्फ्यूरिक अम्ल या नाइट्रिक अम्ल के घटक शामिल होते हैं और इसका पीएच मान 4.5 से कम होता है?

2) छतरी भ्रमण क्या है?

3) भारत को जानो कार्यक्रम किसकी पहल है?

4) यूनेस्को द्वारा मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम की शुरूआत कब हुई थी?

5) किस महिला पर्वतारोही को मरणोपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 9 जनवरी 2024 को तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अम्ल वर्षा (2) कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जनपद में स्थित काली बाघ अभ्यारण्य में विकसित एक भ्रमण क्षेत्र (3) विदेशी मामलों का मंत्रालय (4) 1971 (5) सविता कंसवाल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। काफी संघर्षों के बाद आपको राहत मिलेगी।

वृषः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में लोग आपकी बातों का सम्मान करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर दिल से ज्यादा दिमाग की सुननी होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी किसी नए प्रोजेक्ट पर काम की शुरुआत कर सकते हैं।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह में कोई रुकावट आ सकती है।

धनुः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी प्रॉपर्टी में धन लगा सकते हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप ऑफिस में अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज ना करें।

मीनः आज का दिन व्यापार में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. इदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आरोहक, अरोही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक359का हल

न्यूज गैलरी

39 माह का एरियर भुगतान के संदर्भ में वार्ता

भिलाई। भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज भारत के इस्पात मंत्री एच डी कुमार स्वामी के साथ एटक प्रतिनिधि मंडल मिलकर एनएमडीसी का वेतन समझौता कार्यान्वयन और सेल के वेतन समझौता का 39 माह का एरियर भुगतान के संदर्भ में आधे घंटे तक विस्तृत वार्ता की और मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में एटक के उपाध्यक्ष एवं सांसद कामरेड शुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, एटक सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे। धन्यवाद,

निगम के राजस्व विभाग की टीम ने

अब तक वसूला 30 करोड़

दुर्ग। नगर निगम की टीम ने 20 मार्च तक करीब 30 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल कर लिया है। इस साल का कुल राजस्व वसूली का टार्गेट 39 करोड़ है। निगम की टीम को वित्तीय वर्ष के अंत तक यानी 31 मार्च तक शेष 10 दिनों में करीब 9 करोड़ रुपए वसूली का टार्गेट पूरा करना है। बीते कुछ सालों से दुर्ग निगम की टैक्स वसूली का काम प्राइवेट एजेंसी द्वारा किया जा रहा था। वसूली कर पाने में विफलता के कारण कंपनी का ठेका समाप्त किया गया। इसके बाद से दुर्ग नगर निगम की टीम ने राजस्व वसूली का काम शुरू कर दिया। जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष समाप्त होने का समय करीब आ रहा है, वैसे वैसे निगम की टीम ने राजस्व वसूली तेज कर दी है। निगम अधिकारियों का कहना है कि शेष 10 दिनों में और अधिक राजस्व वसूली होने की उम्मीद है। महापौर अलका बाघमार और निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों की टीम लगातार राजस्व वसूली कर रही है। बकायेदारों के घरों में लगातार दस्तक देकर टैक्स वसूल किया जा रहा है। कई साल से टैक्स न जमा करने वालों से भी संपर्क किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 3 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

दुर्ग । एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत संचालित ग्राम पंचायत ननकट्ठी के आंगनबाड़ी केन्द्र ननकट्ठी केन्द्र कम्रांक 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति होनी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास दुर्ग ग्रामीण से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियुक्ति के लिये आवेदन 03 अप्रैल तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण में कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत एवं परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

नपा अध्यक्ष ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

जामुल। नगर पालिका परिषद जामुल में समर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार ने की। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नपा अध्यक्ष ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।ठाकुर ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वस्थ शरीर के निर्माण के लिये खेल आवश्यक है। समर लीग जामुल और जय श्री राम सुरडुंग सह आयोजक हैं। प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र 10 टीमें भाग ले रही हैं। खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए नपा अध्यक्ष ने कहा कि खेल में अच्छा प्रदर्शन करे और आगे बढ़ें।

ट्यूबलर पोल में रोप लाइट लगाने की मांग

दुर्ग । छत्तीसगढ़ मंच ने शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड से शिवम् मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल पर प्रकाश व्यवस्था का स्वागत करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव और महापौर अल्का बाघमार से पोल पर रंगीन रोप लाइट लगाने की मांग की है।

कचरे के वैज्ञानिक निपटान की प्रक्रिया और नगर निगम की तैयारियों का जायजा लिया

कलेक्टर ने आयुक्त के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

लेगेसी वेस्ट का होगा जल्द निपटान

दुर्ग /नवप्रदेश। पोटिया स्थित टेंचिंग ग्राउण्ड में 80 प्रतिशत कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। निष्पादित क्षेत्र में नगर निगम दुर्ग द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया है। आने वाले वर्षों में इसे ऑक्सीजोन के रूप में विकसित किया जाएगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड में बचे कचरे का निष्पादन करने की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार की गई है। लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत से ट्रेंचिंग ग्राउंड ट्रॉमेल मशीन स्थापित कर वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन किया जाएगा।

नगर निगम दुर्ग ने इस कार्य के लिये 'मेसर्स नेकॉफ इंडिया लिमिटेड, भोपाल' को वर्क ऑर्डर जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया है। एजेंसी को वर्षा ऋतु से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए हैं। आज निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप किये गए कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन करने के बाद शहर से निकलने वाले कचरे का भी 100 प्रतिशत निष्पादन तत्काल किया जा सकेगा।यूनिट लगने पर कचरे का निष्पादन नियमित रूप से किया जाएगा। आसपास के रहवासियों को वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शहरवासियों से अपील की है कि शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू करने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढबाले, धर्मेंद्र मिश्रा, करण यादव, पंकज साहू, विकास दमाहे, शोएब अहमद, परमेश्वर, पीआईयू कुणाल, राहुल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन गाड़ी को रोका

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल के साथ आज वार्ड 21 सिंधिया नगर का पैदल भ्रमण किया। वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारी को पूरे शहर में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन रिक्शा को रोककर चेक किया कि गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखा गया है या नहीं।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि डोर-टू-डोर संपर्क कर हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान व संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और कॉलोनियों को भी सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डालने कहा जा रहा है।कलेक्टर ने दुकानदारों को अपने कचरे को डस्टबिन में डालने कहा। उन्होंने कालोनियों से यूजर चार्ज की जानकारी ली।कलेक्टर ने प्रथम बटालियन के सामने एसएलआरएम केंद्र का भी अवलोकन किया। अनुपयोगी सामान को बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा कलेक्शन कर रही समूह की महिलाओं से चर्चा करके जानकारी ली।

विधायक की पहल से दुर्ग में तैयार हो रहा आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट और स्विमिंग पुल

दुर्ग /नवप्रदेश।रविशंकर स्टेडियम के पास अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए कोर्ट निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। मॉर्निंग विजिट में विधायक गजेन्द्र यादव खिलाड़ियों के साथ कोर्ट निर्माण के सभी कार्यों को जायजा लेते रहते है। विभागीय अधिकारी और इंजिनियर ने बताया की 70 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की यह इंडोर बैडमिंटन कोर्ट शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

आरईएस के इंजिनियर ने बताया की 70त्र कार्य पूर्ण हो गया है। कोर्ट हिस्से की छत ढल गया है, स्लैब व दिवार खड़े करने पूरा हो गया है। शीट लगने वाले स्थान पर लोहे का स्ट्रक्चर भी तैयार हो गया है जल्द ही शीट लगना प्रारंभ हो जायेगा। शेष बचे हुए कार्य तीव्र गति से चल रहा है जल्द ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। खेल परिसर

में लगने वाले सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता के लगाए जा रहे।

दुर्ग शहर को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने विधायक गजेन्द्र यादव लगातार प्रयासरत है। रविशंकर स्टेडियम के पास डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 13500 स्क्वायर फिट पर बन रहे इंडोर परिसर में एक साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट रहेगा। दर्शक दीर्घा में 50 लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया होगा। वुडन फ्लोर के साथ एलईडी लाइटस होंगी जिससे सुबह व रात में भी बैडमिंटन खेल सकेंगे।

अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ -आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया की स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से दुर्ग में जल्द ही अत्याधुनिक स्विमिंग पुल बन रहा है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। लंबे समय शहर के तैराक के खिलाड़ी इसकी मांग कर रहे थे। विधायक ने खिलाड़ियों की मांग को संज्ञान में लिए और शासन से स्विमिंग पुल बनाने राशि स्वीकृत कराये।स्टेशन रोड गायत्री मंदिर वार्ड 25 में दुर्ग शहर बनने वाला यह पहला अत्याधुनिक स्विमिंग पुल पूरी तरह से इंडोर होगा। जिसमे बारिश व धूल से बचाने पूरा एरिया रौशनी से पारदर्शी शेड रहेगा।

छत्तीसगढ़ सर्व समाज के पदाधिकारियों की नियुक्ति

दुर्ग। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन दुर्ग में संगठन का विस्तार किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। शेखर साहू को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष, विजय कुमार रात्रे को बीएसपी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, डा. आरएस साहू को प्रदेश संगठन सचिव और तेजराम देशमुख को बालोद जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, सलाहकार रमेश साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आवेदनों का निराकरण समयावधि में करें : राज्य सूचना आयुक्त

दुर्ग /नवप्रदेश। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में किया गया। राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त एन.के. शुक्ल और उप सचिव छ ग राज्य सूचना आयोग गीता दीवान शुक्ला, अनुभाग अधिकारी राज्य सूचना अधिकारी अतुल वर्मा ने सूचना के अधिकार अधिनियम के साथ-साथ जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

शुक्ल ने जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए आवेदनों का निराकरण करने की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने, अपना नाम और पद का उल्लेख अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में उप सचिव राज्य सूचना आयोग गीता दीवान, अनुभाग अधिकारी राज्य सूचना आयोग अतुल वर्मा द्वारा पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को आने वाली शंकाओ का समाधान भी किया गया।प्रथम अपील के निराकरण की अवधि 30 दिवस और विशेष परिस्थिति में कारण सहित 45 दिवस के अंदर देना होगा। जनसूचना अधिकारी द्वारा समयावधि में दस्तावेजी शुल्क की मांग की गई हो और आवेदक द्वारा शुल्क जमा न कर प्रथम अपील किया गया हो, तब सूचना उपलब्ध कराने के पूर्व परीक्षण कर सशुल्क अथवा निःशुल्क सूचना देने का आदेश करना होगा।

कार्यशाला में अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रवीण निगम ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यभार संभाला

भिलाई/नवप्रदेश। । भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) में प्रवीण निगम ने कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर पदस्थ थे।प्रवीण निगम ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट्स से लागत एवं कार्य लेखा में पेशेवर प्रमाणन प्राप्त किया है। अपनी सेवा सितंबर 1993 में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सेल में कनिष्ठ प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के रूप में आरंभ की। यहां उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।उन्हें जून 2010 में सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा - आईएसपी) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसके बाद जून 2014 में वे उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) बने। 27 सितम्बर, 2019 को प्रवीण निगम को राउरकेला स्टील प्लांट में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) नियुक्त किया गया और फरवरी 2021 में वे मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा - आरएसपी) के रूप में पदोन्नत किए गए।दिसंबर 2021 में उन्हें सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के रूप में स्थानांतरित किया गया। यहां से उन्हें जून 2022 में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा - सेल कॉर्पोरेट कार्यालय) के पद पर पदोन्नति मिली। इसके बाद प्रवीण निगम ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) का दायित्व संभाला।

ओव्हरब्रिज में बड़ा हादसा, हाईवा के कुचलने से युवक की मौत

दुर्ग /नवप्रदेश। धमधानाका ओव्हरब्रिज में ग्रीन चौक के पास शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार युवक को अपने चपेट में लेकर मौत के घाट उतार दिया। मृत युवक संस्कार शर्मा 28 वर्ष पिता स्व.रमेश शर्मा चांदनी चौक गंजपारा का निवासी था। हादसे के बाद से हाईवा का चालक वाहन समेत फरार है। जिसकी मोहननगर पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह दर्दनाक हादसा दोपहर करीब 1.30 से 2 बजे के बीच की है। बताया गया है गंजपारा निवासी संस्कार शर्मा स्कूटी से अपने किसी मित्र को छोड़कर धमधानाका ओव्हरब्रिज से होते हुए ग्रीन चौक की ओर आ रहा था। तभी एक हाईवा ग्रीन चौक से धमधानाका की ओर जा रही थी। इस दौरान धमधानाका ओव्हरब्रिज पर ग्रीन चौक से करीब 100 मीटर पहले तेज रफ्तार हाईवा के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार युवक संस्कार शर्मा को अपने चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाईवा ने युवक को कुचल दिया था। जिससे हादसे में संस्कार शर्मा को गंभीर चोटे आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दी। उधर हादसे के लिए दोषी हाईवा का चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन समेत फरार हो गया। बहरहाल मोहननगर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है, वहीं फरार हाईवा चालक की खोजबीन तेज कर दी गई है।

भीषण गर्मी से पक्षियों को बचाने सकोरे का वितरण

दुगनवप्रदेश। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने पहल करते हुए निशुल्क सकोरे वितरण की शुरूआत की है। प्रथम चरण में पोटिया स्थित प्राथमिक पाठशाला के छात्र-छात्राओं को निशुल्क सकोरे वितरित किये गए हैं ताकि पक्षियों के लिए दाना और पानी रखे जा सकें। प्रतीक उमरे ने कहा कि आम जनमानस से अपील की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए सकोरे में जल और दाना अपनी छत, आंगन, बगीचे या किसी सुरक्षित जगह पर रखें। गर्मी की वजह से हर साल पानी न मिलने के कारण पक्षियों की मौत हो जाती है। पक्षियों का अनमोल जीवन बचाया जा सकता है।

महिला समूह अरपा ने खोला बर्तन बैंक

रिसाली/नवप्रदेश। । दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पहल की है। विधायक की अनुशंसा पर अरपा स्व सहायता समूह को बर्तन उपलब्ध कराया गया है। आजीविका मिशन कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनूप साहू व राजू जंघेल ने समूह की महिलाओं को बर्तन सौपा।वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह

बर्तनों को निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदनी होगी। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर अरपा महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने संकल्प लेते हुए कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामानों का उपयोग नहीं किया जाएगा। आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराए बर्तनों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित भी करेंगी।

किसान एक साल पहले अफसरों को बता चुके हैं समस्या, नहीं हुई सुनवाई

भारतमाला योजना : ब्रिज की ऊंचाई न बढ़ाने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

दुर्ग/ नवप्रदेश। भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान मुरुम के बेतहाशा अवैध खनन का मामला गरमाने के बाद अब किसानों ने निर्माण पूरा होने पर आवाजाही में दिक्कत को लेकर नाराजगी जताई है। शिल्पग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी, अंजोरा के किसानों ने 2500 हेक्टेयर कृषि भूमि में आवागमन और परिवहन की समस्या बताते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। किसानों ने कहा कि 1 साल से जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया जा चुका है। 15 दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

किसान अनिल देवांगन ने बताया कि ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी और अंजोरा शिवनाथ नदी के तट पर बसे हैं। हर साल बाढ़ से किसानों को नुकसान सहना पड़ता है। एक साल पहले जिलाधीश को इस

संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार ने समस्त ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी व ठेकेदार की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण कराया था। जांच दल द्वारा मांग को सही करार देते हुए जनहित में सर्वे करवाने की पेशकश की गई।

किसानों ने कहा कि बाढग्रस्त क्षेत्र होने के कारण नदी-नाले पर बनाये जाने वाले ब्रिज की लंबाई बढ़ाई जाए, ताकि नाले से 500 मीटर पहले से नदी तक ब्रिज के माध्यम से रोड का निर्माण किया जा सके। वर्तमान में नाले पर ही ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। आसपास की जगह पर मिटटी से रोड निर्माण करने से किसानों को नुकसान होगा।गांव में गुजरने वाली रोड पर सभी क्रासिंग अंडरब्रिज की ऊंचाई 4 मीटर है। इससे गांव में कृषि यंत्र हारवेस्टर और शिल्पग्राम होने की वजह से यहां 20-22 फीट ऊंची मूर्ती का निर्माण होता है। धान मंडी केन्द्र होने से परिवहन संबंधी समस्या भी होगी। इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए ब्रिज की ऊंचाई 6 मीटर किया जाना आवश्यक है।

इन मांगो के संबंध में लिखित जानकारी ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, एसडीएम दुर्ग, परियोजना निदेशक अधिकारी को दिया जा चुका है।

न्यूज गैलरी

प्राथमिक शाला में असामाजिक तत्वों ने बिगाड़ी स्वच्छता व्यवस्था

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला नं 1 में पढ़ने वाले एक बच्चे के अभिभावक आज सुबह जब स्कूल ग्राउंड में सैर पर गए तो उन्होंने वहां शराब की फूटी हुई बोतलों को लेकर मीडिया को अवगत करवाया और साथ ही उन्होंने कहा कि अभी 5वीं कक्षा की परीक्षा भी चल रही है ऐसे में कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा? बच्चों को लेकर एक जागरूक अभिभावक की चिंता को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मीडिया की टीम ने स्कूल प्रबंधन से चर्चा की।विद्यार्थियों की उत्तम शिक्षा हेतु अच्छे शिक्षक, अच्छे विद्यालय भवन के साथ ही आसपास स्वच्छ सुंदर वातावरण होना भी अनिवार्य है। पर दुर्भाग्यवश डोंगरगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं प्राथमिक शाला न. 1 में अध्ययनरत विद्यार्थी गंदगियों के बीच पढ़ने को मजबूर है। स्कूल के एंट्री गेट से लेकर प्लेग्राउंड तक डिस्पोजल , पानी पाउच और शराब की बोतलें पड़ी हुई है। चारों ओर फैली गंदगी से छोटे-छोटे बच्चों में भी संक्रमण फैलने का खतरा निरंतर बना हुआ है। शासन प्रशासन नगरपालिका शाला विकास समिति को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

रिश्तों में गिरती पवित्रता पर जैन मुनि ऋषभ सागर की चिंता

गरियाबंद/नवप्रदेश। गायत्री मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जैन मुनि ऋषभ सागर जी महाराज के प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने अपने ओजस्वी प्रवचन में समाज में बढ़ते स्वार्थ, रिश्तों की गिरती पवित्रता और नैतिक मूल्यों के क्षरण पर चिंता जताई। कहा, ÷सज्जन व्यक्ति के लिए हर युग सतयुग है और दुर्जन के लिए सतयुग भी कलयुग। ऋषभ सागर जी ने कहा कि आज की पीढ़ी भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर इतनी आकर्षित हो गई है कि रिश्तों की अहमियत कम हो रही है। ÷जिस देश में श्रवण कुमार जैसे पुत्र हुए, वहां माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।÷ पहले अजनबियों तक पर भरोसा किया जाता था, अब अपनों पर भी विश्वास कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, हमारी मान्यताएँ ही जीवन की दिशा तय करती हैं। यदि हम अच्छा सोचेंगे, तो सब अच्छा होगा।÷ समाज में प्रेम, सहयोग और सेवा भाव को बढ़ावा देने की जरूरत है। जो व्यक्ति दूसरों की मदद और कल्याण के लिए तत्पर रहता है, वही सच्चा मानव कहलाने योग्य है। ऋषभ सागर जी ने कहा, ÷मानवता जिनके अंदर है, वही सच्चे मानव हैं। जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, करुणा और परोपकार की भावना अपनानी होगी।

कलेक्टर के निर्देश पर 40 हजार बल्क लीटर शराब का नष्टीकरण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर सभी अधिकारियों के समक्ष सीआईटी कॉलेज के आगे मैदान में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत की कार्यवाही में न्यायलय आदेशित 619 प्रकरण एवं न्यायलय लंबित 568 प्रकरण कुल 1187 प्रकरणों में जप्त 28664.83 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 1,51,05,511/-रूपये, 9741.217 लीटर देशी शराब कीमती 36,19,852/-रूपये, 187.58 लीटर बीयर कीमती 46,400/-रूपये, 1324.79 लीटर महुआ कीमती 2,06,055/-रूपये कुल 39918.417 बल्क लीटर कीमती 1,89,77,818/- रूपये का अवैध शराब के उपर रोड़ रोलर चलाकर किया गया विधिवत नष्टीकरण। वर्ष 2012 से वर्ष 2024 तक न्यायलय आदेशित एवं न्यायालय विचाराधीन भारी मात्रा में अवैध शराब का नष्टीकरण होने से थानों के मालखाना खाली हुये है जिससे अन्य समानों के रखरवाव में पुलिस को मद्दत मिलेगी।

शराब के नष्टीकरण के लिए कलेक्टर/जिला दंडाधिकारी द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव अमीय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव अभिषेक तिवारी, सहायक आयुक्त आबकारी राजनांदगांव यदुनंदन राठौर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजनांदगांव कुसुमलता जोहले एवं जिले के समस्थ थाना/चौकी प्रभारी शामिल थे। शराब नष्टीकरण में कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक एवं उपरोक्त सभी समिति के सदस्य, समस्थ थाना/चौकी प्रभारियों एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। उक्त कार्यवाही में मुख्य लिपिक आबकारी कार्यालय से रामसिंग पाटिल, पुलिस अधीक्षक कार्यलय राजनांदगांव के रीड़र शाखा के आरक्षक टीनू थामस, कुलदीप यादव, थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक संदीप चौहान का विषेश सहयोग रहा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सिमगा में जायना एग्रो का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की जा रही है। इसी क्रम मे शुक्रवार को सिमगा स्थित जायना एग्रो का निरीक्षण कर पेय पदार्थो के गुणवत्ता हेतु सैपल लिया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि टीम के द्वारा जायना एग्रो सिमगा से जील अप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और जील अप जीरा फीज कार्बोनेटेड बेवरेज की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना लिया गया।खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नीति निर्माण और योजना क्रियान्वयन में भूमिका निभाने अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

मानिटरिंग-इवैल्यूएशन पर कार्यशाला का समापन

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ की ओर से नीति आयोग, भारत सरकार के विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। अटल नगर, नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के सभाकक्ष में 20 और 21 मार्च को आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली को सुदृढ़ करना, नीति-निर्माण को डेटा आधारित बनाना और योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाना था। सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों के लिए मूल्यांकन, क्यों, कब और कैसे विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में राज्य शासन के अधिकारियों को मानिटरिंग और इवैल्यूएशन के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी गई। योजनाओं की प्रगति प्रभाविता को ट्रैक करने और परिणामों का विश्लेषण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मूल्यांकन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण, योजनाओं के प्रभाव को मापने के लिए लॉजिकल फ्रेमवर्क और थ्योरी ऑफ चेंज का उपयोग, डेटा संग्रह की पद्धतियां, प्रभावी नीति निर्माण के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में मूल्यांकन में आने वाली चुनौतियां और समाधान पर भी विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

कार्यशाला में प्रोग्राम/स्कीम इवैल्यूएशन के महत्व, उसके विभिन्न प्रकार, तरीकों, रूपरेखा (फ्रेमवर्क) और गुणवत्ता आश्वासन (क्वालिटी एश्योरेंस) पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रभावी मूल्यांकन से न केवल योजनाओं की सफलता और विफलता का विश्लेषण किया जा सकता है, बल्कि सुधार के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान डेटा संग्रह, विश्लेषण तकनीक, निगरानी एवं मूल्यांकन के सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को प्रभाव मूल्यांकन, प्रक्रियात्मक मूल्यांकन और परिणाम मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया। राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम ने बताया कि आयोग मूल्यांकन के लिए संस्थागत क्षमता निर्माण और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करने के उपाय अपना रहा है। आने वाले समय में नीति निर्माण को डेटा संचालित और प्रभावी बनाने इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। डॉ. सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता ब ?ाने के लिए पारदर्शी और सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। यह प्रशिक्षण अधिकारियों को नीति निर्माण और योजना क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगा। कार्यशाला के समापन अवसर पर राज्य नीति आयोग की सदस्य सचिव डॉ. नीतू गोरडिया ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और डीएमईओ टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य में राज्य नीति आयोग और डीएमईओ इस तरह की और कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे, ताकि छत्तीसगढ़ में डेटा-संचालित शासन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

कार्यशाला में डीएमईओ, नीति आयोग, भारत सरकार के निदेशक अबिनाश दास व उनकी एक्सपर्ट टीम ने आउटपुट-आउटकम मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क, डाटा गर्वनेंस क्वालिटी इंडेक्स एवं लॉजिकल फ्रेमवर्क तथा मॉनिटरिंग व इवैल्यूएशन के बारे में प्रस्तुतिकरण व परिचिर्चा की. कार्यशाला में सुशासन एवं अभिसरण विभाग, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, योजना विभाग सहित अन्य विभागों के राज्य एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

प्रशांत गांधी मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष बने

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच का नवम प्रान्तीय अधिवेशन युगांतर का आयोजन मंच की दर्री जमनीपाली एवं जागृती शाखा के आतिथ्य में कोरबा में सम्पन्न हुआ। मुख्य अभ्यागत के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन (हैदराबाद), मंच के नव निर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 युवा अमर सुल्तानिया , प्रान्तीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल , विशेष अतिथि अशोक मोदी, संजय बुधिया, गोपाल मोदी, अजय अग्रवाल, सदानंद अग्रवाल, हितानंद अग्रवाल कोरबा, कन्हैया अग्रवाल रायपुर, कन्हैया गोयल शक्ति, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती रीना केडिया, सहायक चुनाव अधिकारी हरिओम अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सम्मिलित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी जयकिशन अग्रवाल ने भाटापारा ग्रेन सिटी शाखा के प्रशान्त गाँधी को निर्विरोध प्रान्तीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया । राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन ने प्रशान्त गाँधी को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। वही प्रान्त के मंडलीय उपाध्यक्षों को अमर सुल्तानिया द्वारा शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उदबोधन में गांधी ने अपने आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही सभी मंच साथियों से सक्रियता से कार्य करने की अपील की।

प्रान्तीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों से सैकड़ों मंच सदस्य एकत्रित हुए। जिनमें भाटापारा से संतोष पुरोहित, राजेश राठी, संत सोनी, गिरधर अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सुधीर अग्रवाल, सिद्धार्थ गोलछा, सौरभ शर्मा , आकाश अग्रवाल,

प्रथम पृष्ठ को शेष...

राज्यसभा में आतंकवाद पर

जिम्मेदारी राज्यों को दी है। सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है। यह एक सही निर्णय है। इसमें कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जब कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों की है तो 76 साल बाद अब ऐसी स्थिति है कि कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं रह गए हैं, वे अंतरराज्यीय भी हैं और बहुराज्यीय भी हैं - जैसे नारकोटिक्स, साइबर अपराध, संगठित अपराध गिरोह, हवाला। ये सभी अपराध सिर्फ एक राज्य के भीतर नहीं होते हैं।

गृह मंत्रालय में बदलाव...

लिए गृह मंत्रालय में लंबे समय से लंबित बदलाव एक बार में किए हैं।

छत्तीसगढ़ निजी विवि संशोधन...

के दौरान लाए गए निजी विश्वविद्यालय के कानून को सर्वोच्च न्यायालय ने अमान्य कर दिया था। उस वक्त ऐसे-ऐसे कुलपति थे जो लूना में चलते थे। पंचर की दुकान में पंचर बनाते खड़े रहते थे और उनकी गाड़ी में कुलपति लिखा होता था. छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय क़ानून इसी विधानसभा से निकला और देश के दूसरे राज्यों ने भी उसी क़ानून के आलोक में क़ानून बनाए थे। मैं उच्च शिक्षा मंत्री था तब मैंने जीआर पूछा तब विभाग को मालूम नहीं था। भाजपा के 15 सालों में कितने निजी विश्वविद्यालय बने इसे मैं आज खुद नहीं गिन सकता।

छत्तीसगढ़ में बिहार दिवसः पूर्व मुख्यमंत्री ...

खरीदी की बात कह रही है। दोनों आंकड़ों में से कौन सा सही है। दोनों सरकारी आंकड़े हैं।

वहीं भू-जल स्तर में गिरावट पर विधानसभा अध्यक्ष की ओर सरकार को निर्देश दिए जाने पर कहा कि आसंदी से इस प्रकार के निर्देश आए तो त्रासदी से कम नहीं है। गर्मी शुरू हुआ नहीं है, और पेयजल का संकट शुरू हो गया है. सरकार नल जल योजना शुरू नहीं कर पाई है। पाइपलाइन बिछ गया, टंकी बन गई, लेकिन पानी नहीं है। पानी की खपत बढ़ने वाला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमारी नरवा योजना का मजाक उड़ाती थी। पानी की समस्या से ग्रामीण क्षेत्र में जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। शहरी क्षेत्र में तो पानी मिलता ही नहीं। औद्योगिक क्षेत्र की अलग समस्या, वहां पानी पीने लायक नहीं है। भूमिगत जल भी दूषित हो गया। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

शिक्षा शेरनी का दूध है, जिसे ...

का वह दूध है, जिसे जो पियेगा वह दहाड़ेगा। आज अख़बारों में छपा है कि हैपीनेस इंडेक्स में हम पाकिस्तान बांग्लादेश से भी पीछे हैं। शिक्षा से ऐसे इंडेक्स बदले जा सकते हैं। बड़ी चिंता 8-9 हज़ार रिक्त पदों की है। वेलफेयर स्टेट में शिक्षा को उच्च स्थान मिले।

नक्सलियों का 'गढ़' ...

हुए धन तक पहुंच गई है। गरियाबंद जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सली गतिविि6धयों पर नकेल कसने में सफल हुई है।

कलेक्टर की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान

कुरूद/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिजनापुरी में महिलाओं द्वारा तैयार की जाने वाली संबलपुरी साड़ी निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया पूर्व में उनके द्वारा कपड़ा बनाने का सामान्य काम किया जाता था, लेकिन अब प्रशिक्षण प्राप्त कर वे महिलायें फैंसी व आकर्षक साड़ियों का निर्माण करने लगी है, जिससे अब उनकी आय में वृद्धि हो रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस काम को और बड़े पैमाने पर करने हेतु योजना बनायें। इसके लिए विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले प्रमुख बाजारों तक इनकी पहुंच बनायें। इसके साथ ही साड़ी निर्माण केन्द्र में शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों का दिये।

आपातकाल देश के इतिहास का काला अध्याय : विष्णुदेव साय

जिन्होंने संविधान कुचला था, वो अब उसकी दुहाई देते हैं..

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 मार्च को भारत के लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक दिन बताया. उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, और 21 मार्च 1977 वह दिन है जब देश ने तानाशाही के विरुद्ध जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं था, बल्कि भारत के नागरिकों की आस्था, साहस और संघर्ष की विजय थी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों को कुचल दिया था. न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका -जिनके संतुलन पर हमारा लोकतंत्र टिका है -उसे तोड़कर समस्त शक्ति एक परिवार के हाथों में केंद्रित कर दी गई थी। नागरिक अधिकारों का दमन, मीडिया पर सेंसरशिप, विरोध की आवाज़ों का दमन

और रातों में की जाने वाली गिरफ्तारियां संविधान के चिथड़े उधेड़ते हुए उस भयावह कालखंड को उजागर करता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरे बड़े पिताजी नरहरि साय को भी 19 महीने जेल में रखा गया था। वे लाखों लोकतंत्र सेनानियों में से एक थे जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध खड़े होकर भारत की आत्मा की रक्षा की। कई सेनानियों को तो बेड़ियों में जकड़ा गया, और उनके परिवारों को भी अमानवीय यातनाएं झेलनी पड़ीं। मुख्यमंत्री साय ने उस समय की राजसत्ता की क्रूरता को याद करते हुए कहा कि अखबारों पर ताले लगे थे, कलाकारों की आवाज़ बंद कर दी गई थी. किशोर कुमार जैसे गायक तक को रेडियो पर बैन कर दिया गया क्योंकि उन्होंने इमरजेंसी का विरोध किया था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदराम पटेल पिता घसिया पटेल के द्वारा ग्राम गाड़ाडीह हल्का नं. 26 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 770/4 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 02/04/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्याायलय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हिना जैन पति मुकेश कुमार जैन निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम नारधी तह. बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 1102 रकबा 0.12 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (वेयर हाउस) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 07/04/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 87/न.पा.नि./जोन-03/2024-25 — रायपुर, दिनांक 21.03.2025

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है -

05. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 01.04.2025 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
06. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 02.04.2025 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
07. निविदा जमा करने की तिथि - 07.04.2025 कार्यालयीन समय 4:00 बजे तक
08. निविदा खोलने की तिथि - 07.04.2025 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर.का विवरण	समयावधि	मद
01	कालीमाता वार्ड क्र. 12 (पूर्व वार्ड क्र. 11) अंतर्गत कुष्ठ बस्ती तरुण नगर में शौचालय मरम्मत/उन्नयन कार्य। (तृतीय निविदा)	1.35	2000/-	300/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी. डब्ल्यू.डी.भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	स्वच्छ भारत मिशन मद
02	महात्मा गांधी वार्ड क्र. 08 (पूर्व वार्ड क्र. 12) अंतर्गत एल. आई.सी. आाफिस कपड़ा मार्केट पंडरी के पास सार्वजनिक शौचालय मरम्मत/उन्नयन कार्य। (तृतीय निविदा)	0.95	2000/-	300/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी. डब्ल्यू.डी.भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	स्वच्छ भारत मिशन मद
03	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 51 (पूर्व वार्ड क्र. 34) अंतर्गत नई बस्ती क्षेत्र के आवश्यक स्थानों में सी.सी. नाली एवं रोड निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	3.00	3000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी. डब्ल्यू.डी.भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह	पार्षद निधि

निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
1. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक-03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ई-मेल आई.डी. datacenter.uad.cg@nic.in आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
3. कार्य क्र. 03 हेतु प्रतिमा की स्थापना राज्य शासन के निर्देशानुसार गठित समिति के अनुमोदन उपरांत कार्य किया जावेगा।
4. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक -03
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला क्रमांक
202503100700063

विषय - मामले की क्षेणी - राजस्व सन् 2024-2025
दुर्ग प.ह.न 00019 (953/11 (0.0090हें)
पक्षकारों का वितरण - आवेदक पक्षकार - सुशीला पोपट,
अनावेदक पक्षकार - अशोक कुमार , सुशीला पोपट,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुशीला हिम्मत लाल पोपट ध.प हिम्मतलाल पोपट निवासी शिवाजी पब्लिक स्कूल के सामने ,गया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भुमि खसरा नंबर 953/11 रकबा 0.0090 हें भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका भूमि के खातेदार अशोक कुमार पिता स्व गोवर्धन दास की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक **17/03/2025** तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक **10/03/2025** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील **न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

समक्ष : श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथपत्र

मैं शपथकर्ती श्रीमती उमा बाई निर्मलकर उम्र- 32 वर्ष पति जवाहर निर्मलकर निवासी - ग्राम खम्हरिया भाठा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ । जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 970556134884 में मेरा नाम उमा बाई निर्मलकर (UMA BAI NIRMALKAR)पति जवाहर निर्मलकर (JAWAHAR NIRMALKAR) अंकित है।

जो कि मेरी पुत्री तारणी निर्मलकर ,पलक निर्मलकर एवं रामेश्वरी निर्मलकर के शैक्षणिक दस्तावेजों में माता का नाम चम्पा निर्मलकर अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण है।

जो मेरे सही व वास्तविक नाम उमा बाई निर्मलकर (UMA BAI NIRMALKAR) पति जवाहर निर्मलकर (JAWAHAR NIRMALKAR) के नाम गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर पुत्री तारणी निर्मलकर,पलक निर्मलकर एवं रामेश्वरी निर्मलकर के शैक्षणिक दस्तावेजों अंकसूची दाखिला पंजी एवं अन्य दस्तावजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमती समक्ष अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
उमा बाई

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला -दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

/अ-06/वर्ष 2 024-25
रा.प्र.क्र 202503104700031

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हितेन्द्र साहू पिता - स्व. नंद कुमार साहू उम्र -50 वर्ष निवासी मॉडल टाउन वार्ड नंबर 03 जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम जुनवानी प.ह.न. -43 रा0नि0मं0 जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 887/ रकबा 0.0400 हें लगान भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता श्री नंद कुमार साहू पिता स्व धुरवाराम साहू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी नंद कुमार साहू का स्वर्गवास दिनांक 07/01/2024 को जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय में समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 01/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील **अति. तहसीलदार दुर्ग 01**

नायब तहसीलदार
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -अहिवारा प.ह.न. 00012 ग्राम खेरधी ग्राम नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-

आर.डी. 202425430214100002

तहसील अहिवारा के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम खेरधी के भूमिस्वामी रमेशर पिता/ पति झाणु पता - खेरधी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 225(0.9100)में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता जयना बाई पिता/पति रामेश्वर पता खेरधी, रवि कुमार यादव पिता / पति रामेश्वर पता खेरधी,लेखराम यादव पिता/ पति रामेश्वर पता खेरधी ,माया यादव पिता /पति रामेश्वर पता खेरधी नाबा करन युदु पिता/पति गुहन युद पता खेरधी नाबा माधु यदु पिता/पति गुहन यदु पता खेरधी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

NAME CHANGE

It is Informed to the general public that, I ASHISH SINGH S/o Late S.P.SINGH, Resident of H.No. U-1, Adarsh nagar, Durg Distt.Durg (C.G.) 491001 have changed my old name ASHISH SHANKAR PRASAD SINGH in the Documents of my son aryaveer singh. So in future I sould be recognized by my new name in the Documents of my son that is ASHISH SINGH in all Government & other documents.

ASHISH SINGH S/o Late S.P.SINGH,
Resident of H.No. U-1, Adarsh nagar, Durg Distt.Durg (C.G.) 491001

परीक्षा केंद्रों का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय शुक्रवार को भाटापारा सिमगा विकासखंड के दौरे पर रहे जहां उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित कक्षा पांचवीं और दसवीं के परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्हें कही कोई गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने भाटापारा विकासखंड के प्राथमिक शाला खैरी (आर) का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें पूरे 21 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देते हुए मिले।आज कक्षा पाँचवी एकीकृत परीक्षा में अंग्रेजी का पेपर था।जिले में कुल परीक्षार्थी की संख्या 22454 है जिनमें 22215 उपस्थित रहे वही 2239 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर भी परीक्षा को लेकर बहुत गंभीर हैं और पल-पल की जानकरी सम्बंधित अधिकारियों से ले रहे हैं,। परीक्षा कन्ट्रोल रूम प्रभारी अरुण वर्मा ने बताया कि दसवीं बोर्ड में संस्कृत का पेपर भी सफलता पूर्वक संपन्न हुआ!

कलेक्टर ने पीएससी के प्रारंभिक परीक्षा के सफल रीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं

नवप्रेरणा कोचिंग से राज्य प्रशासनिक प्रारंभिक परीक्षा में 5 विद्यार्थी हुए चयनित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग से राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 मे सफल हुए जिले के सभी 5 परीक्षार्थियों ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की। कलेक्टर सोनी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिये

जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर लाभान्वित हो रहे हैं। सत्र 2024-25 में इस कोचिंग से 05 विद्यार्थियों ने राज्य प्रशासनिक प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। चयनित विद्यार्थियों मे अंकुर वर्मा, सतेन्द्र कुमार बांधे, युगल किशोर वर्मा, हेमचंद कश्यप एवं चन्द्रभूषण धृतलहरे शामिल हैं।

वर्तमान में, हेमचंद कश्यप नवप्रेरणा कोचिंग से लाभान्वित होकर पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, चंद्रखुरी (रायपुर) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार, युगल किशोर वर्मा समिति प्रबंधक के रूप में विकासखंड

तिल्दा (सरफोंगा) में कार्यरत हैं, तथा अंकुर वर्मा छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल मुख्यालय, रायपुर में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं। नवप्रेरणा कोचिंग के पिछले सत्र में पुलिस विभाग में 04 विद्यार्थी चयनित हुए थे, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह संस्थान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग संस्थान का संचालन कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षाधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह संस्थान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी हेतु सहायता प्रदान कर रहा है।

न्यूज गैलरी

पीएम इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन 31मार्च तक

भाटापारा/नवप्रदेश। पीएम इनटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन के लिये अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार जो 10वी, 12वी, स्नातक, पॉलिटेक्निक या आई.टी.ई. उत्तीर्ण हैं, तथा वर्तमान में नियमित रूप से किसी संस्था में अध्ययनरत नही है, वे इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इसमें आवेदक को 12 माह इन्टर्नशिप देश के शीर्ष 500 कम्पनियों से प्रदान किया जायेगा। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा/बलौदाबाजार में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

विडियो/फ़ोटो संघ के योगेंद्र साहू बने अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा फ़ेटो/विडियोग्राफर एसोसिएशन के द्वारा मदकूदीप में होली मिलन व कार्यकारिणी गठन हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक में संगठन को एक नई दिशा व विस्तार देने के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से योगेंद्र साहू को संघ का नया अध्यक्ष बनाया गया।वही यशवंत जायसवाल उपाध्यक्ष गुर्रा, कुलेश्वर साहू सचिव नांदघाट, अमन साहू कोषाध्यक्ष भाटापारा को बनाया गया । इस नए पदाधिकारियों को गोविंद शर्मा, अरुण चेलकर, राजू गुप्ता, महेंद्र साहू, पीलाराम वर्मा, प्रेम साहू, भरत जांगड़े, ऋषि साहू, विजय साहू, विजय यदु, कुलेश्वर साहू, प्रेम सिंह चौहान, तुकेश साहू,योगेंद्र साहू, जित्तू ध्रुव, अमित शर्मा, परमेश्वर साहू, लिलेश्वर साहू आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।उक्त जानकारी संघ के मिडिया प्रभारी अमृत साहू ने दी।

गौड ब्राह्मण समाज ने होली मिलन समारोह किया आयोजित

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज के द्वारा कल रविवार को रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सामाजिक भवन में शाम 5 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है,इस अवसर पर नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा का सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा।इस होली मिलन समारोह में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं भागवताचार्य पंडित हरगोपाल शर्मा एवं महामंत्री विजय पांडेय ने बताया कि सामाजिक भवन में रविवार की शाम 5 बजे फूलों की होली एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। समाज प्रमुखों ने समाज के समस्त महिला,पुरुष,बच्चों से इस आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने और कार्यक्रम को गरिमामय बनाने अपनी उपस्थिति देने का अनुरोध किया है।

जी.एन.ए.कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में संस्था प्रमुख डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता तथा गौरैया संरक्षण पर प्रोजेक्ट कार्य का प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती रेखा कश्यप सहित अन्य प्राध्यापकों ने अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

विधानसभा में विश्व वानिकी दिवस पर संगोष्ठी

ऑक्सीजोन की तरह पूरे देश को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है छत्तीसगढ़: सीएम साय

प्रदेश का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित विश्व वानिकी दिवस संगोष्ठी में शामिल होकर प्रदेशवासियों को वन संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का 'ऑक्सिजोन' बनकर पूरे भारत को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत का अभिन्न हिस्सा भी है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वर्ष 2025 का विश्व वानिकी दिवस 'फारेस्ट एंड फूड' थीम पर आधारित है, जो इस बात पर बल देता है कि वन केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि पोषण, रोजगार और संस्कृति का भी स्रोत हैं. इसी अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'वाइल्ड एडिबल प्लांट्स इन छत्तीसगढ़ स्टेट' पुस्तक का विमोचन किया तथा पुदीना-मिंट फ्लेवर के बस्तर काजू प्रोडक्ट को

लॉन्च भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी जनजातीय भाई बहनों की है जो वनों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वनों में निवासरत जनजातीय भाई-बहनों को वनाधिकार पट्टे प्रदान कर रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और खेती की दिशा में आगे बढ़ें. उन्होंने बताया कि बस्तर की इमली, जशपुर का महुआ, चिरौंजी, हर्रा-बहेड़ा जैसे सैकड़ों लघु वनोत्पाद छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान हैं, जिनका वैल्यू एडिशन कर आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के जलप्रपात, वनवासी संस्कृति और समृद्ध जैव विविधता पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं. बस्तर का धूड़मारास अब विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान बना चुका है. पर्यटन का विस्तार हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में लगभग चार करोड़ वृक्ष लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपल कार्यक्रम के अंतर्गत हर चौराहे पर पीपल का रोपण किया गया है, जो भविष्य में शुद्ध ऑक्सीजन का सशक्त स्रोत बनेंगे. पीपल का पेड़ वैज्ञानिक रूप से सबसे अधिक ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष है, और यह पहल शहरी हरियाली की दिशा में एक प्रभावी कदम है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के वन विश्व के सबसे सुंदर वनों में गिने जाते हैं. साल और सागौन के वृक्ष यहां की प्राकृतिक शोभा हैं। साल के वनों में एक अनूठा सम्मोहन है और यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक जंगल हैं, तब तक जीवन है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों का पूरा जीवन वनों पर आधारित है। उनका जीवनस्तर ऊँचा उठाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, और इसका सबसे कारगर उपाय वन क्षेत्र का विस्तार है. उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहनों के पास प्रकृति का अनुभवजन्य ज्ञान है उसका समुचित उपयोग कर हम विकास और संरक्षण दोनों को संतुलित कर सकते हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायकगण धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. निवास राव तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण के भूमिपूजन को लेकर राजनीति

मुख्यमंत्री के हाथों हुए भूमिपूजन का महत्व नहीं समझती भाजपा के जनप्रतिनिधि : व्यासनारायण निषाद

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत आमदी में नया तालाब के पास व्यावसायिक कांप्लेक्स निर्माण के भूमि पूजन को लेकर राजनीति तेज हो गई है नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर व पूर्व पार्षद व्यास नारायण निषाद ने इसे भारतीय जनता पार्टी का इवेंट बाजी के साथ मुख्यमंत्री का अपमान बताया आगे कहां की नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू सहित भाजपा नेताओं के द्वारा व्यावसायिक कांप्लेक्स निर्माण का भूमि पूजन किया गया हैं. जबकि विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री ने धमतरी प्रवास के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से उक्त निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया था. तो क्या भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए विकास कार्यों के भूमि पूजन का कोई महत्व नहीं समझती. जबकि वर्तमान में उक्त निर्माण कार्य प्रगति पर है फिर इस प्रकार के भूमि पूजन जैसे कार्य करने की जरूरत क्यों पड़ रहीं. जैसे प्रधानमंत्री के द्वारा देश में विकास कार्यों के नाम से मात्र इवेंट बाजी किया जा रहा है. उन्हीं के सिद्धांतों का नगर पंचायत आमदी मे पालन किया जा रहा हैं।

युवा पार्षद पारसमणि साहू नें कहा आमदी कि जनता समझदार हैं जिस कार्य का भूमिपूजन पूर्व में मुख्यमंत्री के हाथों हों चूका हैं 7 उसका इस तरह भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा वहवाही लूटने के लिये दोबारा भूमिपूजन करना भूमिपूजन खण्डन व मुख्यमंत्री का अवहेलना हैं।

प्राणीशास्त्र विभाग ने मनाया विश्व गौरैया दिवस

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती एवं प्राणीशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. गोकुल प्रसाद साहू एवं ऋचा अग्रवाल के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राध्यापकगण ओम प्रकाश वर्मा, प्रभात बैस, रणविजय सिंह आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। प्राणीशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ गोकुल प्रसाद साहू ने अतिथियों के स्वागत किया तथा विश्व गौरैया दिवस पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को गौरैया के पारिस्थिकी तंत्र में महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रणविजय सिंह ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को आयोजित किया जाता है, यह कार्यक्रम गौरैया के संरक्षण एवं के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रभात बैस ने बताया कि 2025 में विश्व गौरैया दिवस की थीम है प्रकृति के नन्हे दूतों को का सम्मान, यह थीम पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि गौरैया का जुड़ाव बचपन से है उसकी आवाज सुनकर हम उठते थे, उनका संरक्षण आवश्यक है तथा विद्यार्थियों के वेस्ट से बेस्ट वाले संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

प्राणीशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा गौरैया तथा अन्य पक्षियों के संरक्षण के लिए गर्मी के दिनों में उनके दाना-पानी के लिए लैब में रखे वेस्ट से बेस्ट के द्वारा छोटे-छोटे घोंसले का निर्माण किया गया तथा उसे महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के संरक्षण के लिए लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी प्राणीशास्त्र के छात्र दानेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एमएससी प्राणीशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने पारदर्शी चुनाव के लिए दिए सुझाव

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता मे राजनीतिक दलों की बैठक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता मे शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव साझा किये गए जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सके।

कलेक्टर दीपक सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे 4 विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा हैं।कुल 1014 मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की संख्या 954702 है जिसमें 191644 पुरुष एवं 193748 महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के निर्देशानुसार मतदाता सूची मे अद्यतन हेतु पुनरीक्षण की कार्यवाही की जाती है जिसमें नाम जोड़ने एवं विलोपन सहित अन्य कार्यवाही भी शामिल है। बैठक मे भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विजय केशरवानी ने मतदाता की मृत्यु होने पर मतदाता सूची से नाम विलोपन की प्रक्रिया मे पारदर्शिता के लिए नगरीय

निकाय से मृत्यु प्रमाण पत्र बनने पर सम्बंधित बीएलओ मृत्यु प्रमाण पत्र संकलित कर ईआरओ के पास जमा कराए और ईआरओ के द्वारा मतदाता सूची से विलोपन की कार्यवाही करने के सुझाव दिये ।

उन्होंने सयंत्र मे काम करने वाले मतदाताओं के स्थानांतरण होने के बाद भी स्थानीय मतदाता सूची से नाम स्थानंतरित नहीं होने की समस्या के समाधान के लिए संबंधित संयन्त्र के अधिकारी से जानकारी लेकर विलोपन की कार्यवाही कराने का सुझाव दिये। इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि हितेंद्र ठाकुर ने मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने तथा प्रत्येक गांव मे मतदान केंद्र बनाने का सुझाव दिया। इसीतरह राजनीतक दल के प्रतिनिधियों ने ईव्हीएम से वोटिंग मे कम से कम 10 मतदान केंद्रों के व्हीव्हीपैट की पर्ची मिलान का सुझाव दिया गया।

सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया — क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) | **Central Bank of India** — Regional Office, Raipur (C.G.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता/शाखा	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
ऋणी- मेसर्स आदित्य इंजीनियरिंग, प्रोप. श्री आदि नाथ सिंह (मृतक) स्व. आदि नाथ सिंह के किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारी के माध्यम से । पता: ब्लॉक नं.-101, बंजारी माता वार्ड नं. 05, अग्रवाल एग्रो के पीछे, धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) 493221. शाखा: खमतराई (छ.ग.)	श्री आदिनाथ सिंह पुत्र स्व. श्री रंजना सिंह के नाम पर। खसरा नं. 82/14-16, 83/14-16, 84/14-16, मौजा-भनपुरी, प.ह.नं.108, आरएनएम- रायपुर, धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, बंजारी माता वार्ड नं. 05, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट में स्थित भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दी: उत्तर- बिंदल की भूमि, दक्षिण- फैमी हसन की भूमि, पूर्व- सलीम कबाड़ी की भूमि, पश्चिम- सड़क ।	Cent Trade & FITL ₹ 5,29,840.00 दिनांक 02.01.2025 तक कुल देय धनराशि ₹ 7,27,605.00 NPA Date 30.05.2021
श्री अंकित कश्यप, पुत्र स्व. अर्जुन कुमार आयसवाल, पता 1: म.नं. 134, वार्ड नं. 05, ब्राम्हण कॉलोनी, सिमगा, बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) 493101. पता 2: सुट नं. 703, 7वीं मंजिल, अवध-ए, पैराडाइज होटल के पास, साम्राज्य रेजीडेंसी, खमतराई, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) 492008. पता 3: म. नं. 31, देव छाया, जल विहार कॉलोनी, मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) 492006. शाखा: सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.)	श्री अंकित कश्यप पुत्र स्व. अर्जुन कुमार आयसवाल के नाम पर ख.नं. 479/1, 480/2, 481/2, 489/4, प.ह.नं. 108/39, प्लॉट नं. 2/3, 2/4, 2/8, 2/12, शीट नं. 8, वीर शिवाजी वार्ड, वार्ड नं. 07, ग्राम- खमतराई, नगर पालिक निगम रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) पर निर्मित साम्राज्य रेजीडेंसी' के अंतर्गत बहुमंजिला इमारत 'अवध-ए' में यूनिट क्रमांक 703, 7वीं मंजिल, क्षेत्रफल 715.79 वर्ग फीट के आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश । चौहद्दी: उत्तर- सीढ़ी और लिफ्ट, दक्षिण- खुली जगह, पूर्व- यूनिट सं. 702, पश्चिम- यूनिट सं. 702 बी.	Cent Home Loan(TL) ₹ 28,63,000.00 दिनांक 27.02.2025 तक कुल देय धनराशि ₹ 28,84,636.00 NPA Date 26.02.2025
1. मेसर्स साई कृष्ण बिल्डर्स एंड कंसलटेंट्स, प्रोप. श्री बेहरा सूर्य प्रसाद । पता-1: मेन रियाद, श्री नगर, खमतराई, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 पता-2: 4वीं मंजिल, लाल गंगा कॉम्प्लेक्स, जी ई रोड, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 2. श्री बेहरा सूर्य प्रसाद, पुत्र श्री बी. राज गोपाल राव, निवासी एस.के. बिल्डर्स कॉलोनी, गुढ़ियारी, श्री नगर रोड, गली नं. 03, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) 492009, शाखा: फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.)	श्री बेहरा सूर्य प्रसाद पुत्र श्री बी. राज गोपाल राव के नाम पर खसरा नं. 191/1, 192/2 (भाग), प.ह.नं 107, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1510 वर्ग फीट, ग्राउंड फ्लोर पर और कुल क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दी: उत्तर- श्री रामकृष्ण राव का मकान, दक्षिण- श्रीमती साहू की खुली जमीन, पूर्व- श्री बी. किशोर कुमार का मकान, पश्चिम- सड़क ।	MSME & FITL ₹ 5,05,268.00 दिनांक 17.05.2024 तक कुल देय धनराशि ₹ 7,88,401.00 NPA Date 29.11.2020

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 21.03.2025, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

जल ही जीवन — जल संरक्षण की दिशा में नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए विभिन्न उपायों को अपनाने की जरूरत

जल हमारा अमूल्य खजाना, जल है तो कल है...

हमें जल संरक्षण, पौधरोपण तथा प्रकृति के संरक्षण के प्रति सजग होना चाहिए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जल अमूल्य है जल है तो कल जीवन है। जल हमारा खजाना है, आइये इसे सहेजे और संरक्षित करें। वक्त का यह तकाजा है, बूंद-बूंद पानी की बचत जल संरक्षण के लिए हमारी आज की जरूरत है। वर्षा के जल को सहेजते हुए सघन पौधरोपण कर हम धरती एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जब नगर पालिक निगम से यह सूचना मिली कि पानी अब सिर्फ1 घंटे आएगा। तब इस चिंताजनक स्थिति की गंभीरता प्रगट हुई कि यह एक विकट स्थिति हो सकती है। जिले में 42 हजार बोरवेल तथा ट्यूब वेल से भू-जल का अत्यधिक दोहन किए जाने के कारण जल संकट की स्थिति निर्मित हुई है। शिवनाथ नदी में किसानों द्वारा बोरवेल के माध्यम से पानी का अधिक दोहन करने के कारण भू-जल स्तर में कमी आयी है। जल संरक्षण की दिशा में नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए विभिन्न उपायों को अपनाना

होगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण भीषण गर्मी और बढ़ता तापमान एक दस्तक है कि हमें जल संरक्षण, पौधरोपण तथा प्रकृति के संरक्षण के प्रति सजग होना चाहिए। अभी भी देर नहीं हुई है। जल संरक्षण की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाने की जरूरत है। जिले में मिशन जल रक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए जनसहभागिता से व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले भर में इस अभियान को गति प्रदान करते हुए कार्य किया जा रहा है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए अपना योगदान दें।

शहर में हालांकि पानी की समस्या का समाधान हो गया और मोंगरा बैराज से 1 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मोंगरा बैराज से मोहारा एनीकट में जल की आपूर्ति की गई, जिससे शहर में पेयजल की समस्या दूर हुई। राजनांदगांव के मोखली एवं रातापायली एनीकट में जल संरक्षित कर रखा जा रहा है। मोहारा एनीकट में पानी कम होने पर मोखली एवं रातापायली एनीकट से 15 अप्रैल तक पानी की आपूर्ति होगी। इस दौरान डेढ़ महीने तक मोंगरा बैराज से पानी नहीं छोड़ा जाएगा। 15 अप्रैल के बाद जून तक मोंगरा बैराज से पानी की आपूर्ति होगी। किसानों द्वारा रातापायली एनीकट से ऊपर 5-6 एनीकट में गेट बंद कर दिए जाते थे, जिसे वेल्ड कराया गया और एनीकट से सुचारू रूप से पानी आ रहा है। सांकरदाहरा, धनगांव, दाऊटोला एनीकट के गेट को अस्थायी रूप से वेल्ड किया गया है, ताकि सतत जलापूर्ति होती रहे। शिवनाथ नदी के गहरीकरण का कार्य औद्योगिक संस्थानों, स्वयं सेवी संस्थानों एवं जनसहभागिता से किया जाएगा।

एनसीसी कैडेट्स ने किया स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर, एमपी एवं सीजी निदेशालय के तत्वावधान में 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी (रायपुर रॉयल्स) के कैडेट्स ने अरंग जिले के रेवा गांव में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया। इस सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधि में जिले के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 120 एनसीसी कैडेट्स (छात्र एवं छात्राओं) ने भाग लिया।

कैडेट्स ने ग्रामीणों के साथ मिलकर लगभग 2.5 घंटे श्रमदान किया और गांव के सार्वजनिक स्थलों एवं चंडीमाता मंदिर परिसर की सफाई की। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, कैडेट्स ने गांव में नुक्कड़ नाटक एवं एक

स्किट (लघु नाटिका) का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से उन्होंने स्वच्छता, कचरा निस्तारण के सही तरीकों और सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों ने इस नाटक को बड़ी उत्सुकता से देखा, और इसके प्रभावशाली संदेश को सराहा।

कर्नल सौरभ कुमार, कमांडिंग ऑफिसर, 27 सीजी बटालियन एनसीसी (रायपुर रॉयल्स) ने गांवों में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ÷एनसीसी कैडेट्स हमेशा समाज के लिए प्रेरणा रहे हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान जैसे केंद्रीय योजनाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। 'रायपुर रॉयल्स' ऐसे सामाजिक सेवा अभियानों में अग्रणी बने रहेंगे।÷ लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप नायर, प्रशासनिक अधिकारी, 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर, ने गांवों में बढ़ते प्लास्टिक उपयोग और इसके अनुचित निपटान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷हमारी दैनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग चिंताजनक है, और एनसीसी कैडेट्स इस खतरे को विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से उजागर करना जारी रखेंगे।

गांव के चंडीमाता मंदिर के मुख्य पुजारी भोला दुबे एवं ग्राम सरपंच श्री घसिया राम साहू ने कैडेट्स के इस श्रमदान की सराहना की और आश्वासन दिया कि भविष्य में गांव में कचरा एवं गंदगी जमा न होने देने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी यह अभियान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने में एनसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

कुथरौद सुहेला ज़रौद पहुंच मार्ग का होगा जीर्णोद्धार

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश महासचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि उनके गृह ग्राम कुथरौद के स्वागत द्वार के पास मुख्य मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे तथा कुथरौद भटभेरा सुहेला मार्ग अत्यंत ही जर्जर हो गया था जिसके जीर्णोधार के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण सॉव को ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया गया था जिसे पी डब्ल्यू डी विभाग से स्वीकृत कर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है एवं ठेकेदार द्वारा शीघ्र कार्य शुरू किया जाएगा। अग्रवाल ने आगे बताया की पी डब्ल्यू डी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कुथरौद स्वागत द्वार के पास से 400 मीटर सीसी रोड सह नाली निर्माण तथा भटभेरा सुहेला से जरौद मार्ग तक लगभग 14 किलोमीटर में 02 कोट डामरीकरण कार्य किया जाएगा जिसकी लागत लगभग 9.60 करोड़ होगी। उक्त कार्य की स्वीकृति के लिए अनुपम अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री अरुण सॉव , मंत्री टंक राम वर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया है।उक्त निर्माण कार्य स्वीकृति पर भाजपा नेता तामेश्वर जायसवाल, यशवंत साहू, तिलक वर्मा, रामकुमार साहू, चैन कुमार जायसवाल, ओम प्रकाश पटेल, युगल राव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

राजनांदगांव/नव प्रदेश। खेल इवेंट की प्रभारी डाक्टर आराधना टोप्पो ने बताया की राजनांदगाव के अटल विहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मे 19 मार्च से वार्षिक उत्सव IRIS 2025 आयोजन का शुभारंभ हुआ है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव का आयोजन एक सप्ताह के लिए होना है, इसमें खेल के साथ, साहित्य, कलाकृति और संस्कृतिक कार्यक्रम होना है जो की 19 मार्च से प्रारम्भ होके 26 मार्च तक आयोजित होंगे जिसमे पूरा मेडिकल कालेज के छात्र स्टाफ बढ़कर हिस्सा लेंगे उद्घाटन के अवसर है प्रथम दिवस कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे उनके उपस्थति में खेल इवेंट का शुरुवात किया गया कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन के साथ उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर डीन डॉ. लुका, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ.देशकर, डॉ. जेठानी और खेल इवेंट के इंचार्ज डॉ.आराधना टोप्पो और डॉ. अनिल चन्द्रा व मेडिकल कालेज के स्टाफ डॉक्टर्स मुख्यरूप से उपस्थित थे।

दो सौ पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 24 मार्च को

धमतरी। धमतरी के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 मार्च, सोमवार को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में रायपुर के निजी संस्थानों द्वारा 200 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से चयनित होने वाले जिले के युवाओं को औसतन 13 हजार रूपये मासिक वेतन वाला रोजगार मिल सकेगा।

सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर चोरों के हुलिया का हुआ खुलासा

दुकान के गल्ले से चोरी, शातिर चोर को पुलिस ने घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

- **चोरी गई नकदी रकम बरामद और घटना में प्रयुक्त बाइक को पुलिस ने किया जब्त**

राजनांदगांव/नव प्रदेश। घटना का संक्षिप्त विवरणः- इस प्रकार है कि प्रार्थी जय किशन सोनकर पिता चोवाराम सोनकर निवासी नंदई चौक थाना बसंतपुर का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19.03.2025 को यह दोपहर अपने दुकान ओम स्टील एवं हार्डवेयर दुकान का शटर को आधा बंद कर खाना खाने के लिए गया हुआ था। वापस आकर देखा तो दुकान में रखे गल्ला बिखरा पडा हुआ था, जिसमें 18000/रूपये नगदी रकम नही था। कोई अज्ञात चोर द्वारा गल्ले में रखे नगदी रकम 18000/रूपये को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन व श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात

आरोपीगणों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश प्राप्त होने पर।

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर एक काला रंग के मोटर सायकल क्रमांक सी0जी0/07/सी0यू0/3516 में सवार दो लडके दुकान के सामने से गल्ले में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले जाते दिखे। अलग अलग जगहों के सी सी टी वी कैमरा चेक करने पर आरोपी का पहचान मो0 जुनैद पिता मो0 इमरान उम्र 19 साल निवासी भिलाई कोहका आई0टी0 स्कूल के पास पुलिस चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला जिला दुर्ग एवं अभिषेक सिंह पिता गुरमीत सिंह उम्र 19 साल निवासी कैलाश नगर थाना जामुल जिला दुर्ग का होना पाया गया ,जिन्हें भिलाई में घेरबन्दी कर पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी जुनैद ने बताया कि अपने पुराने मामले में पेशी दिलाने राजनांदगांव कोर्ट आया था पेशी दिलाने के बाद वापस घर भिलाई जाने के दौरान घटना को अंजाम दिया हूँ कह कर अपराध करना स्वीकार किया, आरोपी मो0 जुनैद से चोरी गई रकम में से 6320 रूपये एवं आरोपी अभिषेक सिंह से 6000/रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सी0जी0/07/सी0यू0/3516 जप्त कर आरोपगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय से आरोपीगणो का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी मोहम्मद जुनैद पिता मो0 इमरान आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्व थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 319/23 धारा 454,380 भादवि0, थाना सिटी कोतवाली जिला राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादवि0, थाना जामुल भिलाई जिला दुर्ग में अपराध क्रमांक 230/23 धारा 380 भादवि0 एवं थाना बालोद जिला बालोद में अपराध क्रमांक 507/2023 धारा 454,380 भादवि0 पंजीबद्ध है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि. देवादास भारती , विनोद जाटव आरक्षक कुश बघेल, आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान की सराहनीय भूमिका रही।

लू से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की मार्गदर्शी सलाह

- **तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति होती है उत्पन्न**

राजनांदगांव/नव प्रदेश। गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शी सलाह दी गई है। हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फरेनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते हैं, जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी,छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहें। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, जिससे हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीयें, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। उन्होंने प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लेने तथा उल्टी, सर दर्द, बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लेने कहा है।

अधेड़ ने लगाई फांसी, आरक्षक पर धमकाने का आरोप

नवागढ़। गुरुवार की सुबह नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम नेवशा में अधेड़ की लाश फंदे पर लटकी हुई मिली, जिसे देख गांव सहित अंचल में सनसनी मच गयी। मृतक परिजनों का आरोप है कि घटना के एक दिन पूर्व मृतक को पुलिसकर्मी ने झूठे केस में फंसाने को लेकर धमकाया था, जिससे वह मानसिक रूप से विचलित था। आक्रोशित परिजन नवागढ़ थाना आ पहुँचे, जहां बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर पूरे मामले की जांच कर पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। दरअसल मृतक कुमार साहू पिता रुंगु उम्र 53 निवासी ग्राम नेवशा ने एक पहले गांव के ही जित्तू साहू व अन्य के पास धान बेचा था, जिसका पैसा अभीतक उसे नही मिला था। उसी तरह गांव और क्षेत्र के कई किसानों ने जित्तू साहू व अन्य के पास धान बेचा और उनका भी भुकतान नही गया है, उक्त मामले को लेकर नवागढ़ थाना में अपराध दर्ज है एवं मामला न्यायालय में लंबित है। फ़िलहाल जित्तू जमानत पर है। मृतक परिजनों के मुताबिक होली के दिन कुमार जित्तू के घर अपने धान की राशि मांगने गया हुआ था, तब जित्तू व अन्य लोगो से उसकी झड़प हुई थी। जित्तू ने अपने घरवालों के साथ आकर नवागढ़ थाने में कुमार के खिलाफ शिकायत किया था। शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने कुमार साहू को दो-तीन बार नवागढ़ थाना बुलवाया था। परिजनों का आरोप है कि नवागढ़ थाने में

पदस्थ आरक्षक प्रकाश राजपूत ने एकपक्षीय व्यवहार करते हुए कुमार साहू को धमकाया और रिश्वत की मांग की थी। जिससे वह काफी परेशान था। गुरुवार की सुबह करीब 05 बजे कुमार अपने घर से गेहूं की फसल देखने के बहाने खेत की ओर गया था। तभी करीब 07 बजे ग्रामीणों ने देखा कि कुमार साहू की लाश परसा के पेड़ पर गमछे के फंदे से लटकी हुई थी। ग्रामीणों तत्काल इसकी सूचना नवागढ़ थाने के दी। घटना से आक्रोशित परिजन एवं साहू समाज के लोग नवागढ़ थाने पहुँचे और उक्त पुलिसकर्मी एवं जित्तू के ऊपर कार्रवाई की मांग को लेकर नवागढ़ थाने के दरवाजे पर धरना देकर बैठ गए। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी परिजनों के समर्थन में थाना पहुँची और उनसे बातचीत कर कार्रवाई नहीं होने पर जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक मामले को उठाने की बात कही। मामले की गम्भीरता के मद्देनजर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने मोर्चा सम्भाला और परिजनों को उचित करवाई का आश्वासन दिया। अंततः एसडीओपी को शिकायत सौंपने के पश्चात परिजन वापस हो गए। पोस्टमार्टम उपरांत गांव में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

जिले की महिलाएं सीखेंगी सिलाई का हुनर

धमतरी। मनरेगा के तहत काम करने वाली गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर और हुनरमंद बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद उन्हें बैंक से लोन की सुविधा देने के लिए परामर्श भी दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक की उम्र की गांव की बेरोजगार महिलाएं बड़ौदा आरसेटी धमतरी में 27 मार्च तक आवेदन जमा कर सकती हैं। सिलाई ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं को रहने की भी सुविधा दी जा रही है।

होलिका दहन की रात मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। थाना पांडातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया कला में होलिका दहन की रात हुए गंभीर मारपीट प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। प्रकरण का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 14.03.2025 को प्रार्थी अनुज निर्मलकर पिता छन्नू निर्मलकर निवासी ग्राम डोंगरिया कला ने थाना पांडातराई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अनिल चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी एवं रोहित ऊर्फगोलू चंद्रवंशी ने एक राय होकर रास्ता रोककर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ, मुक्के व डंडे से

मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल (रा.पु.से.) एवं पंकज पटेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक (रा.पु.से.) के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश की गई।

केसरवानी समाज ने किया होली मिलन का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। केसरवानी समाज के द्वारा केसरवानी मंगल भवन में होली मिलन का आयोजन एवं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशवनी शर्मा उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया का सम्मान किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच पर समाज के संरक्षक गरीबा लाल नगर सभा अध्यक्ष प्रदीप केशरवानी उपस्थित थे मंच संचालन दीपक केसरवानी. राजा ने किया आभार महामंत्री प्रवीण केशरवानी ने किया। होली फाग उत्सव का भजन केसरी नंदन दीपक केसरवानी ने किया एवं अन्य समाज में गुप्ता समाज ब्राह्मण समाज गुजराती समाज .पंजाबी समाज.. वर्मा समाज .अग्रवाल समाज की महिलाओं को भी

आमंत्रित किया गया था उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से चंद्र मोहन केशरवानी विनोद केशरवानी कमल केस. अशोक केसरवानी प्रमोद , रामकिसन नारायण, मयंक संतोष ,प्रेम प्रकाश, प्रभु लाल नवीन,विजय, विनोद ,राम नारायण, मुरारी लाल सुनील कुमार, मनोज एवं तरुण सभा से अभय, राहुल,प्रांजल, अमन , पंकज,सौरभ, अक्षत एवं महिला सभा से

अध्यक्ष बबीता केशरवानी मति रजनी, सोनाली केसरवानी मति कांति, रीता, पदमा, मुक्ता, स्वाति, पूजा, सपना, मयूरी, हर्षा एवं पूरी टीम उपस्थित थी

आंदोलन ... शासन की महात्वाकांक्षी योजना, पेंशन, पीएम ग्रामीण आवास प्रभावित

पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र व अन्य कामकाज ठप

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लॉक के 102 ग्राम पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया। सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव किया गया था उसके बाद नगरी ब्लॉक मुख्यालय में रावण भाटा मैदान नगरी में हड़ताल शुरू किया। दूसरे दिन भी बैठे दिखाई दिए उन्होंने आगामी 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का फैसला लिया है। पंचायत सचिवों के हड़ताल से पंचायत स्तर के सभी कामकाज प्रभावित हैं। शासन की महत्वाकांक्षी योजना

मनरेगा, पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना विभिन्न कामकाज पहले दिन ही प्रभावित हो गए। जिनके इसके बावजूद सबसे कम वेतन दिया जाता है। सरकार मांगों को दरकिनार किया है। हड़ताल से आने वाले दिनों में गांवों के विकास को लेकर किए जाने वाले काम प्रभावित होंगे। सचिवों ने कहा कि हड़ताल से बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड संबंधी समस्याओं को दूर करने भटकना पड़ेगा। पंचायत सचिव ने अपनी मांगों के समर्थन में कहा कि सचिवों से 29 विभागों का कार्य हमारे द्वारा किया जाता है प्रदर्शन स्थल में सचिवो ने कहा कि सरकार के द्वारा अपने घोषणा पत्र में लिखा गया था और एक साल अधिक होने के बाद भी सरकार द्वारा हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया है। जिसमें अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव सचिव रैनकुमार नेताम उपाध्यक्ष खूबचंद ध्रुव लक्ष्मी साहू कोषाध्यक्ष पीलाराम सेन सहसचिव सुखदेव भारती भूपेंद्र कुमार साहू, संरक्षक मदन सेन आसत समस्थ बुधराम नेताम ,भीखराय कुलदीप, बुधराम , गैंदलाल साहू, थानसिंह देवांगन, राम कुमार एल्मा, सुरेश कुमार, हुलेश प्रजापति भरोस कुमार साहू, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, भोलाराम साहू, लक्ष्मी साहू गोकुल नेताम देव सिंह सोरी रामप्रसाद सोरी बिरेंद्र कुमार साहू प्रीति दीवान किसुन भास्कर जोहर राम मरकाम ममता उईके सत्यभामा ध्रुव सोनउ राम नेताम शिवचरण ध्रुव भवानी प्रताप जागडें बिंदेश्वर यादव कैलाश कुमार साहू तुलसी चंद्राकर भूपेंद्र देवांगन ,द्वारिका प्रसाद कुर्रे, दिगम्बर कंवर, गैंदराम साहू थानसिंह देवांगन, छबिलाल मरकाम, संतोष कुमार ध्रुव, राधेराम मरकाम, कृष्ण कुमार नेताम, भूपेंद्र देवांगन ,विष्णु बघेल, विनोद जैन ,हरिशंकर साहू दयालु निषाद, खिंजनलाल भंडारी, बलराम चंदन अरुण कुमार साहू, बिसंतीन नेताम ,लखनऊराम मरकाम मिश्रीलाल नाग विष्णु नेताम धनुष नेताम बलराम नेताम प्रमोद कुमार महिलांगे खिलानंद नवरंग यशोदा कोर्राम शंकर ध्रुव एवं समस्त सचिव संघ के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गीता जयंती एवं यादव सम्मेलन 13 अप्रैल को आलीखुटा (रानीतराई) में

- **साहित्य कला शिक्षा खेल से जुड़े सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम आलीखुटा यादव समाज के संयोजन में गांव के यादव भवन मे 19 मार्च सोमवार को सिंगदइ सर्कल कोसरिया यादव समाज का बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अध्यक्ष विशारद यादव ,उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ,सचिव थनवार यादव ,सहसचीव मनोज यादव एवं पचईहां प्रमुख,भगवान सिंह यादव ,लालचंद यादव, लोरीक यादव ,कुशल यादव ,बसंत यादव और संरक्षक देवनारायण यादव, शिवलाल यादव एवं समस्त पंचगन भारी संख्या में उपस्थित रहे। सर्किल अध्यक्ष जी की नेतृत्व में समस्त सामाजिक पदाधिकारी द्वारा 13 अप्रैल को इस बार गीता जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें हर वर्ष की तरह सर्किल परंपरा को निभाते हुए इस बार भी समाज से जुड़े साहित्य कला खेल शिक्षा सभी क्षेत्रों मे समाज का नाम रोशन करने वाले यादव समाज के प्रतिभाओं को समाज द्वारा सामाजिक गौरव सम्मान दिया जाना है।

दो दिवसीय प्रवास पर खैरागढ़ पहुंचे राज्यपाल, ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

■ शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। दो दिवसीय शहर प्रवास पर पहुँचे राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्टरेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेकर उनकी समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा , पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, वनमंडलाधिकारी आलोक तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जिले में संचालित अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते जिला सीईओ ने जिले में कुल 31 अमृत सरोवर की जानकारी के बाद राज्यपाल डेका ने सरोवरों के आसपास पेड़ लगाने , जल संचयन के उपाय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जल स्तर की जानकारी लेते संबंधित अधिकारियों को कहा कि ग्रामीण जनों को जल स्तर बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

पर्यावरण संरक्षण, सहकारी संस्थाएं और जनजातीय विकास पर फोकस : राज्यपाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की समीक्षा की, जिसमें विभाग ने जानकारी दी कि अब तक जिले में 2,31,083 पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से वृक्षारोपण के महत्व के बारे में नागरिकों को जागरूक करने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने कहा। सहकारी संस्थाओं की समीक्षा में राज्यपाल ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए । उन्होंने जनजातीय और वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का विकास करने और इन क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए उपाय करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि सही समय पर जनजातीय समुदायों को इनका लाभ मिल सके। राज्यपाल ने श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की भी जानकारी ली और श्रम विभाग से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी। अंत में, राज्यपाल ने कृषि विभाग की समीक्षा की, जिसमें जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए चल रही गतिविधियों की जानकारी ली गई। उन्होंने कोदो फसल प्रदर्शन और जैविक खेती मिशन के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की और इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर परिसर मे मां के नाम रोपा रूद्राक्ष का पौधा : जिला कार्यालय पहुँचे राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रोरेट परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई । इससे पहले राज्यपाल डेका ने कलेक्ट्रोरेट परिसर मे स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धाजंलि दी । राज्यपाल डेका ने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते कहा कि वृक्षारोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है । पेड़ न केवल पर्यावरण की रक्षा करते है बल्कि हमारी संस्कृति मे भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है ।

टीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। सीएमएचओ ने जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे प्रयासों और पीएम निक्षय पोषण आहार योजना की जानकारी दी। राज्यपाल ने लाइव टीबी केस की जानकारी भी ली और जिला प्रशासन को जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया ताकि टीबी से बचाव और उपचार की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंच सके। इसके अलावा, राज्यपाल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा भी की और टीबी उन्मूलन में रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली और समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो सुनिश्चित

बैठक के समापन पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि जिले के विकास के लिए सभी नागरिकों को प्रदेश की योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए और समय पर उनका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और टीबी मुक्त भारत के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की बात कही।

रिसाई माता मंदिर में ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

धमतरी/नवप्रदेश। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जय जगत जननी रिसाई माता मंदिर प्रागंण रामसागर पारा शिवचौक में चैत्र नवरात्र पर्व में घृत कलश प्रज्जवलित करवाने हेतु राशि 1251 रु. मात्र एवं तेल कलश ज्योति प्रज्जवलित करवाने हेतु राशि 1001रु मात्र निर्धारित किया गया है। राशि जमा करवाने की अंतिम तिथि 30.मार्च शाम 4:00 बजे तक निर्धारित है । भक्तगण कार्यालय में राशि जमा कर ज्योति कलश नंबर सुरक्षित करवा सकते हैं । ज्योति कलश स्थापना 30 मार्च, दिन-रविवार संध्या-06:00 बजे गौधूलि बेला पर, पंचमी तिथि 02 अप्रैल बधुवार, हवनपूजन एवं पूर्णाहूतिं 05 अप्रैल शनिवार शाम 05:30 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक किया जावेगा। 06 अप्रैल दिन-रविवार, नवमी मे नव कन्या भोजन सुबह 11:00 बजे दिन को रखा गया है। श्रद्धालुगण नव कन्या भोजन हेतु 51रु से माता ईच्छा तक राशि जमा कर नव कन्या भोजन में आपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते है। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा ने दी है ।

आरटीई की तहत आवेदन 31 मार्च तक

धमतरी/नवप्रदेश। निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश के लिए 31 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की पहले चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो कि 31 मार्च 2025 तक चलेगी। जिले में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र और आवेदन के लिए पात्रता की जानकारी भी आरटीई पोर्टल के छात्र पंजीयन उपलब्ध है। ऑनलाईन फॉर्म भरने के बाद आवेदक निजी विद्यालय के नोडल प्राचार्य के पास आवेदन फॉर्म के साथ सभी दस्तावेज जमा करना होगा।

कलेक्टर पहुंचे कृषि महाविद्यालय

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद विकासखंड में संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और महाविद्यालय के प्राचार्य से महाविद्यालय में छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा, छात्रों की संख्या, महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कामों की जानकारी ली। महाविद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां बालक एवं बालिका के लिए अलग-अलग छात्रावास संचालित है। वर्तमान में छात्रों की परीक्षायें चल रही है। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई रखने तथा लैब को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

समूह की महिलाएं मुर्गियां पालकर करेंगी आय अर्जित

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद में संचालित आधुनिक पोल्ट्री फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने फार्म के संचालक श्री अनूप देवांगन से फार्म संबंधी विस्तृत जानकारी ली। श्री देवांगन ने बताया कि फार्म में 2 हजार मुर्गियां है, जिनसे वे अंडा उत्पादन करते है।

ग्रामीणों सहित समिति सदस्यों का फूटा गुस्सा, कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

शराब पीकर स्कूल आता है शिक्षक दो माह से बिना सूचना के नदारद

खैरागढ़/नवप्रदेश। दो माह से बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षक के खिलाफ लगातार शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होने को लेकर ग्रामीण सहित शाला प्रबंधन समिति पदाधिकारी अब बड़े आंदोलन की तैयारी मे जूट गए है । मामला जिले के खैरागढ़ ब्लाक स्थित शा प्राशाला साल्हेभर्री का बताया गया है । शाला प्रबंधन समिति सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय मे ज्ञापन सौंप नदारद शिक्षक पर कार्यवाही की मांग की है ।

समिति सदस्यों ने दिए ज्ञापन मे बताया कि प्राशा साल्हेभर्री मे पदस्थ शिक्षक घनश्याम दास बंजारे विगत दो माह से स्कूल से बिना सूचना के नदारद है । कभी कभार स्कूल आने के दौरान वह शराब के नशे मे रहता है । शराब पीकर स्कूल आने और लगातार स्कूल से नदारद रहने की जानकारी ग्रामीणो द्वारा पहले भी जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई थी । मामले मे विभाग ने जांच कार्यवाही भी की थी । जिसमे मामला प्रमाणित पाए जाने के बाद उक्त शिक्षक घनश्याम दास बंजारे द्वारा भविष्य मे ऐसी गलती नही करने, नियमित स्कूल आकर अध्यापन कराने की लिखित माफीनामा भी अधिकारियो के समक्ष दिया गया था । लेकिन जांच समिति जाने के बाद से उक्त शिक्षक फिर से लगातार बिना सूचना के नदारद है । ग्रामीणो की समझाइश के बाद भी शिक्षक द्वारा स्कूल आने के दौरान नशे मे होने, लगातार एक फरवरी से नदारद रहने के चलते ग्रामीण अब आक्रोशित हो गए है ।

समिति सदस्यो ने शिक्षक घनश्याम दास बंजारे को स्कूल से हटाकर अन्यत्र भेजने और कड़ी कार्यवाही की मांग दोहराई है ।

पहले भी हो चुके निलंबित

साल्हेभर्री मे पदस्थ घनश्याम दास बंजारे इससे पहले भी निलंबित हो चुका है । पहले वह ब्लाक के करेलागढ़ प्राशा मे पदस्थ था । वहाँ भी शराब पीकर स्कूल आने , स्कूल मे अध्यापन कार्य नही करने और ग्रामीणो की लगातार शिकायत और आंदोलन की सूचना देने के बाद आनन फानन मे उसे निलंबित कर साल्हेभर्री मे पदस्थ किया गया था । लेकिन उनकी आदत यहाँ भी नही सुधर पाई । अब ग्रामीणो ने शिक्षक पर जानबूझकर कार्यवाही नही करने का आरोप लगाते बताया कि शाला प्रबंधन समिति सदस्यो ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मामले मे पूछताछ कर कार्यवाही की जानकारी मांगी तो विभागीय अधिकारी ने शिक्षक के खिलाफ जांच प्रतिवेदन जिला शिक्षा कार्यालय भेजने की जानकारी देते कार्यवाही वही से होने का हवाला दे दिया । ग्रामीणो ने बताया कि शिकायत के बाद भी जिला शिक्षा कार्यालय उक्त शिक्षक को बचाने मे जूटा है । इसके चलते ग्रामीणो सहित शाला प्रबंधन समिति पदाधिकारियो ने आंदोलन की चेतावनी दी है ।

औषधि विक्रेता संघ की कार्यशाला

धमतरी/नवप्रदेश। जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा 20 मार्च 2025 को गौरव केमिस्ट भवन धमतरी में औषधि एवं खाद्य विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिले के एडीसी संजय राजपूत द्वारा कार्यशाला में मुख्य बाते कहीं गई जिसमें NR& medicine v Hv medicine ·¤æ Record बराबर रखना है। जिले के सभी केमिस्ट की दुकानों में CC TV कैमरा लगाना अनिवार्य होगा।

नशेड़ी लोगों को पहचान कर उन्हे उक्त दवा ना दे.। ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी सुमित देवांगन निकिता श्रीवास्तव लोकेश साहू खाद्य विभाग से अक्षय सोनी एवं फणीश्वर पिथौरा द्वारा फूड से संबंधित जानकारी दी गई जिसम केमिस्ट को फूड से संबंधित सारी अधिनियम की वस्तुएं चूहे से बचने के लिए कांच के अंदर रखने की हिदायत दी एवं एक्सपायरी पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।

संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने अपने उद्बोधन में सभी केमिस्ट भाइयों से अपील किया जिस तरह से कोविड के समय में धमतरी के केमिस्ट भाइयों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा किया। उसी प्रकार अच्छे समाज के निर्माण में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। और अपना व्यापार सेवा के रूप में करें और ग्राहक को पहचाने कि वह आपकी दवाई का उपयोग करें ना कि इसका दुरुपयोग ।

इस अवसर पर औषधि विक्रेता संघ के सचिव सतराम वासानी कोषाध्यक्ष नीरज किरण संरक्षक मनीष चंद्राकर संयोजक तेजपाल जैन बलराज खंडेलवाल मंच संचालन गोविंद गांधी रुद्री जोन अध्यक्ष राकेश साहू रोशन साहू पुरुषोत्तम वासानी लक्ष्मण लालवानी अजय पटवारी गजेंद्र साहू उत्तम सिंहा रेवती रमण तिवारी इंदु हिंदूजा डॉ दिनेश नाग मनीष साहू यदिप साहू रूपेंद्र साहू दिपेश मेहता आशीष जैन दीनू पंजवानी प्रकाश वासानी विजय जसूजा गोपी साहू अजय खटवानी मुन्ना साहू योगेश गुप्ता लक्ष्मण साहू नीरज नाहर अंकित बंगानी चंद्रदीप सिंह भावेश नाहर एवं अधिक संख्या में शहर के केमिस्ट उपस्थित रहे।

हैदराबाद की प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर पहुंच रही रायपुर

सही निर्णय लेने व जीवन यात्रा में आगे बढ़ने में मिलेगी सहायता

रायपुर। तेलंगाना के हैदराबाद की प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर आरती बलदवा 25 मार्च को राजधानी रायपुर पहुंच रही है जहां सदर बाजार स्थित सहेली ज्वैलर्स में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आरती राजधानीवासियों से मिलकर उनसे व्यापक अनुभव साझा करेगी।

इस दौरान सटीक और सार्थक रीडिंग प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वह व्यक्तियों को उनके जीवन में स्पष्टता और समझ हासिल करने में सहायता करेगी। साथ ही दिशा चाहने वाले व्यक्तियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही अपनी रीडिंग के माध्यम से लोगों को सही निर्णय लेने और जीवन की यात्रा को आगे बढ़ाने में भी मदद की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाना होगा जिसके लिए अनिता खंडेलवाल, सविता गुप्ता व कविता राठी नियुक्त किए गए है। कार्यक्रम में तंबोला गेम भी खिलाया जाएगा। इसके साथ ही सहेली ज्वैलर्स द्वारा अनेक उपहार बांटे जाएंगे।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

धमतरी/नवप्रदेश। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जिले के 108 गांवों का चयन किया जाना है। इस संबंध में 24 को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा अधिकारियों की बैठक लेंगे। जनपद पंचायत सभाकक्ष नगरी में दोपहर 3 बजे से आयोजित इस बैठक में योजना के सफल क्रियान्वयन की विस्तृत चर्चा की जाएगी।

सरकार की शह पर अधिकारी कर रहे माफियाओं का सहयोग

युंकाध्यक्ष ने ली प्रेस वार्ता

खैरागढ़/नवप्रदेश। इधर जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने अवैध शराब बिक्री पर सरकार की शह पर अधिकारियो द्वारा बढ़ावा देने का आरोप लगाया है । प्रेस वार्ता आयोजित कर तिवारी ने कहा कि प्रदेश मे शराब बिक्री बढ़ाने मे जूटी साय सरकार नए शराब दुकान खोलने और प्रदेश के युवाओ को रोजगार की बजाय नशेबाज बनाने मे जूटी है । तिवारी ने कहा कि अधिकारियो की शह पर जिले मे अवैध शराब बिक्री का कारोबार लगातार जारी है । जिले के बूंदेली, बाजार अतरिया, उदयपूर, कोटरा, बोरई, सुराडबरी, पदमावतीपूर, शाखा, जालबांधा मे शुष्क दिवस पर शराब की बिक्री की गई । खुड़मुड़ी पंचायत सरपंच द्वारा विरोध पर जान से मारने की धमकी देना भी इसी का हिस्सा है ।

तिवारी ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग के सरंक्षण मे ही अवैध शराब बिक्री कराई जा रही है । जिले से सटे मप्र सीमा से अवैध शराब की बड़ी खेप जिले मे पहुँच रही है । आबकारी विभाग की दुकानो से ही अवैध कारोबारियो की पोल खुल सकती है । अवैध शराब के खिलाफ विरोध पर पुलिस और आबकारी विभाग केवल छोटे मोटे कोचियो को पकड़ कर खाना पूर्ति कर रही है । जबकि बड़े माफिआओ को सरंक्षण दिया जा रहा है । अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर थाना प्रभारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर तिवारी ने कहा कि शिकायत पर ऐसे व्यवहार से अवैध कारोबार को शह मिल रहा है । खुलेआम ऐसे माफिआ धमकी दे रहे है । इसी तरह अवैध ईंट भटठो की शिकायत पर खनिज विभाग भी संरक्षण दे रहा है ।

कलेक्टर की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान

कलेक्टर ने बिजनापुरी में साड़ी निर्माण इकाई का किया निरीक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिजनापुरी में महिलाओं द्वारा तैयार की जाने वाली संबलपुरी साड़ी निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया पूर्व में उनके द्वारा कपड़ा बनाने का सामान्य काम किया जाता था, लेकिन अब प्रशिक्षण प्राप्त कर वे महिलायें फैंसी व आकर्षक साड़ियों का निर्माण करने लगी है, जिससे अब उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस काम को और बड़े पैमाने पर करने हेतु योजना बनायें। इसके लिए विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले प्रमुख बाजारों तक इनकी पहुंच बनायें। इसके साथ ही साड़ी निर्माण केन्द्र में शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों का दिये। इस दौरान कलेक्टर ने कुरूद में संचालित बांस हाथकरघा ड्राइंग यूनिट का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम नारी में संचालित माटीकला केन्द्र का भी अवलोकन किया और वहां मिट्टी से तैयार किये जाने वाले विभिन्न उत्पादों को देखा। कलेक्टर ने माटी से तैयार की गयी इन आकृतियों की प्रसन्नता करते हुए कहा कि केन्द्र में तैयार इन आकृतियों को विक्रय हेतु ऑनलाईन, बड़े बाजार तथा ऐसे स्थान जहां इनकी मांग अधिक है, वहां पहुंचायें। इस दौरान कलेक्टर ने प्रौद्योगिकी ग्राम सिरी का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में यह भवन संचालित था, किन्तु कुछ समय से बंद है।

कलेक्टर ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भवन को प्रारंभ करने हेतु आवश्यक खर्च सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

अवैध कब्जे हटाए.. *लाखों-करोड़ों रूपयों की बेशकीमती जमीनों का जो खेल नजूल विभाग में हो रहा है उसे रोकें*

कलेक्टर से नजूल अतिक्रमितभूमि को निरस्त करने की मांग की ओस्तवाल ने

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आवेदक रूपचंद भीमनानी पिता हसमत राय भीमनानी निवासी पुरानी सिविल लाइन राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला पुरानी सिविल लाइन राजनांदगांव स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 46डी प्लाट नं. 12 में से 490 वर्गफीट का स्थायी पट्टा प्रदान किये जाने हेतु जो आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो नजूल संधारण खसरा में मोहल्ला टांकापारा शीट क्र. 46डी भूखण्ड क्र. 12/1 क्षेत्रफल 4478.28 वर्गमीटर रास्ता छ.ग. शासन नजूल के नाम से दर्ज है व रा.नि. नजूल द्वारा आवेदित भूखण्ड के अंश भाग क्षेत्रफल 44.60 वर्गमीटर पर आवेदक का कब्जा होना जो बताया गया है उस सम्पूर्ण मामले की कब्जे की जाँच करवाकर नजूल पट्टे की भूमि को तत्काल पट्टा निरस्त किये जाने की मांग राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से राजनांदगांव जिले के कलेक्टर/जिला दण्डाधिकारी से अनुरोध है कि राजनांदगांव शहर में नजूल अतिक्रमित भूमि के नाम पर जो स्थायी पट्टा प्रदान किये जाने एवं इतनी महंगी किमती जमीनों का जो खेल जिला कार्यालय के नजूल विभाग में हो रहा है वह शासन के हित में नही है क्या उक्त नजूल भूमि उक्त आवेदक के कब्जे में कितने वर्षो से है इसकी जाँच की जाए और शासन के नजूल राजस्व रिकार्ड में अवैध कब्जे का जो संधारण किसके नाम पर कब से है उसकी भी जाँच की जाए क्योंकि राज्य शासन के द्वारा उक्त नजूल अतिक्रमित भूमि जो कांग्रेस के भूपेश बघेल जी के शासन में जनहित के लिए जो लाई गई थी लेकिन उसका जनहित में उपयोग ना होकर उक्त भूमि स्वामियों और भूमाफियों के द्वारा अतिक्रमित भूमि को जो लाखो-करोड़ों रूपयों की भूमि को बड़े भूभाग क्षेत्रफल में अतिक्रमित भूमि दर्शाकर और कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के चलते जो नजूल अतिक्रमित भूमि का खेल राजनांदगांव निगम सीमा में हुआ है उसका खुलासा अतिक्रमित भूमि स्वामियों को जो आबंटित क्षेत्रफल जिस वार्ड में जिस जगह पर जिन भूमि स्वामियों के नाम से किया गया है उसका खुलासा समाचार पत्रों में करवा दीजिए जिससे अतिक्रमित भूमि के नाम पर डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में जिन-जिन भूमि स्वामियों से कितनी राशि लेकर अतिक्रमित भूमि को उन भूमि स्वामियों के नाम किया गया है उसमें गंभीर भ्रष्टचार सामने आएगा क्योंकि मेरे द्वारा आरटीआई कानून के तहत् अतिक्रमित नजूल आबंटित भूमि एवं निरस्त किये गए भूमि स्वामियों के नामों की जानकारी जब आपके विभाग से चाही गई तो वह जानकारी नही दी गई और उन्होंने कानून का एक हवाला देते हुए उक्त खसरा नंबरो से नकल से मांगने की सलाह मुझे दे दी। इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप एक जिले के ईमानदार कलेक्टर होने के नाते तत्काल पूर्व में हुई अतिक्रमित भूमि जिन भूमि स्वामियों के नाम आबंटित की गई है उनकी जाँच करवाने का आदेश करें और सिविल लाइन मोहल्ला टांकापारा की इस नजूल शीट क्र . 46डी प्लाट नं. 12 में से जो क्षेत्रफल 44.60 वर्गमीटर पर आवेदक का कब्जा होना बताया गया है उस नजूल भूमि को तत्काल निरस्त करें एवं नजूल भूमि नगर पालिक निगम आयुक्त राजनांदगांव के नाम किया जाना शासनहित और जनहित में उचित होगा ।

विधानसभा में 6 विधेयक पारित

अब छत्तीसगढ़ में होगा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन

- ऑनलाइन करा सकेंगे रजिस्ट्री, प्रदेश में खुलेगा 18वां निजी यूनिवर्सिटी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन आज 6 महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन होगा। इस उद्देश्य से विधेयक आज विधानसभा में पारित हुए। अब पुलिस बल के 500 जवान प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ में जाएंगे। इन जवानों को प्रदेश के औद्योगिक संस्थाओं की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

रुंगटा इंटरनेशनल स्किल विश्वविद्यालय बनेगा निजी क्षेत्र का 18वां यूनिवर्सिटी

विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया. इसके जरिए प्रदेश में एक और निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की अनुमति दे दी गई। रुंगटा इंटरनेशनल स्किल विश्वविद्यालय प्रदेश में निजी क्षेत्र का 18वां विश्वविद्यालय बनेगा। इन विधेयकों के पारित होने के दौरान दो बार विपक्षी सदस्यों ने बहिर्गमन किया। रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक में वित्तीय ज्ञापन न होने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया। उससे पहले छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक को लेकर भी आपत्ति जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया

ऑनलाइन फार्म के जरिए करा सकेंगे रजिस्ट्री

रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक भी आज सदन में पारित हुआ। 100 साल पुरानी प्रावधान को बदलते हुए कई नई चीज अब रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल कर दी गई है। अब रजिस्ट्री को आधार, पैन से लिंक किया जा सकेगा। ऑनलाइन फार्म के जरिए रजिस्ट्री संपादित कराई जा सकेगी। रजिस्ट्री में कुछ त्रुटि हुई तो आईजी उसका निराकरण कर सकेंगे। इस तरह के करीब 36 बदलाव पुराने कानून में किए गए हैं।

उद्योग का पंजीयन नहीं कराने पर अब नहीं होगा जेल : छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 भी पारित किया गया। इसके तहत प्रदेश के उद्योगों को कई सहूलियत प्रदान की गई है। उद्योग का पंजीयन नहीं कराने पर अब जेल की सजा नहीं होगी। बस जुर्माना अदा करना होगा। श्रमिकों को हड़ताल करने से 6 सप्ताह पहले सूचना देनी होगी। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि ऐसे प्रावधान से प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति संशोधन विधेयक के जरिए अब सचिव स्तर के अधिकारी को भी राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त बनने की पात्रता दे दी गई है।

छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी पारित

विधानसभा में आपातकाल में आवाज उठाने वाले लोगों को राज्य सरकार की ओर से सम्मान देने के लिए छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी पारित हुआ। पहले यह सिर्फ नियम था। अब इसे एक्ट का रूप दे दिया गया है.

सिंह की दहाड़ और सागर जैसी गंभीरता के प्रतिबिंब

छत्तीसगढ़िया सिंह 'शेर' अभी जिंदा हैं...

.15 साल की विकास यात्रा की गौरव गाथा लिखने वाले डॉ. रमन सिंह अब सदन में माननीयों की क्लास के महागुरु की भूमिका में

- सदन में ज्वार-भाटा के ऊफान को शांत कराते रहे
- आज भी लोगों के दिलों में सर्वकालिक लोकप्रिय

मधुकर दुबे

रायपुर/नवप्रदेश। अपने मुख्यमंत्रित्व काल के 15 साल की विकास यात्रा की गौरव गाथा लिखने वाले डॉ. रमन सिंह अब सदन में माननीयों की क्लास के महागुरु की भूमिका में हैं। विधानसभा बजट सत्र के दौरान डॉक्टर रमन सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष के रूप में बड़ी ही गंभीरता के साथ कमान संभाली, उनकी हर एक बात को पक्ष-विपक्ष के माननीयों से बड़ी शिद्दत से मानी और उनके अनुभवों का लाभ लिया। पूरे सदन की कार्रवाई के दौरान जो तस्वीरें और वाक्या प्रदेश की जनता ने देखा, उससे डॉक्टर साहब के प्रति अगाध विश्वास और आस्था के भाव को अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। ऐसे में लोग कह रहे हैं कि भले ही डॉक्टर रमन सिंह मुख्यमंत्री न हो लेकिन वे सदन की कार्रवाई से यही भाव निकला आज भी एक प्रदेश की मुखिया के रूप में अपनी अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका निभा रहे हैं, युवा तो उन्हें ऑइकान मानते हुए छत्तीसगढ़िया शेर और टाईगर सहित एक अभिवावक की संज्ञा दे रहे हैं। अब चर्चाएं आम हैं कि रमन सिंह साय सरकार के संरक्षक हैं तो हर एक-एक जनकल्याणकारी योजनाएं सांय-सांय होंगी। सदन में भी सत्ता पक्ष ने खुले तौर पर तो विपक्ष ने भी मौन रूप से यह स्वीकार किया, छत्तीसगढ़ में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वे सब डॉक्टर रमन सिंह के कार्यकाल में हुए हैं, उनके कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ की पीडीएस प्रणाली तो पूरे देश में इतनी चर्चित हुई कि लोग उन्हें चावल वाले बाबा कहने लगे। माना कुछ विसंगितयां किसी घटना के द्वारा पैदा हुई हो। लेकिन डॉक्टर रमन सिंह की सरलता और सज्जनता और उनके विकास के महानपुरूष के रूप में आज भी जनता मानती है। क्योंकि विकास सिर्फ सड़क और मूलभूत सुविधाओं तक ही सीमित नहीं रहा, कई नवाचार के जरिए डॉ. रमन सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को एक मॉडल राज्य बनाया। ये दीगर है कि छत्तीसगढ़ के लाखों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं, लेकिन उसकी आधारशिला तो रमन सिंह ने ही रखी थी। डॉ. रमन सिंह की दूरगामी सोच का ही नतीजा है कि आज उनके द्वारा बनाई गई योजनाओं की प्रासंगिकता और मौलिकता बनी हुई है। सबसे बड़ी बात रही है कि 2018 के चुनाव में भाजपा के सत्ता से बेदखल होने के पीछे कुछ मंत्रियों की कार्यशैली को लेकर कांग्रेस ने एक नैरेटिव फलाई थी, लेकिन रमन सिंह के प्रति उस समय भी और आज भी वे एक विकास महापुरुष और सर्वकालिक लोकप्रियता के रूप में आज भी लोगों के दिलों में विद्यमान हैं, बताते चलें, कांग्रेस सरकार ने एक भी भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध नहीं कर सकी। बता दें, रमन सिंह पर कई आरोप लगाए थे कि ताकि एक नैरेटिव फैलाई जा सके। लेकिन उन पर कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हुए। आज हर संघर्ष में जीत हासिल करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भूमिका निभा रहे हैं। चौंकाने वाली बात है कि पूरे प्रदेश की जनता उनके कार्यवाही के हर एक वक्तव्य रूचि से सुनती रही। और जिस तरह से उन्होंने सरकार के मंत्रियों और विपक्ष के सदस्यों को समझाकर उन्होंने अपने अनुभव को बांटा वे मिसाल ही नहीं बेमिसाल, अतुलनीय और अनुकरणीय है। हो सकता है कि माननीयों के राजनीतिक जीवन के लिए बड़ा ही उपयोगी साबित होगा।

निजी विवि खोलने से बेहतर है कॉलेज खोलें : व्यास कश्यप

कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने कहा, निजी विश्वविद्यालय खोले जाने चाहिए। छत्तीसगढ़ में छात्रों को बेहतर शिक्षा दिए जाने के प्रयास होने चाहिए। सिर्फ़ इंडेक्स बढ़ाने के लिए इतने विश्वविद्यालय नहीं खोले जाने चाहिए। निजी विश्वविद्यालय के अधिकांश छात्र बड़े घरों के होते हैं और सिर्फ डिग्री लेने के लिए प्रवेश लेते हैं। निजी विश्वविद्यालय डिग्री बेचने का काम करते हैं. निजी विश्वविद्यालय शिक्षा की हत्या है। निजी विश्वविद्यालय खोलने से बेहतर है कॉलेज खोलें।

छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक सदन में पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक लाने पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस विधेयक में समवर्ती सूची के विषय का उल्लेख नहीं होने पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समवर्ती सूची 3 के पैरा 20 के सामाजिक शब्द के उल्लेख की बात कही। संविधान में सामाजिक/आर्थिक क्षेत्र में नियम-कानून बनाना राज्य सूची में होने की जानकारी दी। इसके बाद विधानसभा के सभापति ने विपक्ष की आपत्ति को खारिज किया, इससे नाराज होकर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। वहीं चर्चा के बाद सर्वसम्मति से विधेयक को सदन में पारित किया गया। नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधेयक पर आपत्ति करते हुए कहा कि यह तो संविधान के खिलाफ है। इस विषय पर कानून बनाने का अधिकार विधानसभा के पास नहीं है, क्योंकि संविधान में निहित राज्यों की सूची में इस विषय पर कानून बनाने का अधिकार विधानमंडल को नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्होंने सभापति से इस विधेयक को स्थगित करने की मांग करते हुए कहा कि इस पर चर्चा कराने का कोई औचित्य ही नहीं है। डॉ. महंत की आपत्ति के बाद सदन में कुछ देर के लिए खामोशी छा गई. डॉ. महंत ने इस पर कानून मंत्री अरुण साव से भी जवाब मांगा। चर्चा के बीच में विधानमंडल की किताब निकाली गई। भाजपा विधायक ने किताब के हवाले से कहा कि कानून बनाने का अधिकार विधानमंडल को है। इसमें सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र का उल्लेख है। यह राज्य की सूची में शामिल है इसलिए इस विधेयक पर चर्चा हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अजय चंद्राकर की बात को आगे ब?ाते हुए कहा कि इस विषय पर मध्यप्रदेश में 2018 में कानून बन चुका है. यह राज्य की सूची में शामिल है। इसमें सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र निहित है. चूंकि यह सम्मान लोकतंत्र के सेनानियों के सम्मान से जुड़ा है और यह समाज का हिस्सा है. लोकतंत्र की हत्या करने वालों के विरुद्ध लड़ने वालों का सम्मान करने की बात हो रही है इसलिए इस पर चर्चा होनी चाहिए। सभापति की ओर से इस पर व्यवस्था देते हुए नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति खारिज कर दी गई और विधेयक पर सदस्यों की चर्चा की अनुमति दी गई।

आपत्ति खारिज होने पर विपक्ष ने इस चर्चा से हिस्सा लेने से इंकार करते हुए सदन से बहिगर्मन कर दिया। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत भाजपा विधायक अमर अग्रवाल ने की। अमर अग्रवाल ने 1975 के आपातकाल को याद करते हुए कहा कि यह इतिहास का सबसे काला दिन था। इसके खिलाफ लड़ने वाले सेनानियों को कांग्रेस की सरकार ने जेलों में बंद कर दिया था। इसी तरह भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, सुशांत शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने अपनी बात कही। मुख्यमंत्री ने भी विधेयक में चर्चा के दौरान कहा कि देश इसे कभी नहीं भूला पाएगा। देश में लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया. एक पूरी पीढ़ी इस दंश को झेला था। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से विधेयक को सदन में पारित किया गया।

नए विधायकों को जमीन आवंटन का मामला धर्मजीत और मूणत ने उठाया

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के सत्रहवें और अंतिम दिन प्रश्नकाल में नए विधायकों को राजधानी में जमीन आवंटन का मामला विधायक धर्मजीत सिंह और राजेश मूणत ने उठाया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अभी जमीन चिन्हांकन की कार्रवाई हो रही है। नवा रायपुर में नकटी गांव में जमीन देने का विचार चल रहा है। आवंटन के लिए अभी अंतिम निर्णय बाकी है। विधायक धर्मजीत सिंह ने विषय उठाते हुए कहा कि नए विधायकों को राजधानी में रहने की व्यवस्था नहीं है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मामला संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की जानकारी में है। हम जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे। विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजे की स्थिति का मामला उठाया? उन्होंने कहा कि पिछले बार जवाब में 820.783 हेक्टेयर आया था। एक जैसा प्रश्न, मंत्री भी एक। लेकिन उत्तर 3 बार गलत तो आखिरकार कौन से उत्तर को सही माने? राजस्व मंत्री टकराम वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले के निजी भूमि कुल रकबा कुल मिलाकर 141.23 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की गई है. विधायक ने कहा कि इसके पहले 141.5, उसके ठीक बार फिर अलग जवाब, उत्तर सही कौन सा है? 820 और 143 जमीन-असमान का अंतर है? इस पर मंत्री ने कहा कि दोनों ही जानकारियों में अन्तर क्यों आया, इसको मैं चेक करता हूं. इस पर विधायक ने कहा कि यह लगातार हो रहा है। विधानसभा को लगातार अलग-अलग उत्तर देने पर अधिकारियों पर कार्यवाही करिए? इस पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अगर आप जवाब से असंतुष्ट है तो आप उसकी प्रक्रिया कर लें। हम आगे बढ़ जाएंगे। इस पर नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि जो अन्तर आ रहा है वह बड़ा अंतर है।

प्रदेश में हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य करने का अशासकीय संकल्प विधायक चंद्राकर ने लिया वापस

प्रदेश में बाइक चालकों को हेलमेट एवं कार चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य करने का अशासकीय संकल्प वापस लिया गया. विधानसभा में यह अशासकीय संकल्प भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने लाया था। इस अशासकीय संकल्प पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह अशासकीय संकल्प अमूल्य है। बाइक खरीदी के साथ ही हेलमेट खरीदी अनिवार्य हो, इसके लिए जो भी कानूनी प्रावधान जरूरी होगा उस पर विमर्श कर इसे लागू किया जाएगा।

गृहमत्री शर्मा ने कहा, कानून के डंडे से पुलिस खड़ा कर क्या-क्या ठीक किया जाएगा? एक्सीडेंट हो जाना और सीट बेल्ट लगाकर या हेलमेट लगाकर उस घटने को कम कर लेना ये अलग विषय है। 104 ब्लैक स्पॉट में से 90 ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त किया गया है। अभी 190 और ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया है. इस बार के बजट में 60 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिनसे ब्लैक स्पॉट दुरुस्त किए जाएंगे। यह सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

हेलमेट नहीं लगाने पर ढाई करोड़ रुपए और सीट बेल्ट नहीं लगाने पर एक करोड़ रुपए की वसूली : शर्मा

विजय शर्मा ने कहा, हेलमेट को लेकर कानून हैं। केंद्रीय मोटरयान और छत्तीसगढ़ मोटरयान जैसे कानून है, पिछले साल प्रदेशभर में 41 हजार कार्रवाई की गई। हेलमेट नहीं लगाने पर ढाई करोड़ रुपए और सीट बेल्ट नहीं लगाने पर एक करोड़ रुपए की वसूली की गई है। इस कानून का मजबूती से पालन करना ही है. प्रशासन पर्याप्त कार्रवाई कर रही है। जनजागरूकता के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास की जरूरत है इसलिए अजय चंद्राकर इस संकल्प को वापस ले लें।

रामविचार नेताम के नाम पर बनाना पड़ जाता यूनिवर्सिटी : अजय चंद्राकर

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मंत्री ने सारी जिम्मेदारी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर छोड़ दिया है. यदि सब कुछ जनता को ही करना है तो मैं संकल्प वापस ले लेता हूं. इससे पहले सदन में अशासकीय संकल्प पेश करते हुए अजय चंद्राकर ने सड़क हादसों को राष्ट्रीय आपदा बताया. उन्होंने कहा, रामविचार नेताम गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे थे, जब उनका एक्सीडेंट हुआ था। थोड़ा सा बच गए नहीं तो उनके नाम पर एक यूनिवर्सिटी बनाना पड़ जाता. साइरस मिस्त्री अरबों खरबों के मालिक सिर्फ सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से चले गए.

हम किन कारणों से इसे अनिवार्य नहीं करना चाहते हैं?-अजय चंद्राकर

अजय चंद्राकर ने कहा, छत्तीसगढ़ में 2019-2024 तक सड़क दुर्घटना में 33 हजार मौतें हुईं। हेलमेट नहीं लगाने वालों के लिए दंड का प्रावधान सिर्फपांच सौ रुपए का जुर्माना है। एक लाख का जो मोटरसाइकिल ख़रीद सकता है वह हेलमेट भी ख़रीद सकता है। कामकाजी महिलाएं भी अब इस तरह की दुर्घटना की चपेट में आ रही हैं। हम किन कारणों से इसे अनिवार्य नहीं करना चाहते हैं? उन्होंने कहा, स्थिति भयावह होती जा रही है। इससे सरकार पर वित्तीय भार नहीं आएगा। ट्रैफ़िक्र के लिए कोई इंटीग्रेटेड सिस्टम नहीं है। ब्लैक स्पॉट भी इसके लिए जिम्मेदार है. इससे जो परिणाम निकल रहा है यह सिर्फ जनहानि है. इस पर किसी भी तरह का नियंत्रण नहीं है। इस वक्त हम एक ही काम कर सकते हैं कि हम खुद जागरूक हो जाए। सामाजिक आंदोलन हो. कैंपेन चलाया जाए।

बाइक खरीदी के साथ हेलमेट की खरीदी अनिवार्य हो : महंत

चंद्राकर ने कहा, मैं तीन महीने के लिए गृह मंत्री था। मैंने तत्कालीन डीजीपी को कहा था कि हेलमेट नहीं लगाने वालों के खिलाफ की गई रिपोर्ट की कॉपी हर दिन मेरे पास आए. हर शाम रिपोर्ट मुझ तक आ जाती थी. चीफ सेक्रेटरी ने चिट्ठी लिखी थी कि शासकीय सर्विस के लोग हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएंगे. बाकी लोग कीड़े मकोड़े हैं क्या? सवाल एक ही है कि जिंदगी बचानी है. ये सदन तय कर ले कि कोई नेता, कोई अफ्सर किसी को हेलमेट नहीं लगाने की वजह से होने वाली कार्रवाई से छुड़ाने के लिए फोन नहीं करेंगे।

सीट बेल्ट नहीं लगाने पर मंत्री, विधायक सबका कटे चालान : धर्मजीत

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, हेलमेट लगाए बगैर गाड़ी चलाने वाले और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. ये जनहित का मुद्दा है. इस अशासकीय संकल्प को पारित कर देना चाहिए. सभी बड़े लोगों की गाड़ियों के सीट में कवर लगा होता है. बेल्ट लगाने वाले कैसे लगाएंगे. ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। मंत्री की गाड़ी का चालान काटिये, एमएलए का चालान काटिए, अधिकारियों का चालान काटिए, थोड़ी सख्ती जरूरी है।

कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा, यह विषय जनता की सुरक्षा से जुड़ा है। ज्यादातर सड़क दुर्घटना तेज रफ़्तार में गाड़ी चलाने से होती है या फ़िर नशे की वजह से होती है। गांवों में ऐसा सोचा जाता है कि हेलमेट लगाने का कोई औचित्य नहीं है। सुरक्षा ज़्यादा जरूरी है. यह सभी की जिम्मेदारी है. हेलमेट की वजह से मैं दो बार बाइक एक्सीडेंट में बचा हूं. स्कूल कॉलेज के बच्चों, कार्यक्षेत्र में काम कर रहे लोगों को हेलमेट लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए.

बाइक की बिक्री तभी हो जब हेलमेट पास हो : महंत

भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहिले ने कहा, एक घटना परिवार के लिए दुख का कारण बन सकती है. मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट अनिवार्य करने के इस प्रस्ताव का समर्थन किया जाना चाहिए। भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ को 25 साल हो गए हैं, लेकिन राज्य की यातायात व्यवस्था आज तक नहीं सुधरी है। ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए. नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा, यदि मोटरसाइकिल बेचने वाली कंपनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया जाए कि उसकी बिक्री तब होगी जब हेलमेट लिया जाएगा।

बड़ी जीत के बाद जनप्रतिनिधि जवाबदेही ना भूलें : नितिन नबीन

नितिन नबीन बोले- जीत के बाद प्रतिनिधि जवाबदेही ना भूलें

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत इस बात की प्रतीक है कि हमारी पहचान कमल का निशान हैं। आज ऐतिहासिक सफ्लता के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी जवाबदेही को नहीं भूलें. छत्तीसगढ़ में भाजपा की सफ्लता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को देते हुए नबीन ने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते जनता की बात सुनें, उनकी समस्याओं के निदान में प्रामाणिकता का परिचय दें. नबीन शुक्रवार को कुशाभाऊ परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे. बैठक में प्रदेश कार्यसमिमि सदस्य, संभाग प्रभारी, सह प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, सह प्रभारी, जिलाध्यक्ष, निवृत्तमान जिलाध्यक्ष, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, सभी मोर्चों के प्रदेश संयोजक, सह संयोजक, सभी महापौर, सभापति, नपा-नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे. भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में पंचायत से लेकर सांसद तक है. जन प्रतिनधि यह बात हमेशा ध्यान रखें कि हमें अनुशासन पर ध्यान देना होगा. पार्टी के निर्णय को सहज स्वीकार करें. इसमें उनका ही लाभ है. आप सभी जनप्रतिनिधियों के समक्ष अब भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रध्देय अटलजी के सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने व संवारने की गहन जिम्मेदारी है. नबीन ने प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास में सबकी सहभागिता हो और यह कार्यक्रम भव्य हो इसके लिए कार्यकर्ताओं का आवाहन किया.

न्यूज गैलरी

छोटे डिजिटल पेमेंट पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला, आप पर कैसे पड़ेगा असर ?

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने छोटे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। यह योजना विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को लाभान्वित करेगी और इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान की पहुंच को बढ़ाना है। मंत्रिमंडल द्वारा जारी बयान के अनुसार, 'कम वैल्यू वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) प्रोत्साहन योजना' को 1,500 करोड़ की अनुमानित लागत से लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत, केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 तक के यूपीआई लेनदेन को शामिल किया गया है। सरकार छोटे व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2,000 तक के प्रत्येक लेनदेन पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इस पहल का मुख्य लक्ष्य व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ को कम करते हुए डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल का मानना है कि यह प्रोत्साहन योजना छोटे व्यवसायों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से लेनदेन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। यह कदम सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान को और मजबूत करेगा।

इंडसइंड बैंक ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की जांच के लिए स्वतंत्र फर्म को किया नियुक्त

नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की जांच के लिए एक स्वतंत्र पेशेवर फर्म को नियुक्त किया है। पिछले सप्ताह बैंक ने जानकारी दी थी कि उसने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की पहचान की है, जिसका दिसंबर 2024 तक उसके नेटवर्थ पर लगभग 2.35 प्रतिशत प्रभाव पड़ सकता है। स्टॉक एक्सचेंजों को दिए गए एक नए बयान में बैंक ने कहा कि स्वतंत्र फर्म हाल ही में पेश की गई लेखांकन विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने के लिए एक बड़े स्तर पर जांच करेगी।फर्म अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स को लेकर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के अकाउंटिंग ट्रीटमेंट के सही या गलत होने और इसके प्रभाव का आकलन करेगी। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया, 10 मार्च 2025 को बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़े अकाउंट बैलेंस को लेकर बैंक द्वारा पहचानी गई कुछ विसंगतियों की एक बाहरी एजेंसी द्वारा चल रही समीक्षा की जानकारी दी थी। बैंक ने कहा था कि एक बार रिव्यू पूरा हो जाने पर यह अपने फाइनेंशियल स्टेटमेंट पर पड़ने वाले किसी भी परिणामी प्रभाव की जानकारी खुद ही देगा।इसके अलावा, निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में एक स्वतंत्र पेशेवर फर्म को नियुक्त करने का फैसला किया था। फर्म को विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने, अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स को लेकर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के अकाउंटिंग ट्रीटमेंट के सही या गलत होने; इसके प्रभाव का आकलन करने, किसी भी चूक की पहचान करने और जवाबदेही के लिए एक बड़ी जांच करने के उद्देश्य से नियुक्त किया जाना तय हुआ था। बैंक ने पहले कहा था कि बैंक के इंटरनल रिव्यू की फाइंडिंग्स की जांच के लिए एक बाहरी एजेंसी काम कर रही है।

प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा लगातार ध्यान देने से इस क्षेत्र में विकास को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद

2024 में भारत के वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 203 प्रतिशत बढ़ा निवेश

नई दिल्ली। इंडियन वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को 2024 में 1.96 बिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ, जो पिछले साल रियल एस्टेट सेक्टर में प्राप्त कुल संस्थागत निवेश का 29 प्रतिशत है। गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्विक कॉमर्स सेक्टर के तेजी से विस्तार के बीच वेयरहाउस की बढ़ती मांग के कारण इस सेक्टर में निवेश प्रवाह सालाना आधार पर 203 प्रतिशत तक बढ़ गया।

नतीजतन, मांग में इस उछाल के परिणामस्वरूप 2024 में 44.9 मिलियन वर्ग फीट (वर्ग फीट) का रिकॉर्ड अब्सॉर्प्शन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2024 की दूसरी छमाही में ही 28.3 मिलियन वर्ग फीट अब्सॉर्प्शन देखा गया, जो कि 2024 की पहली छमाही की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि है और किसी एक कैलेंडर वर्ष में दर्ज किया गई अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा, निवेशकों की सकारात्मक भावनाओं, केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषणाओं और मजबूत घरेलू मांग के कारण भारत की स्थिति एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में मजबूत होने वाली है। मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा लगातार ध्यान देने से इस क्षेत्र में विकास को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। 2024 में अब्सॉर्प्शन का एक बड़ा हिस्सा थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स कंपनियों में केंद्रित था, जो कि पैन-इंडिया अब्सॉर्प्शन का 33 प्रतिशत था। इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 2023 में 18 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 24 प्रतिशत हो गई, जो कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और 'मेक इन इंडिया' अभियान जैसी विभिन्न सरकारी पहलों की वजह से था। मुंबई ने 2024 में 18.6 मिलियन वर्ग फीट का उच्चतम अब्सॉर्प्शन रिकॉर्ड किया, इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई।अब्सॉर्प्शन में वृद्धि का श्रेय नवी मुंबई हवाई अड्डे के माध्यम से बेहतर इंटरसिटी कनेक्टिविटी और प्रमुख टियर-1 शहरों में क्विक कॉमर्स में वृद्धि को दिया जा सकता है। पुणे के अब्सॉर्प्शन में 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो टॉप सात शहरों में सबसे अधिक वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के दौरान चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में पैन इंडिया अब्सॉर्प्शन का 15 प्रतिशत हिस्सा था, जो एक साल पहले 22 प्रतिशत से गिरावट दर्शाता है।

निर्यात लगभग 340 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें आईटी और आईटीईएस का योगदान 200 बिलियन डॉलर

आईटी सेक्टर को 450 बिलियन डॉलर सेवा निर्यात के लक्ष्य तक पहुंचाएंगे एमएसएमई

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एमएसएमई के नेतृत्व में आईटी सेक्टर अगले वित्त वर्ष में 450 बिलियन डॉलर के सेवा निर्यात लक्ष्य तक पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की आर्थिक वृद्धि में आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विसेज (आईटीईएस) सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले साल सर्विस सेक्टर का निर्यात लगभग 340 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें आईटी और आईटीईएस का योगदान लगभग 200 बिलियन डॉलर रहा। इस साल, सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) 380 बिलियन डॉलर से 385 बिलियन डॉलर के बीच पहुंचने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक उपस्थिति और मजबूत होगी। नैसकॉम द्वारा आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को बढ़ाने में इनोवेशन और अनुकूलनशीलता की अहम भूमिका है। केंद्रीय मंत्री ने अमृत काल में देश के आर्थिक परिवर्तन के प्रमुख कारकों के रूप में भारत के आईटी सेक्टर और एमएसएमई में विश्वास की पुष्टि की, जो एक विकसित और समृद्ध भारत की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नैसकॉम की प्रशंसा की, जिसमें कहा गया कि आईटी सेक्टर क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीकों को अपनाकर लगातार आगे बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने देश के एक विशाल टैलेंट पूल का लाभ उठाते हुए भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को आकर्षित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। टैलेंट को विदेश में रिलोकेट करने के बजाय भारत से संचालन करने के लिए व्यवसायों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी और घरेलू आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और बढ़ते उपभोग स्तरों पर चर्चा करते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने आईटी-आधारित विकास के लाभों को रेखांकित किया, जिसमें कमर्शियल रियल एस्टेट, हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग शामिल है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा, नैसकॉम इस बदलते दौर में काफी अहम भूमिका निभा रहा है। उसे आईटी प्रोफेशनल के कौशल को मांझने के लिए ट्रेनिंग जारी रखनी चाहिए।केंद्रीय मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय संबंधों के माध्यम से वैश्विक भागीदारी का विस्तार करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय संबंधों के माध्यम से वैश्विक भागीदारी का विस्तार करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

एयरटेल की सबसे किफायती अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ दुनिया भर में उठाएं निर्बाध कनेक्टिविटी का मजा

नई दिल्ली। एयरटेल के अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ इस पर्यटन सीजन के दौरान, ग्राहक 180 से अधिक देशों में निर्बाध कनेक्टिविटी का आनंद उठा सकते हैं। ये प्लान ग्राहकों को कनेक्टिविटी संबंधी सभी चिंताओं से मुक्त दुनिया भर में यात्रा करने की आजादी देता है। मात्र 133 रुपये प्रतिदिन से शुरू होने वाले प्लान के साथ, एयरटेल 180 से अधिक देशों में निर्बाध वॉयस और हाई-स्पीड डेटा कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए यात्रियों को किफायती सुविधा प्रदान कर रहा है।

एयरटेल के बेहतर डेटा लाभ, इन-फ़्लाइट कनेक्टिविटी और चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता सुविधाएं, उपयोगकर्ता अनुभव को और भी बेहतर बना देते हैं। सरलता और सुविधा के महत्व को समझते हुए, एयरटेल ने ग्राहकों को अलग-अलग गंतव्यों वाले देशों के लिए कई पैक लेने की आवश्यकता से आजादी दिलाते हुए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 07701-233830 ई-मेल :- cmognawapara@gmail.com
क्रमांक/1275/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 गोबरा नवापारा, दिनांक 20.03.2025

// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा क्षेत्रांतर्गत अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन/मरम्मत संधारण निधि अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में छोटे-छोटे लघुगौण निर्माण/मरम्मत संधारण कार्य कराया जाना है उपरोक्त कार्य CGPWD Road and Building SOR 2015 & Electrical SOR 10.06.2020 से किया जाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद लिफाफे में रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट (डाक) के माध्यम से मैनुअल पद्धति से निविदा से दिनांक 11.04.2025 आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा जारी होने की तिथि - 20.03.2025
2. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 27.03.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 03.04.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 11.04.2025 (सायं 5.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि - 14.04.2025 (सुबह 11.00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम	अनु. ला. राशि रु. (लाख में)
1	2	3
01	वार्ड क्र. 01 से 07 तक सी.सी. रोड/नाली/भवन एवं अन्य छोटे-छोटे लघुगौण निर्माण/मरम्मत संधारण कार्य	19.00
02	वार्ड क्र. 08 से 14 तक सी.सी. रोड/नाली/भवन एवं अन्य छोटे-छोटे लघुगौण निर्माण/मरम्मत संधारण कार्य	19.00
03	वार्ड क्र. 15 से 21 तक सी.सी. रोड/नाली/भवन एवं अन्य छोटे-छोटे लघुगौण निर्माण/मरम्मत संधारण कार्य	19.00

निविदा प्रपत्र निकाय से प्रदाय किया जायेगा। उपरोक्त निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी, कार्यालय अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
संक्षिप्त जोनल निविदा सूचना क्रमांक-21

क्रमांक/539/वलेलि/ग्रायांसेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 17.03.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा आमंत्रण
विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग छुरिया अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 उपसंभाग छुरिया, अ. चौकी, मोहला, मानपुर कुल 4 स्थानों पर	प्रत्येक कार्य का लागत 40.00	**प्रथम बार**

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstae.gov.in में दिनांक 18.03.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 01.04.2025 सायं 5.30 तक है।

जी-242506072/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- राजनांदगांव

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18520 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446G00255 जो कि निगम अभिलेख श्री /श्रीमती GYANESH KUMAR AACHARYA पिता/पति श्री SHRI RAM AACHARYA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. VANDITA JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI SUMIT KUMAR JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18516 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446G00025 जो कि निगम अभिलेख श्री /श्रीमती SURESH CHANDRA पिता/पति श्री LT. S.K. के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. TRIPTI TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI ASHISH TIWARI AND D/O SHRI SURESH CHANDRA SHUKLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत दानपत्र**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19188 दिनांक 19.03.2025
वार्ड का नाम- 19- डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N01050 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती CHURAVAN SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Gita bai sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Bhuneshwar Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ .../ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19218 दिनांक 20.03.2025
वार्ड का नाम- 19- डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802B00862 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ARJUN SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SUKHRAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Uday Kumar dhiwar पिता/पति श्री/श्रीमती LT. Tiharu Ram Dhiwar ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा व शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

एमसीए ने दिलीप वेंगसरकर, डायना एडुल्जी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया

मुंबई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने गुरुवार को दिग्गज क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी को खेल में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। वेंगसरकर और एडुल्जी ने न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासकों के रूप में भी मुंबई और भारतीय क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें मुंबई के बीकेसी में शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी और मनोरंजन केंद्र में आयोजित एक शानदार वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया, जहां एमसीए ने शहर की क्रिकेट एक्सीलेंस का जश्न मनाया और 2022-23 और 2023-24 सत्रों के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन और महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार के साथ-साथ एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक और शीर्ष परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।1983 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, वेंगसरकर ने 10 टेस्ट और 18 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और बाद में एमसीए के उपाध्यक्ष और बीसीसीआई की चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एडुल्जी, जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर 17 साल से अधिक समय तक चला, ने भारत में महिला क्रिकेट की स्थापना और प्रचार में अग्रणी भूमिका निभाई।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-: सार्वजनिक सूचना :-
क्रमांक 923/भू-अर्जन/अ/82/वर्ष 2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 17/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना (द्वितीय चरण) मुख्य नगर निर्माण हेतु ग्राम वटगन प.ह.नं. 20 तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, महानदी जलाशय परियोजना, द्वितीय चरण कार्य, संभाग रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किऐ जाने पर विचार किया जा रहा है।

स.क्र.	भू-स्वामी का नाम	ख.नं.	कुल रकबा	अर्जित रकबा	भूमि का किस्म
01.	मयाराम पिता हरनाथ जाति कुर्मी	1030/2	0.063	0.016	सिंचित धनहा
02.	फागूराम पिता हरनाथ जाति कुर्मी	1030/5	0.062	0.024	सिंचित धनहा
03.	दयाराम पिता हरनाथ जाति कुर्मी	1030/4	0.062	0.024	सिंचित धनहा
04.	उमेश, जगदीश पिता बसावन यदु	831/15	1.472	0.611	सिंचित धनहा
05.	गायत्री बेवा मोहनलाल, जगदीश, कृष्ण कुमार, पुष्पा पिसरान मोहनलाल जाति मरार	884/3 885/1	0.065 0.207	0.065 0.021	सिंचित धनहा
06.	भूरीबाई पिता रमेशर जाति कुर्मी	878/3	0.456	0.109	सिंचित धनहा
07.	कमलेश, योगेश, रेखा, रेणु पिता पोखनलाल, सत्यभामा पति पोखनलाल	886/2	0.202	0.089	सिंचित धनहा
08.	पुरूषोत्तम पिता हीराराम जाति कुर्मी	851/5	0.186	0.186	सिंचित धनहा
09.	योगेश कुमार, डामनलाल पिता रामविशाल जाति कुर्मी	385/2	1.323	0.226	सिंचित धनहा
10.	सुरेन्द्र पिता सुकलाल जाति तेली	884/1	0.027	0.027	सिंचित धनहा
11.	सोनिया, लखनी, सरोजनी पिता हीराराम जाति कुर्मी	851/8 851/9	0.117 0.120	0.117 0.120	सिंचित धनहा
	योग	**13**	**4.362**	**1.635**	**सिंचित धनहा**

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ भू-अर्जन अधिकारी, पलारी के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उसके पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जी-242506084/2

कलेक्टर
बलौदाबाजार-भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ----
ग्राम पाररास
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशादेवी भारद्वाज पति श्री राममूरत भारद्वाज निवासी ग्राम वार्ड नं. 15 दल्लीराजहरा शहीद गैरेज के पीछे तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा ग्राम पाररास प.ह.नं. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 732/17 रकबा 0.044 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.044 हे गैर कृषि प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी को व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 02/04/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. --- ग्राम पाररास
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कविता नरेन्द्र पाटिल पति श्री नरेन्द्र पाटिल निवासी ग्राम वार्ड नं. 10 इंदिरा कालोनी चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा ग्राम पाररास प.ह.नं. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 732/16 रकबा 0.044 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.044 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 02/04/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/25 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. --- ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक असलम तिगाला पिता मो. हुसैन तिगाला निवासी ग्राम बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 760/9 रकबा 0.02 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 16/04/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/25 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. 19/03/25
ग्राम झलमला तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष गोयल पिता श्री मदनलाल गोयल निवासी ग्राम संजय नगर बालोद वार्ड नं. 04 तहसील व जिला बालोद द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 1203/38 रकबा 0.0136 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.0136 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 02/04/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/25 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला बालोद

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय केशरवानी पिता सुनील केशरवानी निवासी ग्राम देवकर जिला बेमेतरा द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम नरधी तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 1008 रकबा 0.15 हे. को औद्योगिक फ्लोर मिल प्रयोजन हेतु व्यवपर्तन करने आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 07/04/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19265 दिनांक 21.03.2025
वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहर लाल नेरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802F00351 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती EJAJ KAISER पिता/पति श्री/श्रीमती MF AHMAD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती laxmi narayan dewangan पिता/पति श्री/श्रीमती prahlad kumar dewangan ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कोल डस्ट से हो रही गंभीर बीमारियां, ग्रामीणों ने पर्यावरण अधिकारी को लिखा पत्र

कोरबा/नवप्रदेश। साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) की दीपका कोयला खदान से निकलने वाली कोल डस्ट के कारण सिरकी खुर्द के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने अपने क्षेत्रीय अधिकारी से प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने उपसरपंच कमलेश्वरी दिव्या और ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के दीपका इकाई अध्यक्ष प्रकाश कोर्राम के नेतृत्व में यह ज्ञापन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी को प्रस्तुत किया। ज्ञापन में कहा गया कि कोल डस्ट के कणों से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो रहा है।

गांव में प्रदूषण का स्तर बढ़ा

ग्रामीणों ने एसईसीएल के प्रबंधन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि कोयला गाड़ियों से निकलने वाली धूल की वजह से उनके गांव में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है, और इससे गांव में रहने वाले लोग सांस की बीमारियों, अस्थमा, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि एसईसीएल को अपनी कोल गाड़ियों के संचालन में सुधार करना होगा ताकि प्रदूषण का स्तर कम किया जा सके। साथ ही, अधिकारियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे इस मुद्दे पर जल्द से जल्द कार्यवाही करें और जहर से भरी कोल डस्ट के प्रभाव को नियंत्रित करने के उपाय करें।

ग्रामीणों ने लगाए कई आरोप

साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) दीपका परियोजना के विस्तार को लेकर प्रशासन और प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल द्वारा अपने मिलियन टन कोयला उत्पादन के टारगेट को पूरा करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं, जिससे कई गांवों को विलोपित कर दिया गया है और ग्रामीणों के बीच मतभेद पैदा किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, एसईसीएल ने गांव के देवस्थल और समुदायों की आस्था को भी नजरअंदाज किया है।

कई तरह की बढ़ी मुश्किलें, पूरे गांव में प्रदूषण के प्रकोप ने पसारा पैर



प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं

सिरकी खुर्द ग्राम की नवनिर्वाचित उपसरपंच कमलेश्वरी दिव्या ने बताया कि दीपका से प्रतिदिन हजारों कोयला गाड़ियां श्रमिक चौक दीपका से गांधीनगर-बतरी मार्ग होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दीपका प्रबंधन कोल डस्ट से संबंधित पर्यावरणीय अधिनियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहा है और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

कई बार दीपका प्रबंधन को लिखित और मौखिक शिकायतें दी गई हैं, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की अनदेखी की जा रही है। नतीजतन, गांव के बच्चे और महिलाएं गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उनका कहना है कि एसईसीएल ने ग्रामवासियों के मुआवजा, रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था के लिए एक भी कदम नहीं उठाया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से दीपका क्षेत्र की हवा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है, जिससे क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे का सामना हो रहा है। इस गंभीर स्थिति के बीच, ग्रामीणों ने प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

ग्रामीणों को हो रही है कई तरह की समस्याएं

इस बीच, ग्रामवासियों की समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं और वे अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। ग्रामीणों ने दीपका प्रबंधन से प्रदूषण को नियंत्रित करने, मुआवजे की व्यवस्था करने और पुनर्वास की प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की है। कुछ दिन पहले किए गए सर्वेक्षण में सामने आया है कि दीपका क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच चुका है। सर्वे के अनुसार, दीपका में पीएम 2.5 का स्तर 374 और पीएम 10 का स्तर 411 तक पहुंच गया है, जो वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहद खतरनाक है। जैसे ही शाम हुई, पूरा क्षेत्र धुंध और धूल की चादर में समा गया, जिससे स्थानीय निवासियों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्याएं होने लगीं।

लोगों के सुरक्षा के लिए उठाएं सख्त कदम

प्रकाश कोर्राम ने यह भी कहा कि दीपका प्रबंधन और अधिकारियों द्वारा पर्यावरण अधिनियम के कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस प्रकार का लापरवाह रवैया जारी रहा, तो उनकी समिति उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। ग्रामीणों की मांग है कि दीपका प्रबंधन तत्काल प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को लागू करें और क्षेत्रीय निवासियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए।

संक्षिप्त खबरें

शीतला सप्तमी पर कुलेश्वरनाथ भगवान का अलौकिक श्रृंगार

राजिम/नवप्रदेश। त्रिवेणी संगम स्थित कुलेश्वरनाथ भगवान का शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर विभिन्न फूलों से हुआ अलौकिक श्रृंगार। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ जुटी।

राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा की जांच करेगी ईओडब्ल्यू

रायपुर/नवप्रदेश। पटवारी राजस्व निरीक्षक पदोन्नति विभागीय परीक्षा 2024 में गड़बड़ी की शिकायत की जांच अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) करेगी। शिकायत के मुताबिक, पदोन्नति परीक्षा में 22 सगे-संबंधियों को आसपास रोल नंबर आवंटित कर परीक्षा में बिठाया गया था. संबंधियों में पति-पत्नी और साली भी शामिल बताए गए थे। परीक्षार्थी सचिव राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर चयनित भी हुए। इस मामले में राज्य शासन की ओर से जांच समिति का 23 अगस्त 2024 को गठन हुआ था. इसके बाद अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को पत्र लिखा गया है।

8 बाइकर्स की दो बाइकों से भिड़ंत, डेढ़ साल के मासूम समेत 3 की मौत

बालोद/नवप्रदेश। तेज रफ्तार के चलते डेढ़ साल के मासूम समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 4 बाइक पर सवार 8 लोग तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए बालोद से धमतरी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आरहे 2 बाइकों के साथ उनकी भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, सभी बाइकर्स बालोद से धमतरी की ओर तेज रफ्तार में जा रहे थे, इसी दौरान एक दंपत्ति अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ सामने की तरफ से बाइक पर आ रहे थे, जिनसे तेज रफ्तार में जा रहे बाइकर्स जा टकराए। इसके बाद एक और बाइक से टकराए जिसमें 2 ग्रामीण सवार थे. इस हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई और दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलवा दूसरी बाइक पर सवार दोनों ग्रामीणों की भी मौत हो गई। वहीं स्टंट कर रहे 3 बाइकर्स को भी गंभीर चोट आई है. यानी कुल 3 लोगों की मौत और 5 लोग घायल हो गए। यह पूरा हादसा केवल तेज रफ्तार और स्टंट करने के चलते हुआ, जिसकी कीमत बेगुनाह अलग-अलग परिवारों को अपनों को खो कर चुकाना पड़ा। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मौसम का बिगड़ा मिजाज गरज-चमक के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। मौसमी गतिविधियों के कारण छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर मौसम प्रभावित होगा। पूरे छत्तीसगढ़ में 21 और 22 मार्च को गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि हो सकती है। 23 मार्च से मेघ गर्जन की गतिविधि में कमी आने की संभावना है, जिससे मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने लगेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ में इस समय गर्मी का दौर जारी है। कई हिस्सों में गर्मी तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। लेकिन इसी बीच मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए मौसम में बदलाव होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक, अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में प्रदेश के तापमान में गिरावट आ सकती है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। प्रदेश में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 3.1 किमी ऊंचाई पर 70ए पूर्व और 30ए उत्तर अक्षांश के साथ मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। इसके अलावा, एक द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश से ओडिशा तक 0.9 किमी ऊंचाई तक फैली हुई है।



मार्च में ही जीवनदायिनी महानदी सूखे की चपेट में

रेत खदान पानी के प्रवाह को कर रहा बाधित, लोग गंदे पानी से निस्तारी को मजबूर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा राजिम क्षेत्र में महानदी की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। नदी क्षेत्र में बसे होने के बाद भी गंभीर जल संकट का सामना क्षेत्र वासियों को करना पडता है । अभी मार्च महिना ही चल रहा है और नदी पूरी तरह से सूखी नजर आ रही है। नदी पूरी तरह मैदान में तब्दील हो चुकी है। जबकि अभी गर्मी की केवल शुरुवात है। समय बढ़ने के साथ गर्मी भी अपना रौद्र रूप दिखाएगी ।

जल संकट आज एक गंभीर समस्या बन गया है, जिसका कारण जलवायु परिवर्तन, अधिक जनसंख्या और पानी का अपव्यय है। कई क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता कम हो रही है, जिससे कृषि, परिवहन और पीने के पानी की आपूर्ति लगातार प्रभावित होती जा रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए जल संरक्षण, सही प्रबंधन और पुनर्चक्रण जैसे उपायों की आवश्यकता है। इसके साथ ही व्यापक जन जागरूकता बढ़ाना भी अत्यंत आवश्यक है ताकि लोग जल के महत्व को समझें और उसके संरक्षण में योगदान दें।

रेत खदानों से हो रहा नदियों को भारी नुकसान

रेत खदान संचालक भी अपने निजी लाभ के लिए नदियों के पानी को रोकते है, जिसके चलते जल स्तर में गिरावट और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हो रहा है। यह न केवल नदी के जल स्तर को घटाता है, बल्कि नदी के किनारे की मिट्टी और जीवों को भी नुकसान पहुंचाता है। रेत खनन से जल प्रवाह में रुकावट आती है, जिससे बाढ़ और सूखे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा यह स्थानीय पर्यावरण भी प्रभावित होता है, जैसे कि जलीय जीवों की प्रजातियों में कमी और जल गुणवत्ता में गिरावट। इसके परिणामस्वरूप, स्थानीय समुदायों को जल संकट एवं कृषि में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

शहर की जीवनदायिनी महानदी नदी पर ऊपर छोर से नीचे तक कई रेत खदाने संचालित है जिसमें दुलना, तर्री, लखना, कोलियारी, चंपारण, टीला, सेमरा सहित अन्य रेत घाटों से प्रतिदिन सैकड़ों हाइवा रेत निकाला जा रहा है। रेत निकालने के लिए गाड़ियों को नदी में घुसाया जा रहा है और नदियों की धार को बाधित करते हुए रेत निकालने का काला धंधा जोरों पर चल रहा है। कुछ जगहों पर तो पनडुब्बी मशीन लगाकर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए है ये पानी के प्रवाह को तो बाधित कर ही रहे है साथ ही साथ भूजल के स्तर को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रहे है।

क्षेत्र वासियों की प्यास बुझाने महानदी से पूरे क्षेत्र में पानी की सप्लाई होती है। शहर से 17 किमी दूर अभनपुर और नवापारा सहित क्षेत्र में पानी की सप्लाई के लिए ग्राम दुलना में एनिकट के पास इंटकवेल बनाया गया है। जहां से पाइप लाइन के जरिए पानी फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जाता है और यहां से पूरे शहर में सप्लाई होती है। दुलना में जिस स्थान पर रेत खनन हो रहा है वह इंटकवेल से 300 मीटर नीचे की ओर है। इसलिए एनिकट में भी पर्याप्त पानी नहीं भर पाता है। इसके बाद तो पानी का प्रवाह नीचे नवापारा राजिम क्षेत्र की ओर बढ़ ही नहीं पा रहा है।

जिससे नवापारा राजिम क्षेत्र के लोगों को निस्तारी के लिए भी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पानी का प्रवाह नहीं होने से लोग रुके हुए गंदे और बदबूदार पानी में निस्तारी करने के लिए मजबूर हो रहे है।

पर्यावरण पर प्रभाव

रेत खनन से नदी के तल में बदलाव होता है, जिससे जल स्तर कम हो जाता है, प्रवाह कम हो जाता है। नदी के तल में परिवर्तन से बाढ़ के दौरान अतिरिक्त पानी को अवशोषित करने की जलक्षेत्र की क्षमता कम हो जाती है। रेत खनन से पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अवैध रेत खनन से सरकारी खजाने को भी नुकसान होता है। रेत खनन से नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान होता है। जिससे मछलियों और अन्य जलीय जीवों की आबादी प्रभावित होती है। रेत खनन से भूजल के पुनर्भरण पर भी असर पड़ता है।

चरवाहे को बंधक बनाकर 91 बकरे-बकरियों की चोरी

■ **14 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले से एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है. बलंगी पुलिस चौकी क्षेत्र में लुटेरों ने दिनदहाड़े एक चरवाहे को बंधक बनाकर 91 बकरों और बकरियों को लूट लिया। इस घटना ने न केवल क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अब लुटेरे गहने, पैसे और गाड़ियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि जानवरों को भी निशाना बना रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 7 मार्च दोपहर 12 बजे की है, जब पटेवा जंगल में रहने वाले रामकैलाश पाल अपने 41 बकरों और गांव के अन्य लोगों के पालतू पशुओं को चराने जंगल गया था. तभी कुछ अज्ञात लुटेरों ने उस पर हमला कर दिया। लुटेरों ने अकेला पाकर पहले रामकैलाश को बेरहमी से पीटा और फिर बंधक बनाया। उसके बाद आरोपी 91 बकरों-बकरियों को लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जांच शुरू तो कर दी, लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर अब पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में एडिशनल एसपी ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और साइबर टीम की मदद से मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. जल्द ही सफलता पुलिस को मिल जाएगी।

सटोरियों और खाईवालों का नया मुख्यालय बना तिल्दा

आईपीएल से पहले राजधानी के सटोरियों ने बदले ठिकाने

रायपुर से बड़ा सट्टा तिल्दा नेवरा में, पूरे प्रदेश में खाईवाल और बुकी सक्रिय

पलाश तिवारी

रायपुर / नवप्रदेश। रायपुर जिले का औद्योगिक क्षेत्र माना जाने वाला तिल्दा नेवरा के सटोरियों और खाईवालों ने राजधानी के सटोरियों को पीछे छोड़ दिया है। एक तरफ जहां रायपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की मुस्तैदी के चलते यहां के सटोरियों और खाईवालों में डर का माहौल बना हुआ है तो वहीं दूसरी ओर तिल्दा नेवरा के रसूखदारों की सट्टे बाजार में तूती बोलने लगी है। पिछले कुछ सालों से तिल्दा के सटोरियों ने राजधानी के कुछ बड़े खाईवालों पर पुलिसिया कार्रवाई के बाद से सट्टा बाजार में अपना वर्चस्व कायम कर लिया है। महादेव सट्टा घोटाले के कई तार तिल्दा नेवरा के सटोरियों और खाईवालों से भी जुड़े हुए पाए गए, लेकिन उनपर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की गई। बताया जाता है कि तिल्दा के रसूखदार सटोरिये रोजाना ऑनलाइन सट्टा खिलवा कर लगभग 2 करोड़ रूपए की हेराफेरी कर रहे हैं। वहीं आईपीएल शुरू होते ही इनके इस अवैध कारोबार में भारी मुनाफा होने के भरपूर आसार हैं जिसका कारण रायपुर के सटोरियों के ग्राहक उनकी ओर चले जाना बताया जा रहा है।

राजधानी के बड़े सटोरियों का नया ठिकाना

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के बड़े सटोरियों ने आईपीएल शुरू होने से ठीक पहले ऑनलाइन सट्टे के संचालन के लिए यहाँ की पुलिस के डर से अपना ठिकाना बदल लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सटोरियों ओर खाईवालों का इस बार के नए ठिकाने में 2 अन्य राज्य शामिल हुए हैं। सटोरियों ने इस बार यूपी, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा समेत ओडिशा और यूपी-बिहार बॉर्डर को अपना नया ठिकाना बनाया है। वहीं अगर बात की जाए तिल्दा नेवरा के सटोरियों की तो अधिकांश खाईवाल अपने रसूखदार और प्राप्त राजनैतिक संरक्षण के चलते राजधानी से ठीहा बदल कर अब आनलाइन सहित लोकल सट्टा ऑपरेट कर रहे हैं।

शिकंजा कसने एसपी का फरमान

इस मामले में रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह का कहना है कि रायपुर समेत जिले के हर सटोरियों और खाईवालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। पुलिस को जो भी सुचना मिलेगी उसपर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों और क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। साथी ही इस बार जो भी सट्टा खिलाते हुए पाया जाएगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तिल्दा में तीन एप में चल रहा सट्टा

विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा में गणपति एप, गजानंद एप, और रिषु एप की सबसे ज्यादा डिमांड है। सूत्रों की माने तो रोजाना इन तीन सट्टा बुकों में करोड़ों का दांव लगाया जाता है। वहीं इन सट्टा ऐप का संचालन गोवा और दुबई से सीधे तौर पर किया जाता है। तिल्दा नेवरा के रसूखदार सटोरिये इन सट्टा बुकों की फ्रेंचाइजी लेकर रायपुर भाटापारा बिलासपुर समेत आईडी पासवर्ड बांट कर करोड़ों रूपए की कमाई करते आ रहे हैं। वहीं सूत्रों की माने तो इन सटोरियों के पीछे कुछ बड़े लोगों का हाथ होना बताया जाता है जिसके एवज में उन्हें भी कमीशन के तौर पर अच्छी खासी मोटी रकम का मुनाफा पहुंचाया जाता रहा है।

एक्शन प्लान... शहर के विकास के लिए सभी वार्डों में होगी अर्बन प्लानिंग कंसल्टेंट की नियुक्ति

रायपुर नगर निगम की नवनियुक्त एमआईसी की पहली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सदन के सभाकक्ष में नगर निगम परिषद (एमआईसी) की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, नवनियुक्त एमआईसी सदस्य और सभी विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में निगम के वित्त लेखा और अंकेक्षण विभाग द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान एवं 2024-25 के पुनरीक्षित बजट पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से बजट अनुमोदन की सिफारिश करते हुए इसे सामान्य सभा में विचारार्थ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

पॉलीथिन प्रतिबंध पर सख्ती के निर्देश : महापौर मीनल चौबे ने रायपुर में पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर प्रतिबंधित पॉलीथिन पर प्रभावी रोक लगाने और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए. उन्होंने नागरिकों को कपड़े, जूट, कांच एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया।

पहली बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा : इस पहली बैठक में रायपुर नगर निगम के बजट, म्युनिसिपल बांड, वार्ड एक्शन प्लान और पर्यावरण सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिससे शहर के विकास को गति मिलेगी।

225.71 करोड़ के म्युनिसिपल बांड पर चर्चा : एमआईसी ने 225.71 करोड़ रुपये के म्युनिसिपल बांड जारी करने की अनुमति के संबंध में प्रस्ताव पर विचार किया और आवश्यक निर्देश दिए.

नगर निगम के लोककर्म विभाग द्वारा प्रस्तावित 70 वार्डों के लिए वार्ड एक्शन प्लान तैयार करने हेतु अर्बन प्लानिंग कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए आरएफटी (रिक्वेस्ट फॉर टेंडर) की स्वीकृति पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com